ईश्वर में हमारा विश्वास

सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



बॉलीवुड को एल्विश यादव जैसे हीरो की ... पेज 10 पर

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 11 ● विक्रम संवत 2080 ● रविवार, 10 सितम्बर 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-325 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

## NEWS इन ब्रीफ

### जेएसएससी ने 444 पदों पर निकाली वैकेंसी

**रांची।** झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) ने झारखंड महिला पर्यवेक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के लिए आवेदन मांगा है। कुल 444 पदों के लिए रिक्तियां निकाली गई हैं। जिसमें अनारक्षित 187, अनुसूचित जनजाति के लिए 101, अनुसूचित जाति के लिए 35, अत्यंत पिछड़ा वर्ग-1 के लिए 42, पिछड़ा वर्ग- 2 के लिए 35, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 44 पद हैं। इसके लिए सामान्य वर्ग के लिए परीक्षा शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए 50 रुपये परीक्षा शुल्क निर्धारित किया गया है। परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन भरा जाएगा। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा। 31 अक्टूबर से आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी जो 2 नवंबर तक चलेगी।आवेदन प्रक्रिया 26 सितंबर से शुरू होगी और आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। परीक्षा शुल्क भुगतान करने के लिए 27 अक्टूबर तक का समय निर्धारित किया गया है। वहीं फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने, आवेदन पत्र का प्रिंट आउट लेने के लिए 29 अक्टूबर तक का समय निर्धारित किया गया है।

### हाईकोर्ट ने एनसीबी का आठ साल पुराना फर्जी केस किया निरस्त, याचिकाकर्ता रिहा

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के रांची में दर्ज एक केस को फर्जी बताते हुए निरस्त करके याचिकाकर्ता को तत्काल जेल से रिहा करने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट में आज एनसीबी के इस फर्जी केस के मामले में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता मंगा सिंह ने मामले को निरस्त करने का आग्रह करके एक याचिका दायर की थी। कोर्ट के आदेश पर याचिकाकर्ता को जेल से रिहा कर दिया गया है। आठ साल पुराने फर्जी केस में याचिकाकर्ता को जेल में रखने के कारण कोर्ट ने एनसीबी के एडिशनल डायरेक्टर जनरल को आठ लाख रुपये का मुआवजा याचिकाकर्ता को देने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शैलेश पोद्दार ने पैरवी की। उन्होंने कोर्ट को बताया कि एनसीबी के अधिकारियों ने फर्जी तरीके से मंगा सिंह सहित दो के खिलाफ वर्ष 2015 में रांची में प्राथमिकी दर्ज की थी। एनसीबी ने याचिकाकर्ता को छह अक्टूबर, 2015 को बिहार के गया जिला स्थित बाराचट्टी के पटियाला ढाबे से पकड़ा था, जहां वह वेटर और साफ-सफाई का काम करता था। बाद में एनसीबी के अधिकारियों ने उसे रांची लाकर और उसके सहित दो के खिलाफ ड्रग के केस में प्राथमिकी दर्ज कर दी थी।

## फंटूश हत्या मामले में चार आरोपियों पर शहर थाने में मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** फंटूश वर्मा हत्या मामले में शहर थाना की पुलिस ने परिजनों के फर्द बयान के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर शहर थाना में दर्ज की है। जबकि तीन संदिग्धों को मामले में हिरासत में लिया गया है। पुलिस सभी संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। हालांकि अब तक कोई खास जानकारी निकल कर बाहर नहीं आयी है। दरअसल, शुक्रवार की शाम पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के बीएन कॉलेज रोड में बाइक सवार चार अपराधियों ने फंटूश वर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। रिम्स ले जाने के क्रम में फंटूश वर्मा की मौत हो गई थी। शनिवार को पुलिस ने हत्याकांड के मामले में शव का पंचनामा किया। फंटूश हत्याकांड मामले में परिजनों के फर्द बयान के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। हत्याकांड मामले में चंदन सिंह, छोटे सिंह, मूनन शाह और सोनू कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। फंटूश हत्याकांड मामले में पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है। इस संबंध में टाउन थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले में आगे की छानबीन कर रही है।

### झारखंड की धरती पर डॉक्टर भारती कश्यप के कई कीर्तिमान

## गवर्नर को 14 सितम्बर को रन फॉर विजन में आने का दिया न्योता

### कश्यप मेमोरियल आई बैंक ने अब तक 801 कार्निया प्रत्यारोपण किये

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड की धरती पर डॉक्टर भारती कश्यप नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ा नाम है। इस प्रकार उनके द्वारा किये गये कार्य कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। यही कारण है कि देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने उन्हें सम्मानित भी किया है। कश्यप मेमोरियल आई बैंक राज्य में कई आई कैंप लगाकर लाखों लोगों को गरीब और असहाय के जीवन में उजाला लाकर क्रान्तिकारी कदम उठाये हैं। आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब एवं कश्यप मेमोरियल आई बैंक का एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार मुलाकात की। साथ ही संस्था के द्वारा किये गए कार्यों कलापों की एक स्मारिका भी उन्हें प्रस्तुत की। प्रयोजन था 14 सितंबर को आयोजित होने वाले ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन में आने का न्योता देना। मौके पर राज्यपाल को रन फॉर विजन में प्रयुक्त होने वाले नेत्रदान महादान से संबंधित टी-शर्ट प्रदान की गई। संस्था के सदस्यों ने गवर्नर को अवगत कराया कि संस्था नेत्र दान एवं नेत्र प्रत्यारोपण के क्षेत्र में झारखण्ड में बहुत अच्छा काम कर रही है। कश्यप मेमोरियल आई बैंक द्वारा 2022 से अब तक 154 कार्निया प्रत्यारोपण किए गये हैं। पिछले 5 साल में 340 कार्निया प्रत्यारोपण किए गये हैं। अब तक कुल एक 801 कॉर्निया प्रत्यारोपण किए गए हैं। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### पुलिस ने रिटायर्ड शिक्षक की हत्या का किया उद्भेदन, तीनों आरोपी गिरफ्तार

# कलयुगी बेटे ने ही कराई थी अपने पिता की हत्या

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड



संपत्ति बंटवारा कराने को लेकर कलयुगी बेटे ने ही सुपारी देकर अपने ही पिता रिटायर्ड शिक्षक क्लेमेंट लकड़ा की हत्या कराई थी। इस बात का खुलासा एसडीपीओ राजेश कुजूर ने प्रेस कांफ्रेंस कर किया। एसडीपीओ ने बताया कि गत 22 जुलाई को महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत धवईटोली निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक क्लेमेंट लकड़ा की हत्या कर दी गई थी। हत्या का खुलासा तकनीकी अनुसंधान एवं लोकेशन ट्रेस के जरिए हुई। अनुसंधान के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी की मृतक लकड़ा तथा उनके बड़े पुत्र मनोज लकड़ा के बीच जमीन जायदाद एवं पेशन के बंटवारो को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। इस संबंध में पूछताछ में स्वीकारोक्ति बयान में मनोज लकड़ा ने बताया कि वह जमीन जायदाद एवं पेशन को पूरा अपने नाम कराना चाह रहे थे। इसमें क्लेमेंट लकड़ा एवं छोटा भाई यूजीन प्रभात लकड़ा बाधा मानते थे। इसलिए इन दोनों को रास्ते से हटाना चाह रहे थे। एसडीपीओ राजेश कुजूर ने बताया कि मनोज लकड़ा ने सुनियोजित तरीके से सर्वप्रथम अपने पिताजी क्लेमेंट लकड़ा की हत्या करवाने के लिए महुआडांड थाना के ग्राम हामी के रहने वाले अपने दोस्त अशोक राम पिता नंकु राम से 1 लाख 20 हजार रुपये में सौदा किया। अग्रिम तौर पर मनोज लकड़ा ने अशोक राम को छीपादोहर में बुलाकर 20 हजार रुपये दिये। तब अशोक राम ने मनोज लकड़ा के कहे अनुसार अपने दोस्त हामी के ही रहनेवाले जितेंद्र राम (28) पिता देवनाथ राम के साथ मिलकर रेकी कर सेवानिवृत्त शिक्षक क्लेमेंट लकड़ा की धारदार हथियार (गड़ासा) से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या के आरोपी तीनों व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हथियार (गड़ासा) एवं एक मोबाइल को भी बरामद कर जब्त कर लिया है। इस उद्भेदन में एसडीपीओ राजेश कुजूर, सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान, थाना प्रभारी रतन टुडू, एसआई मो. जफर अंसारी, एसआई अजय कुमार दास, एसआई संजय रतन आदि का सराहनीय प्रयास रहा।

## मुख्यमंत्री ने ईडी को भेजा पत्र, मांगा समय



### सीएम के पूर्व पत्रों पर ईडी ने दिए थे कई जवाब

मुख्यमंत्री ने ईडी के पिछले दो समन पर अनुपस्थित रहने का वजह बताते हुए ईडी को पत्र भेजा था। ईडी ने इस मामले में जवाबी पत्र भी सीएम को भेजा था, जिसमें केस की दिशा और दशा दोनों स्पष्ट है यह बतए गया था। ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उस आरोप को भी खारिज किया किया था कि एजेंसी का राजनीतिक इस्तेमाल हो रहा है। एजेंसी ने अपने पत्र में लिखा है कि ईडी प्रोफेशनल एजेंसी है एवं यह साक्ष्य व कानून के अनुसार काम करती है। दूसरे समन के जबाब में सीएम ने कोर्ट जाने की जानकारी ईडी को दी थी।

### केस की दिशा व दिशा बताता है पत्र

मुख्यमंत्री ने ईडी के पिछले दो समन पर अनुपस्थित रहने का वजह बताते हुए ईडी को पत्र भेजा था। ईडी ने इस मामले में जवाबी पत्र भी सीएम को भेजा था, जिसमें केस की दिशा और दशा दोनों स्पष्ट है यह बतए गया था। ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उस आरोप को भी खारिज किया किया था कि एजेंसी का राजनीतिक इस्तेमाल हो रहा है। एजेंसी ने अपने पत्र में लिखा है कि ईडी प्रोफेशनल एजेंसी है एवं यह साक्ष्य व कानून के अनुसार काम करती है। दूसरे समन के जबाब में सीएम ने कोर्ट जाने की जानकारी ईडी को दी थी।

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** ईडी कब तीसरे समन पर सीएम हेमंत सोरेन एजेंसी के दफ्तर शनिवार को नहीं पहुचे। सीएम के द्वारा एक बार फिर एक पत्र भेजा गया है। जमीन घोटाले मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी के तीसरे समन पर भी एजेंसी के दफ्तर नहीं जाएंगे यह पहले से तय था क्योंकि शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राष्ट्रपति के द्वारा दिए गए निमंत्रण को लेकर दिल्ली चले गए है ऐसे में सीएम ने ईडी को पत्र भेज कर इसकी सूचना दी है।

**तीसरा समन जारी हुआ था :** रांची जमीन घोटाले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी के तीसरे समन पर भी एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे यह पूर्व से तय था। ईडी के तीसरे समन को लेकर सीएम ने तीसरी बार एजेंसी को पत्र भेजा है। इससे पहले ईडी के 14 और 24 अगस्त की उपस्थिति के समन पर भी मुख्यमंत्री नहीं गए थे। जिसके बाद ईडी ने 9 सितंबर का तीसरा समन भेजा था। मुख्यमंत्री शनिवार रात दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा जी 20 को लेकर दिए जा रहे डिनर में शामिल होंगे। सीएम दिल्ली के लिए रवाना भी हो चुके हैं। सीएम शनिवार की रात ही रांची लौट आएंगे। वहीं ईडी सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री के राष्ट्रपति के डिनर में शामिल होने के मौके की वजह से ईडी उन्हें चौथा समन भी दे सकती है। हालांकि मुख्यमंत्री ने अपने तीसरे पत्र में क्या लिखा है इसकी जानकारी अभी हासिल नहीं हो पाई है।

## आदिम जनजाति महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म, पांच गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिले के गारू थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में आदिम जनजाति महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना घटी है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार आदिम जनजाति महिला शुक्रवार को अपने गांव से दो किमी दूर पैदल साप्ताहिक बाजार आयी थी। बाजार करने के बाद वह शाम में वापस घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में नशे में धुत छह युवकों ने महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित वहां से फरार हो गए। इसके बाद महिला अपने घर पहुंची और पूरे घटना की जानकारी अपने परिवार वालों को दी। शनिवार सुबह परिवार वालों के साथ पीड़िता गारू थाना पहुंच कर सामूहिक दुष्कर्म के संबंध में मामला दर्ज कराई। शिकायत के बाद एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर गारू थाना प्रभारी राजीव भगत ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गैंग रेप में शामिल पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें शिवलाल सिंह,अनूप सिंह समिल सिंह समेत दो अन्य आरोपी शामिल हैं। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की छानबीन जारी है। घटना में शामिल आरोपियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जी-20 समिट में भारत को बड़ी कामयाबी 'नई दिल्ली लीडर्स घोषणा पत्र' को मंजूरी

**नई दिल्ली। राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नई दिल्ली जी 20 लीडर समिट के डिक्लेरेशन (घोषणापत्र) पर आम सहमति बन गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यह ऐलान करते हुए विश्व नेताओं से लीडरशिप डेक्लेरेशन को अपनाने का आग्रह किया।पीएम मोदी ने शनिवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ह्यएक खुशखबरी मिली है कि हमारी टीम के कठिन परिश्रम और आप सबके सहयोग से जी 20 लीडर समिट के डिक्लेरेशन पर सहमति बनी है। मेरा प्रस्ताव है कि लीडर्स डिक्लेरेशन को भी अपनाया जाए। मैं भी इस डिक्लेरेशन को अपनाने की घोषणा करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में 18वें



जी-20 शिखर सम्मेलन के दूसरे सत्र की शुरूआत में कहा, इस अवसर पर, मैं अपने शेरपा, मंत्रियों को बधाई देता हूं, जिन्होंने इसके लिए कड़ी मेहनत की और इसे संभव बनाया। वहीं भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर घोषणा की कि नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### चोरी के आरोप में पिटाई से युवक की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया हंगामा

**रांची।** रांची के सिकिदरी थाना क्षेत्र में बल्ब चुराने को लेकर हुए विवाद में एक युवक की हत्या कर दी गई। हत्या की वारदात के बाद पूरे इलाके में तनाव कायम हो गया है। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जम कर हंगामा किया। सिकिदरी - रांची मार्ग को घंटों जाम किए रखा।

**क्या है पूरा मामला :** मिली जानकारी के अनुसार सिकिदरी इलाके के ही रहने वाले उमेश मुंडा की उसके ही गाँव के कुछ लोगों ने मिलकर मार डाला ,आरोप था कि उमेश गाँव में रात के समय घूम-घूम कर बिजली के बल्ब चुराया करता था। इसी दौरान कुछ लोगों ने उसे पकड़ लिया और मार डाला। जैसे ही ग्रामीणों को यह जानकारी मिली कि उमेश मुंडा की हत्या कर दी गई है वह आक्रोशित हो गए और सड़क पर उतरकर हंगामा करने लगे। भीड़ इतनी आक्रोश में थी कि वह आरोपियों के घरों में आग लगाने को आतुर थी पुलिस ने उन्हें किसी तरह से रोका।

**उपचुनाव**

### मांडर के बाद डुमरी की जनता ने भी नकारा

# झारखंड में फिर फेल हुआ ओवैसी फॉर्मूला

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मांडर के बाद डुमरी उपचुनाव में भी एआईएमआईएम का सियासी समीकरण फेल हो गया। असदुद्दीन ओवैसी की मुस्लिम वोटरों को साधने की कोशिशें नाकाम हो गईं। डुमरी उपचुनाव में मुस्लिम वोट का ऐसा ध्रुवीकरण हुआ कि एआईएमआईएम के प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई। एआईएमआईएम के प्रत्याशी अब्दुल मोबीन रिजवी को नोटा से भी कम वोट मिले। मांडर उपचुनाव के बाद डुमरी में असदुद्दीन ओवैसी खूब गरजे और मुस्लिमों के अधिकारों को लेकर खूब बोले, उनकी सभा में भीड़ भी हुई थी। कहा जा रहा था कि ओवैसी ने चुनाव को त्रिकोणीय बना दिया है। लेकिन जब वोटों की गिनती हुई सब कुछ साफ हो गया। झामुमो की बेबी देवी 17,153 वोट के अंतर से जीत गईं। मतदाताओं ने सबों को अपने फैसले से चौंका दिया, 2019 के विधानसभा में 24,132 वोट लाने वाले एआईएमआईएम के अब्दुल मोबीन रिजवी को इस बार महज 3,472 वोट मिले यानी पिछले चुनाव की तुलना में 20,660 वोट कम। नतीजे बताते हैं कि 2019 के विधानसभा चुनाव की तरह ओवैसी की पार्टी के प्रत्याशी अब्दुल मोबीन रिजवी को 24,132 वोट भी मिले होते तो तस्वीर कुछ और हो सकती थी। राजनीति के जानकारों का कहना है कि अब ओवैसी झारखंड का राजनीति में पूरी तरह फेल हो गए हैं। उनके भाषणों को सुनने के लिए भले एक जमात के लोग जुटें लेकिन उनके वोट कहां किस पार्टी को जाएंगे अब वो भलिभांति समझ चुके हैं। बिहार में ओवैसी को कुछ सफलता जरूर मिली लेकिन बाद में इनके लोग भागकर बिहार में राजद में शामिल हो गये। ओवैसी सोचते हैं कि मुस्लिम और दलित वोट से जीत जाएंगे, यह संभव नहीं है। गुजरात में भी ओवैसी को ऐसा परिणाम नहीं मिला। पिछली बार जो वोट मिला था वो गुजरात में इसबार नहीं मिला। जिस वर्ग का ओवैसी वोट लेते हैं, उसका मकसद होता है कि बीजेपी को नहीं जीतने देना है। डुमरी में यह बात वहां के वोटर समझ चुके थे। इनकी विश्वसनीयता खत्म होती जा रही है। मुस्लिम वोटर अब समझ चुके हैं कि जो भी बीजेपी को हराएगा, उसको उनका साथ मिलेगा। डुमरी में भी वही हुआ। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि डुमरी में इंडिया बनाम एनडीए की लड़ाई थी। जब भी अल्पसंख्यक को यह दिखेगा कि कोई वोट कटवा आ गया है तो वो इंडिया गठबंधन की तरफ जाएगा। यहां के मुसलमान पाकिस्तान नहीं जाना चाहते। उनको यहीं रहना है। दूसरा पाकिस्तान बन भी नहीं सकता। वो देख रहे हैं कि ओवैसी का फैक्टर डेमोक्रेटिक और सेक्यूलर नहीं है। मुस्लिम वोटर तब उनके पास जाते हैं जब कोई विकल्प नहीं दिखता। यह परिणाम बता रहा है कि आने वाले दिनों में मुस्लिम वोटर सिर्फ और सिर्फ इंडिया गठबंधन की तरफ ही जाएंगे। जहां मुस्लिम ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## खूंटी में पीएलएफआई का कुख्यात उग्रवादी दसाय पूर्ति गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**खूंटी।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेश फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआइ) के कुख्यात उग्रवादी दसाय पूर्ति उर्फ गेड़े को पुलिस ने शुक्रवार की देर रात मुरहू थाना के एतरे अलटंडा के जंगल से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, 8 एमएम की छह गोलियां, वॉकी टॉकी हेड सेट, पीएलएफआइ का चंदा रसीद, लेवी के रूप में वसूले गए 5200 रुपये नकद और दैनिक उपयोग के सामान बरामद किये गये। एसपी कार्यालय में शनिवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी अमन कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पीएलएफआइ का एरिया कमांडर टीरा बोदरा उर्फ राड़ूंग बोदरा उर्फ लंबू अपने दस्ता के सदस्यों के साथ मुरहू थाना क्षेत्र उरीकेल, तपिंगसेरा, एतरे के जंगली क्षेत्र में भ्रमणशील है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए अपर पुलिस अधीक्षक अभियान रमेश कुमार के निर्देश पर और खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में खूंटी जिला पुलिस बल, क्यूआरटी सीआरपीएफ 94 बटालियन, खूंटी जिला पुलिस के पदाधिकारी और सशस्त्र बल को शामिल कर छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने मुरहू थाना क्षेत्र के एतरे टोला अलटंडा के जंगल में चलाये गये सर्च अभियान के दौरान एक व्यक्ति को पकड़ा, जबकि अन्य लोग भागने में सफल रहे। पकड़े गये व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम दसाय पूर्ति उर्फ गेड़े पिता स्व बुधराम पूर्ति ग्राम एतरे थाना मुरहू बताया। एसपी ने बताया की पूछताछ के दौरान गिरफ्तार दसाय पूर्ति ने बताया कि पीएलएफआइ के एरिया कमांडर टीरा बोदरा उर्फ लंबू द्वारा उसे क्षेत्र की देखरेख करने और लेवी वसूलने की जिम्मेदारी सौंपी थी। उसने बताया कि टीरा बोदरा के कहने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### विधायक करेगी 4 करोड़ 60 लाख का शिलान्यास

**पाटन।** 10 सितंबर को मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम की शुरूआत मेरा पंचायत में समय 11:00 से विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार के द्वारा किया जायेगा। पाटन के ग्राम नवादा में जीजोई नदी पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास दिन के 12:00 बजे विधायक पुष्पा देवी और पूर्व सांसद मनोज कुमार के द्वारा किया जायेगा। आवागमन की सुविधा के लिए यह पुल अनुमानित 4 करोड़ 60 लाख की लागत से बनाया जा रहा है।

### बाबूलाल मरांडी के आगमन को लेकर एक दिवसीय बैठक

**पांकी।** पांकी प्रखंड के राम-जानकी मंदिर प्रांगण में आवश्यक बैठक की गई। जिसमें आगामी 13 सितंबर 2023 को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आगमन की कैसे तैयारी करनी है पर चर्चा हुई। सभी भाजपा कार्यकर्ता एवं मंच मोर्चा अध्यक्ष के साथ विधायक कुशवाहा डा0 शशिभूषण मेहता की उपस्थित में बैठक हुई, जिसमें निजी सचिव प्रोफेसर बच्चन ठाकुर उपस्थित हुए। मौके पर उपस्थित सांसद प्रतिनिधि चुनमुन पांडे, प्रतिनिधि मिटी वर्मा,सुनील प्रजापति, पांकी मंडल अध्यक्ष सत्रुघन सिंह,अरुण कुमार सिंह, महामंत्री सत्यनारायण यादव, श्यामनंदन सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# बिजली चोरी के आरोप में चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

### 49 हजार रुपये का जुर्माना भी लगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जेवीएनएल के अभियंताओं ने हैदरनगर में विशेष छापेमारी अभियान में चार लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते शनिवार को पकड़ा है। इनके विरुद्ध हैदरनगर थाना में विद्युत अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। चारों आरोपी पर कुल 49 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इसमें हैदरनगर थाना क्षेत्र की जूही फातिमा पर 6000, इसराइल अंसारी पर 15 हजार जुर्माना, खुशनुमा खातून पर आठ हजार व मोहम्मद फिरोज अंसारी पर 20 हजार जुर्माना लगाया गया है। इसकी जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में उनके अलावा सहायक अभियंता संजय कुमार, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर व मनोज कुमार शामिल थे। उन्होंने बताया कि आगे भी छापेमारी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपये से अधिक बकायेदारों के विरुद्ध भी कार्रवाई होगी। उन्होंने बकायेदारों को बिल का भुगतान करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के पास बिजली बिल का बकाया है, वे ऑनलाइन या किसी भी कार्य दिवस में जपला स्थित कार्यालय में पहुंच कर भुगतान कर सकते हैं। उन्होंने वन टाइम सेटलमेंट योजना का लाभ लेने की भी जानकारी उपभोक्ताओं को दी है।

# तरहसी पुलिस ने कुआं से एक व्यक्ति का शव किया बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातू।** अनुमंडल पदाधिकारी आलोक टूटी ने तरहसी थाना परिसर में प्रेस कांफ्रेंस कर बताया की तरहसी पुलिस को सूचना मिली की भालो गाडी में एक कुआं में एक शव तैर रहा है। शव की पहचान सुरेन्द्र साव उर्फ विदेश साव के रूप में की गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी जयप्रकाश पासवान दलबल के साथ भालोगाड़ी पहुंचे। जहां मृतक के घर से लगभग चार सौ मीटर की दूरी पर स्थित कुआं में शव को तैरते पाया । स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला। शव सड़ चुका था। शव से बदबू आ रही थी। पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिए एम एम सी एच मेदिनीनगर भेज दिया मृतक की पत्नी चिन्ता देवी के द्वारा किसी भी व्यक्ति पर शक संदेह व्यक्त नही किया गया। पुलिस ने तरहसी थाना यु०डी ड्ड कांड सं0-03/2023 दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस नें जाँच के क्रम में पाया कि मृतक सुरेन्द्र साव उर्फ विदेश साव, अपनी पत्नी एवं बेटी पूजा कुमारी के साथ शराब के नशे में अक्सर मारपिट किया करता था जिससे अजीज होकर 5 सितंबर को सुबह मृतक की पत्नी चिन्ता देवी एवं बेटी पूजा कुमारी के द्वारा घर में रखे महुआ शराब के बोतल में जहर मिलाकर मृतक को पिला दिया गया। जहर का असर होने के पश्चात माँ बेटी के द्वारा हत्या कर शव को घर में रखे जलावन की लकड़ी में छुपाकर रखा गया, मौका देखकर योजना के अनुसार अगले दिन 6 सितंबर की रात्रि करीब 11 बजे शव को उक्त कुआं में पत्नी एवं बेटी के द्वारा ले जाकर डाल दिया गया।

### चिकित्सा प्रभारी ने स्वास्थ्य सहिया के साथ की बैठक

# आयुष्मान भारत के तहत गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया पर जोर

### सहिया के आईडी कोड के माध्यम से गोल्डेन कार्ड बनाया जायेगा : चिकित्सा प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेंद्र कुमार ने स्वास्थ्य सहिया के साथ बैठक की। जिसमे आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाने के प्रक्रिया को और तेज करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाने हेतु सहिया साथी को प्रशिक्षण भी दिया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि सहिया के आईडी कोड के माध्यम से गोल्डेन कार्ड बनाया जायेगा। कार्ड बनवाने हेतु विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रक्षेत्र में पंचायत वार कैंप लगाया जायेगा। इसके अलावा नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में भी गोल्डन कार्ड बनवाया जा सकता है। जरूरत पड़ने पर संबंधित कर्मी डोर टू डोर जाकर प्रत्येक परिवार का कार्ड बनाने का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी कर्मियों को एक दिन में कम से कम 25 लोगों का गोल्डन कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए सभी एएनएम, एम्पीडब्लू, सीएचओ और सभी सहिया साथी को निर्देश दिया गया है। इतना ही नहीं सभी स्वास्थ्य सहिया को जागरूक करेंगे और प्रतिदिन अपना रिपोर्ट संबंधित ब्लॉक प्रशिक्षक को देंगे। डॉ. राजेंद्र कुमार ने कहा कि इस कार्य मे कोताही बरतने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। हमारा प्रयास है कि सरकार की स्वास्थ्य संबंधी हर महत्वाकांक्षी योजना जरूरतमंदों तक पहुंचे। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों, गण्यमान लोगों व समाज सेवियों से इस कार्य में सहयोग करने की अपील भी की। मौके पर बीपीएम पंकज कुमार पांडेय, बैम पंकज सिंह, आयुष्मान मित्र राजेंद्र सोनी सहित ब्लॉक प्रशिक्षक और कई स्वाथ्यकर्मी मौजूद थे।

### जेएमएम की जीत व अल्पसंख्यक आयोग के गठन पर कांग्रेसियों में हर्ष

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव धनंजय कुमार तिवारी व उपाध्यक्ष मसरुर अहमद ने डुमरी से गठबंधन के प्रत्याशी बेबी देवी की जीत और राज्य अल्पसंख्यक आयोग के गठन पर डॉ. एजाज आलम, नेहाल असगर ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताया है। उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग में एम तौसीफ को सदस्य बनाये जाने पर आभार जताया है। उन्होंने कहा कि गठबंधन की पहली जीत पर हुसैनाबाद के कांग्रेसी नेताओं समेत सभी घटक दल के नेताओं में खुशी है।उन्होंने कहा कि आने वाला दिन और भी बेहतर होगा। 2024 के लोकसभा व विधानसभा चुनाव में आईएनडीए गठबंधन का परचम लहरायेगा। उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान, उपाध्यक्ष शमशेर आलम, ज्योति सिंह समेत सभी सदस्यों को भी बधाई दी है। साथ ही इनके नेतृत्व में अल्पसंख्यक समाज का सर्वांगीण विकास होने की अपेक्षा की है।

# बीजेपी ने अपनी मिट्टी अपना देश तहत कार्यक्रम का आयोजन किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** जिला स्थित नावा बजार प्रखंड क्षेत्र के रजहरा ग्राम में अपनी मिट्टी अपना देश कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महादेव प्रसाद यादव एवं संचालन दीपक गुप्ता ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम व भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रफुल्ल सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिवाकर नारायण पांडे मौके पर उपस्थित थे। उपस्थित लोगों के द्वारा सभी भाजपा नेताओं का फूल माला से स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सांसद अपनी बातों को रखते हुए बोले यह कार्यक्रम मुख्य रूप से देश के वीर शहीदों की याद में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किया जा रहा है। जिसे लोग भूले नहीं सदैव याद करें। ऐसे बहुत सारे ग्राम में रहने वाले लोग जो देश के लिए शहीद हुए हैं उन्हें सदैव याद रखने के लिए उनके नाम पर ग्राम में शिलापट व ग्राम में 75 पेड़ अमृत वाटिका के नाम पर लगाने की बात कही। श्री चंद्रवंशी ने इस मौके पर देश की प्रधानमंत्री की सोच की सराहना करते हुए कहा कि यह गौरव की बात है जो प्रधानमंत्री ने अमर शहीदों को याद करते हुए पूरे देश भर में इतनी बड़ा कार्यक्रम करवाया है। मौके पर पलामू सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, जिला परिषद् विजय रविदास, नावा बजार सांसद प्रतिनिधि पंकज पांडे, विष्णु कांत पाठक, राम भारत दुबे, मेराज आलम, गोरख पांडेय, अरविंद पांडे, राजेंद्र पांडे, नंदेव यादव, राम पांडे, बबलू पांडे काफी संख्या लोग उपस्थित थे।

### कई पदाधिकारी निशाने पर

# विकास योजनाओं के भ्रष्टाचार मामले में पीआईएल दायर



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड के उप प्रमुख कामख्या नारायण यादव ने 8 सितंबर 2023 को सतबरवा में विकास योजनाओं में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए इसके जांच के लिए एडवोकेट विनोद सिंह, अजीत कुमार सिंह के माध्यम से झारखंड हाई कोर्ट में पीआईएल(जनहित याचिका) दायर किया है। जिसमें झारखंड मुख्य सचिव, उपायुक्त पलामू व सतबरवा बीडीओ सहित कई अन्य लोगों को पार्टी बनाया है। इस संबंध में शनिवार को उप प्रमुख कामख्या नारायण यादव ने सतबरवा प्रमुख कार्यालय में पंचायत समिति सदस्यों के साथ बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि सतबरवा प्रखंड विकास प्राधिकारी राजकिशोर प्रसाद ने मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना में भारी अनियमित बरतते हुए कम उम्र के करीब दो हजार लोगों को पेंशन का लाभ दिया। पेंशन में दलालो के माध्यम से तीन से पांच हजार की उगाही की गई। मामला उजागर होते ही आनन - फानन में करीब 1500 लोगों का पेंशन से रातों - रात नाम हटा दिया गया। वही आरोप लगाते हुए कहा कि 12 नवंबर 2022 को 35000 सुंदरीकरण के नाम पर तथा 31 मार्च 2023 को 18000 एवं फिलहाल 15000 की निकासी गलत तरीके से कर ली गई है जिससे भ्रष्टाचार साफ झलकता है। और उन्होंने कहा जांच भी हुआ लेकिन सिर्फ दिखावे के लिए किया गया। साथ हीं साथ प्रधानमंत्री आवास, बकरी शेड, गाय शेड में भी लाभुकों से उगाही के साथ कई और आरोप लगायें हैं। इस मौके पर प्रमुख रीमा देवी, पंसस जगदीश सिंह, विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद यादव, प्रमुख पति युगल राम,मो0 अलाउद्दीन, बृजनंदन सिंह, पिंटू समेत कई लोग मौजूद थे।

# मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत भाजपा नगर मंडल ने किया संग्रह



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** भाजपा नगर मंडल व महिला मोर्चा द्वारा मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय से मिट्टी संग्रह किया गया। मिट्टी संग्रह कार्यक्रम की अगुवाई भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष सीताराम आर्य ने संयुक्त रूप से की। मिट्टी संग्रह विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय के कई घरों से हुआ। बबन राम ने कहा कि मिट्टी को नमन,वीरों का वंदन मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत घर-घर जा कर मिट्टी संग्रह करना है। मौके पर महामंत्री मनीष कुमार, वरीय भाजपा नेता शिववंश मिश्रा, रजनीश चंद्रवंशी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, रामप्रवेश मेहता,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय साह, महिला मोर्चा महामंत्री अर्चना देवी,बेबी देवी, संगीता देवी, रेखा देवी, शिव कुमारी देवी, गुड़ी देवी, सुरेश चंद्रवंशी, गिरधारी साव सहित कई लोग मौजूद थे। इधर भाजपा की कई महिला कार्यकर्ताओ ने मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कई गांवों में घर-घर जाकर मिट्टी संग्रह किया।


## जिला पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची (कृषि प्रभाग)
## कार्यालय– जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा

गढ़वा जिला के कृषक बंधुओं को सूचित किया जाता है कि कृषि निदेशालय, झारखण्ड का पत्रांक– 4688 दिनांक– 05-09-2023 के आलोक में "राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (RKVY)" अंतर्गत Per Drop More Crop उपयोजना के तहत सूक्ष्म सिंचाई कार्य हेतु "ड्रिप से जोड़ो अभियान" दिनांक 11.09.2023 से 21.09.2023 तक चलाया जाना है। जिसमें योजना अन्तर्गत इच्छुक किसानों का आवेदन सभी कागजातों के साथ तैयार किया जाना है। इस योजना का लाभ लेने हेतु लाभुक के पास सिंचाई स्त्रोत एवं स्वयं का पूर्व से ही पम्प सेट/मोटर एवं अन्य सिंचाई साधन होना अनिवार्य है। अथवा किसी अन्य योजना से पम्प सेट आच्छादन प्रस्तावित है। उक्त योजना का लाभ हेतु झारखण्ड सरकार द्वारा लघु/सीमांत कृषको के लिए 90 प्रतिशत अनुदान एवं सामान्य कृषकों के लिए 80 प्रतिशत अनुदान पर ड्रिप प्रणाली उपलब्ध कराई जाएगी।

इच्छुक कृषक अपने–अपने प्रखण्डों में कार्यरत BTM/ATM/कृषक मित्रों/एग्री क्लीनीक से संपर्क स्थापित कर आवेदन प्राप्त कर दिनांक 21-09-2023 तक जमा करें। साथ ही MGNREGA/सिंचाई विभाग/भूमि संरक्षण/उद्यान/बिरसा हरित ग्राम योजना के फलबाग आदि से लाभान्वित कृषकों को भी प्राथमिकता दिया जाएगा तथा अधिक जानकारी के लिए जिला कृषि कार्यालय, गढ़वा से भी संपर्क कर सकते हैं एवं सुलभ प्रसंग हेतु जिला कृषि कार्यालय, गढ़वा में कार्यरत कर्मी श्रवण कुमार राय का मोबाईल न0 9939965783 पर भी संपर्क कर उक्त योजना के बारे में जानकारी ले सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 306536 (Agriculture)23-24*D



## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू

Email – dddopalamu@gmail.com Contact No- 8210813662

### -: इच्छा की अभिव्यक्ति :-

वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान(इग्नू शिक्षार्थी सेवा केन्द्र 32023), धुर्वा, राँची के माध्यम से IGNOU द्वारा संचालित DDT एवं APDF प्रशिक्षण हेतु इस जिला के अभ्यर्थियों/पशुपालकों से दिनांक– .................... तक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है, जिसका विवरणी निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | प्रशिक्षण कार्यक्रम | वांछित योग्यता | प्रशिक्षण लक्ष्य | अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डिप्लोमा इन डेयरी टेक्नोलॉजी (DDT) | 10+2 उत्तीर्ण | 02 | 01 वर्ष | Course fee का 50% IGNOU को देय राशि |
| 2 | अवेयरनेश प्रोग्राम इन डेयरी फार्मिंग (APDF) | प्रगतिशील डेयरी कृषक | 02 | 02 माह | |

नोंट– अधिक जानकारी के लिए कार्यालय दिवस के उपरोक्त वर्णित तिथि में जिला गव्य विकास कार्यालय, सुदना, डालटेनगंज से मोबाईल सं0– 9835586928 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू

PR 306497 Animal Husbandry (23-24)_D



## समादेष्टा का कार्यालय आई0आर0बी0–04, लातेहार।

### –:अल्पकालीन निविदा सूचना:–

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि, आई0आर0बी0–04, लातेहार में सरकारी पुलिस वाहनों के हुड़/पर्दा की लाईफ लम्बें समय हो जाने के कारण पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसके कारण वाहनों की सही रख–रखाव हेतू नयें हुड़/पर्दा की सिलाई एवं फिटिंग करने की आवश्यकता है, जिसकी निविदा सूचनापटट् के माध्यम से आमंत्रित किया जाना है, जिसका अल्पकालीन निविदा सूचनापटट् के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | वाहन का नाम | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 1 | टाटा 407 ट्रक | प्रतिवाहन |
| 2 | 05 टनर | प्रतिवाहन |

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक–22/09/2023 तक अपना निविदा परिवहन शाखा आई0आर0बी0–04, लातेहार कैम्पः– न्यू पुलिस केन्द्र, लातेहार में समय–11:00 बजे पूर्वा0 तक सील बन्द लिफाफा में समर्पित कर सकते है। निविदा दिनांक–23/09/2023 को समय–11:00 बजे निविदा दाता के समक्ष परिवहन शाखा, आई0आर0बी0–04, लातेहार में खोली जायगी। अनुमोदन के पश्चात् किसी प्रकार का दावा मान्य नही होंगे।

निविदा की शर्तेः–
1.निविदा झारखण्ड मूल्य वार्धित कर अधिनियम–2005 के अन्तर्गत निंबधित हो।
2. प्रतिष्ठान का GST होना अनिवार्य है।
3. किसी भी परिस्थिति में अग्रिमराशि भुगतान नही किया जाएगा।
4. निविदा को संशोधित करने एवं बिना कोई कारण बताये निविदा को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
5. निविदा 01(एक) वर्ष के लिए होगा तथा अनुमोदन किये गये प्रतिष्ठान का कार्य संतोषाजनक पाये जाने पर कार्य अवधि का विस्तारण किया जा सकता है।
6. निविदादाता क्रय की जाने वाली वस्तुओं का दर सीलबन्द लिफाफा में उपलब्ध करायेंगे। प्रतिष्ठान का नाम पता, मोबाईल नं0 के साथ अंकित होगा।

नोटः–इन सभी शर्तो को पूरा नही करने वाले निविदादाता का निविदा मान्य नही होगा।

समादेष्टा
आई0आर0बी0–04, लातेहार।

PR 306541 (Police) 23-24 (D)



## समाहरणालय, लातेहार
### (योजना शाखा)

विज्ञापन संख्या– 01/2023–23

Mission Director, Aspirational District & Blocks Programme, NITI Aayog, Govt. of India के Circular on Key Initiative under Aspirational Blocks Programme, दिनांक 25.08.2023 में निहित शर्तों के अनुरूप लातेहार जिला में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम हेतु **Aspirational Block Fellow** की नियुक्ति के लिए पूर्णतः अस्थायी तौर पर 01 वर्ष हेतु इच्छुक अभ्यार्थियों से अभ्यावेदन विहित प्रपत्र में निम्न रूपेण आमंत्रित किया जाता है।

| No. of Post | Age | Education Qualification |
|---|---|---|
| 01 | 18-40 | 1) Post Graduate in any discipline from a reputed institution.<br>2) Should possess data analysis and presentation skills.<br>3) Should be conversant with use of social media.<br>4) Should possess Project Management skills.<br>5) Experience of working/internship with a Development Organisation.<br>6) Self-driven with good communication skills.<br>7) Knowing the local language of the respective Aspirational Block is a requirement for Aspirational Blocks Fellow.<br>Note : Preference will be given to candidates who have completed their higher education in the development/rural stream. |

**Role of Aspiration Blocks Fellows :**
**The Aspiration Blocks Fellows will be positioned as a critical between the Block level Officials and NITI Aayog. Their primary responsibilities will include :**
1) Collaborating with block level Officials to design and execute development strategies aligned with ABP thematic areas.
2) Conducting regular field visits to assess project implementation, address challengs and collect ground-level insights.
3) Analyzing data and providing evidence recommendations to BLOs, District level Officials to optimize developmental initiatives
4) Organizing workshop, awareness campaigns and skill-building programs to empower the local community.
5) Keeping States and NITI abreast with the issues, challenges and need for support.

**Benefits and Impact :**
**The deployment of Aspirational Blocks Fellows is expected to yield multiple benefits :**
1) Strengthening governance and administrative capabilities at the Block level.
2) Enhancing the efficiency and effectiveness of developmental projects.
3) Enabling knowledge transfer and cross-learning between the fellows, officials and local communities.
4) Contributing to data-driven policy formulation and evidence-based decision-making.
5) Building a talent pipeline of future leaders committed to social impact and community development.

**Tenure of AB Fellows :**
The tenure of Aspirational Blocks Fellows will initially span one year, during which they will actively engage with Block level Officials to drive developmental initiatives and empower local communities. Recognizing the potential for sustained impact, the program allows for a one-year extension of the fellowship, contingent upon the fellow's satisfactory and demonstrated contributions to the program's objectives, as determined by the State Governments.

**Compensation :**
The compensation package for Aspirational Blocks Fellows has been thoughtfully designed to attract bright and passionate individuals committed to driving transformative change at the grassroots level. Each fellows will receive a monthly stipend of **Rs. 55,000/-** as a token of appreciation for their dedicated service and valuable contributions to the Aspirational Blocks Program.

This compensation is animed at providing a reasonable financial system, acknowledging the significance of their role in accelerating development across the identified blocks. This compensation package also includes provisions for travel allowances to a maximum of Rupees five Thousand per month and other necessary support to ensure that the fellows can effectively immerse themselves in their assigned Blocks and focus on fostering change and progress in Blocks. By offering a competitive compensation package, the program seeks to attract top talent and empower Aspirational Blocks Fellows to make meaningful impact in the Blocks they would serve.

नियम व शर्तें :–
1.उक्त विज्ञापन को स्थगित/रदद करने एवं शर्तों में परिवर्तन/संशोधन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। अधोहस्ताक्षरी का निर्णय ही अंतिम निर्णय होगा, जिसे किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती है।
2.यह प्रक्रिया पूर्णतः स्वनियोजन के आधार पर क्रियान्वित होगा।
3.आवेदन हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है।

आवेदन की प्रक्रिया :–
1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक– 23.09.2023 अपराहन 4:00 बजे तक है। उक्त समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन एवं सभी प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति के साथ बन्द लिफाफे में किसी भी कार्य दिवस को आवेदन पत्र हाथों–हाथ, पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कुरियर से जिला योजना कार्यालय, विकास भवन, लातेहार, द्वितीय तल्ला, समाहरणालय, जिला– लातेहार, पिन कोड– 829206 के पते पर समर्पित करेंगे। अन्य माध्यम यथा– ई–मेल, एवं Whatsapp से प्रेशित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा।

चयन की प्रक्रिया :–
1. साक्षत्कार एवं कम्प्यूटर दक्षता परीक्षा के आधार पर अभ्यर्थी का अंतिम चयन किया जायेगा।

नोट :– उक्त संबंधी विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिला के वेबसाईट **latehar.nic.in** पर देखी जा सकती है।

PR 306501 Planning and Development(23-24)D

उपायुक्त, लातेहार।

## NEWS इन ब्रीफ

### फंटूश हत्याकांड मामले को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की

**मेदिनीनगर।** भाजपा नेता शह पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह ने फंटूश हत्याकांड मामले को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मोहल्ले में इस तरह की घटना घट जाना काफी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज बीएन कॉलेज फील्ड एरिया और मुहल्ले में नशेड़ियों का हमेशा जमावड़ा रहता है। जिसके वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर नदी के किनारे एक श्मशान घाट भी है। जहां पर प्रतिदिन दर्जनों भर नशेड़ी अपना अड्डा जमाए रहते हैं। उन्होंने कहा की पहले इस एरिया में पीसीआर वाहन के द्वारा पेट्रोलियम भी किया जाता था। परंतु कुछ महीनो से इस एरिया में पेट्रोलिंग बंद है। जिसके वजह से नशेड़ियों का मनोबल और भी बढ़ गया है। यदि समय रहते इस मोहल्ले में पुलिस पेट्रोलिंग को नहीं बढ़ाया गया तो आने वाले समय में और भी कोई घटना घट सकती है।

### बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस

**मेदिनीनगर।** अंतरस्तीय साक्षरता दिवस के मौके पर शनिवार को संघर्ष मोर्चा जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने किया। संचालन संजय कुमार ने किया। सर्व प्रथम मां सरस्वती के तस्वीर पर फूल माला चढ़ा कर कार्यकम की शुरूआत की गई। मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि साक्षरता अभियान को अंदालोक्तमक रूप दिए बिना समाज को शिक्षित करना संभव नहीं है ।शिक्षा के बिना राज्य की समृद्धि खुशहाली व विकाश की कल्पना करना संभव नहीं है ।इस अवसर पर संजीत कुमार, सनी पासवान, कृष्णा राम, श्याम पाठक, परदुमान तिवारी, विजय राम, मनीष लकड़ा अरविंद कुमार ने साक्षरता अभियान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि साक्षरता अभियान में सभी वर्गो को सामिल किया जाए ,तभी साक्षरता अभियान कार्यकम सफल होगा। इस अवसर पर जशवंत कुमार रोहित कुमार राकेश कुमार नन्हक सिंह हिरामन मांझी सहित कई लोग मौजूद थे।

### पूर्व उपमहापौर ने बिजली विभाग के महाप्रबंधक से की मुलाकात

**मेदिनीनगर।** जनता के लिए सदैव तत्पर प्रथम उपमहापौर नगर निगम मेदिनीनगर राकेश कुमार सिंह ( मंगल सिंह )ने बिजली की अनियमित आपूर्ति व व्यवस्था में सुधार के संबंध में महाप्रबंधक बिजली विभाग पलामू से की स्वयं मुलाकात कर आवेदन पत्र दिया। उन्होंने कहा कि की बिजली की अनियमितता के कारण नगर निगम मेदिनीनगर ही नही बल्कि सटे सभी ग्रामीण इलाकों सहित पलामू प्रमंडल में विगत कुछ महीनों से बिजली की स्थिति दयनीय है। बिजली की आंखमिचौली से बच्चो, अभिभावकों, गृहणियों, व्यवसाइयो आदि को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## निर्वाचन संबंधी कार्यों को मिशन मोड में निष्पादित करें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने शनिवार को ऑनलाइन मोड में निर्वाचन संबंधी कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पाया कि बीएलओ द्वारा हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन कार्य की ऑनलाइन प्रविष्टि तेज गति से निष्पादित हो रही है। उन्होंने इस कार्य को ससमय समाप्त करने पर बल दिया।वहीं सत्यापन के क्रम में मृत मतदाताओं का डेथ सर्टिफिकेट जारी कर संबंधित मृत मतदाता का नाम वोटर लिस्ट से हटाने की भी समीक्षा की और सभी बीडीओ को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर उनके द्वारा दिये गये मृत मतदाता की सूची के अनुरूप संबंधित मतदाता का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश दिया।.उन्होंने सभी तरह के दावा-आपत्ति प्रपत्रों यथा 6,7,8 जो 31 हजार से अधिक लंबित हैं,इन सभी को मिशन मोड में निष्पादित करने की बात कही। उपायुक्त ने सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को सुपरवाइजर व बीएलओ द्वारा किये जा रहे भौतिक सत्यापन के कार्य का नियमित अनुश्रवण करने का निर्देश दिया। मौके पर एनआईसी के सभागार में अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु उपस्थित थे।




## धूमधाम से मनी बाबा गणिनाथ की 39वीं जयंती

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के गांधी स्मृति टाउन हॉल में संत शिरोमणि बाबा गणिनाथ की जयंती शनिवार को धूमधाम से मनाई गई। मौके पर वैश्य समाज के हजारों पुरुष व महिलाओं ने शिरकत की। समारोह की शुरूआत बाबा गणिनाथ, माता सती व गोविन्द जी के पूजा अर्चना से शुरु हुई। पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में शामिल सभी वैश्य समाज के लोग नगर भ्रमण कर फिर से टाउन हॉल उपस्थित हुए। इस मौके पर समाज के बच्चों के द्वारा कई प्रकार की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल के प्रति समाज के बच्चों के बीच खासा उत्साह दिखा। मौके पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि समाज में दहेज जैसी कुरीतियों को खत्म करना जरूरी है। इसके लिए सभी लोगों को मिलकर प्रयास करने की जरूरत है। अतिथियों ने कहा कि समाज में गुटबाजी दूर कर एकजुट होने की आवश्यकता है, तभी समस्याओं को दूर किया जा सकता है।



## हत्या की आरोपी दो महिलाएं गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के आदेश पर तरहसी थाना की पुलिस ने हत्या के आरोपी दो महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में लेस्लीगंज डीएसपी आलोक कुमार टूटी ने बताया कि दिनांक 7 सितंबर की सुबह समय करीब 6:30 बजे सुचना प्राप्त हुई कि तरहसी थाना अन्तर्गत ग्राम भालोगाडी निवासी सुरेन्द्र साव का शव मृतक के घर के पीछे करीब 400 मीटर पर स्थित कुआँ मे पाया गया। तत्पश्चात सशस्त्र बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर स्थानीय ग्रामीणो के सहयोग से शव को कुआँ से निकाल कर अन्त्य परीक्षण हेतू भेजा गया। मृतक की पत्नी चिन्ता देवी के द्वारा बिना किसी पर शक संदेह जाहिर किये आवेदन देकर तरहसी थाना यु०डी० कांड सं0-03 / 2023 दर्ज किया गया। यु०डी० कांड दर्ज होने के उपरान्त जॉच प्रारम्भ हुई। जॉच के क्रम में पता चला कि मृतक सुरेन्द्र साव उर्फ विदेश साव, अपनी पत्नी एवं बेटी पूजा कुमारी के साथ शराब के नशे में मारपीट किया था जिसके कारण दिनांक-5 सितंबर की सुबह मृतक की पत्नी चिन्ता देवी एवं बेटी पूजा कुमारी के द्वारा घर में रखे महुआ शराब के बोतल में जहर मिलाकर मृतक को पिला दिया गया तथा जहर का असर होने पर उन्हे माँ बेटी के द्वारा हत्या कर शव को घर मे जलावन के लकड़ी में छुपाकर रखा गया था। मौका देखकर योजना के अनुसार अगले दिन दिनांक-6 सितंबर की रात्रि समय करीब 23:00 बजे शव को उक्त कुआँ मे दोनो के द्वारा ले जाकर डाल दिया गया। उक्त घटना के संबंध में उक्त दोनो प्राथमिकी अभियुक्तो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने पकड़ी महिला आरोपियों के पास से एक दो लिटर का उजला प्लास्टि का बोतल जिसमें महुआ शराब के साथ जहर मिलाया गया था व मृतक का एक जोडी लाल एवं काला रंग का बॉम्बे कम्पनी का चप्पल बरामद किया है।

## ट्रेन की चपेट में आकर व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर।** ट्रेन की चपेट में आकर संतोष राम नामक व्यक्ति शुक्रवार की रात करीब 8:00 गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना में उसका दाहिना पैर कट गया है। जानकारी के अनुसार बरवाडीह थाना क्षेत्र के निवासी संतोष राम जो फिलहाल मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के दो नंबर टाउन किसी के घर किराए के मकान में रहता है। वह शुक्रवार की रात करीब 8:00 बजे रेलवे स्टेशन के पास घूमने गया था। इसी बीच रेलवे स्टेशन दो नंबर कैबिन के पास ट्रेन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसमें उसका दाहिना पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी जीआरपी थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी थाना की पुलिस और स्थानीय मोहल्ला वासी घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया।

### संत मारियम स्कूल में दो दिवसीय कार्यशाला

**मेदिनीनगर।** सीबीएसई के द्वारा आयोजित कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का दो दिवसीय कार्यशाला शनिवार को संत मारियम स्कूल कजरी मेदिनीनगर के प्रांगण में आरंभ कर दिया गया। कार्यशाला का प्रारंभ विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव तथा प्राचार्य कुमार आदर्श की उपस्थिति में मुख्य अतिथि ब्राइटलैंड स्कूल मेदिनीनगर के प्राचार्य राहुल सिंह के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

### मामलों के निस्तारण के लिए व्यवहार न्यायालय में लगी लोक अदालत

## सुलभ निस्तारण लोक अदालत का उदेश्य : पीडीजे

**लोक अदालत सुलभ न्याय का बेहतर मंच : अपर समाहर्ता**

**लोगों में त्वरित न्याय की आश जगी है : एसडीपीओ**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में इस वर्ष का तीसरा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने लाभुको से दीप प्रज्वलित कर कराया। मौके पर उन्होंने कहा कि लोक अदालत का आयोजन लाभुकों के लिए ही किया जाता हैं। हमसभी का प्रयास अधिक से अधिक लोगो को लोक अदालत के माध्यम से मामलों का निस्तारण सुलभ सरल तरीके से कराना है। अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि सुलभ न्याय पाने का लोक अदालत से बेहतर कोई मंच नही है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार ने कहा कि लोक अदालत समय की मांग है। लोक अदालत से लोगो मे त्वरित न्याय की आशा जगी हैं। लोग इसका लाभ भी ले रहे हैं। उन्होंने नक्सली के आत्म समर्पण व पुनर्वास नीति के बारे में चर्चा की। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि जो ब्यक्ति को त्वरित न्याय नही मिल पाता था उनके लिए लोक अदालत सबसे ज्यादा फायदेमंद है। संचालन न्यायिक दंडाधिकारी चन्दन कुमार गोस्वामी ने किया। उन्होंने कहा कि पिछले बार 12 हजार मामलों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से किया गया था। मौके पर पीडीजे नीरज कुमार श्रीवास्तव ने एम ए सी टी के केस में पीड़ित परिवार के बीच चेक का वितरण किया। वहीं बाबा साहेब अम्बेडकर आवास योजना के लाभुकों को स्वीकृति पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को चाभी प्रदान किया। साथ ही कुकुट पालन, व अन्य योजनाओं के लाभार्थियों के बीच चेक का वितरण किया। आज के राष्ट्रीय लोक अदालटत में 14 हजार 231 मामले का निस्तारण किया गया। वहीं तीन करोड़43 लाख 52 हजार918 रुपये का मामला सेटल हुआ। कोर्ट में लंबित 2026 वाद निपटाए गए। वहीं प्री लिटिगेशन के 12 हजार 28मामलों का निस्तारण किया गया। इस जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित ने श्रीवास्तव बताया कि मामलों के निस्तारण को ले 13 पीठों का गठन किया गया था। मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा, डीजे संतोष कुमार, विनोद कुमार सिंह, प्रेमनाथ पाण्डेय, अभिमन्यु कुमार, अमरेश कुमार, सी जे एम निरूपम कुमार, आनन्द सिंह, संजय सिंह यादव, संदीप निशित बारा, शिखा अग्रवाल, परमानंद उपाध्याय, निशिकांत, डालसा सचिव अर्पित श्रीवास्तव, अमित गुप्ता, रीतू कुजुर, सतीश कुमार मुंडा, मनोज कुमार प्रतीक राजचंदन कुमार गोस्वामी, अमित बंसल, रूबी, अपेक्षा, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, एल ए डी सी के चीफ अमिताभ चन्द सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पाण्डेय, अधिवक्ता लक्ष्मण सिंह, दीपक कुमार, के अलावे सैकड़ो वादकारी, अधिवक्ता, व विभिन्न विभाग के अधिकारी, विभिन्न बैंक, इन्सुरेंस, के लोग उपस्थित थे।

### विधानसभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति की बैठक

## अस्पतालों में बाहर से दवाइयां खरीदना बंद करें : सरयू राय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** झारखण्ड विधानसभा के सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति सरयू राय ने शनिवार को परिसदन भवन में जिला स्तरीय पदाधिकारियों संग बैठक की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे समिति के सभापति सरयू राय ने स्वास्थ्य ,वन , खनन ,पर्यटन, पुलिसिंग हाउसिंग, आपूर्ति ,कल्याण ,विद्युत ,भवन निर्माण एवं उत्पाद विभाग समेत शहरी एवं ग्रामीण विकास विभाग आदि विभागों द्वारा संचालित किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। स्वास्थ्य विभाग के तहत कॉरपोरेशन के माध्यम से प्राप्त दवाइयों की उपयोगिता के बारे में जानकारी ली गयी। श्री राय ने कॉरपोरेशन द्वारा उपलब्ध करायी गयी दवाइयों की मैन्युफैक्चर डेट एवं एक्सपायरी डेट आदि के बारे में पूछा साथ ही मेडिकल इक्विपमेंट की आवश्यकता, सदर अस्पताल में उपलब्ध सुविधायें, एंबुलेंस की अद्यतन स्थिति तथा उनका परिचालन आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। श्री राय ने सिविल सर्जन को बाहर से क्रय किये जा रहे दवाइयों को बंद करते हुए अपने सरकारी सिस्टम के सप्लाई को सुदृढ़ करने पर बल दिया। पर्यटन विभाग की समीक्षा करते हुए जिले में जेटीडीसी भवनों की जानकारी ली। इसी तरह समिति द्वारा कई विभागों के कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुझाव दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।



### आइसा के प्रमंडलीय छात्र कन्वेशन में बोले विधायक विनोद

## देश में वैज्ञानिक शिक्षा की जगह नफरती माहौल तैयार किया जा रहा है

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** स्थानीय जीएलए कॉलेज में शनिवार को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) का प्रमंडल स्तरीय छात्र कन्वेंशन आयोजित हुआ। कन्वेशन में सर्वप्रथम छात्र आंदोलन में शहीद हुए सभी छात्र नेताओं को श्रद्धांजलि दी गई। स्वागत भाषण राज्य अध्यक्ष तरुण कुमार और संचालन रंजीत कुमार सिंह ने किया। बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में भाकपा माले के बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा के मामले पर सरकार गंभीर नहीं है। पूरे देश में बुनियादी सुविधाओं की घोर कमी है। छात्र परेशानियों का सामना कर रहे हैं। झारखण्ड की पिछली भाजपा सरकार ने राज्य में लगभग 12000 स्कूलों को बंद कर दी थी, इसके शिकार राज्य के गरीब और वंचित लोग हुए। मॉडल स्कूल बनाकर सरकार जनता को धोखा दे रही है। एक स्कूल को मॉडल बनाने के बजाय सभी स्कूलों को ठीक करने की जरूरत है। आज के दौर में वैज्ञानिक शिक्षा को बढ़ावा देने के बजाय नफरती माहौल तैयार किया जा रहा है। आज शिक्षा को बचाने के लिए बड़े छात्र आंदोनल की जरूरत है। आइसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलाशीष बोस ने कहा कि केंद्र सरकार ने नई शिक्षा नीति लाकर गरीब व मध्यम वर्ग के छात्रों को सीधे तौर पर बाहर करने का प्रयास किया है। सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षा को जान बूझ कर बर्बाद किया जा रहा है ताकि बड़े बड़े ऑनलाइन प्लेटफार्म मोटी रकम वसूली कर सके। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय जैसे संस्थान में सी यू ई टी लागू नही होना चाहिए, क्यूंकि ये इलाका अत्यंत पिछड़ा हुआ इलाका है। जहा छात्रों का ड्रॉप आउट रेट सबसे ज्यादा है। आइसा सस्ती व गुणवतापूर्ण शिक्षा, महिला सुरक्षा तथा सम्मानजनक रोजगार गारंटी हेतु संघर्षरत है। कन्वेशन की शुरूआत में एक मार्च निकाला गया,जिसमे लचर शिक्षा व्यवस्था और नई शिक्षा नीति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर भाकपा माले जिला सचिव आर एन सिंह, पलामू जिला सचिव गौतम दांगी, अध्यक्ष गुड्डु भुइयां, लातेहार जिला सचिव नागेंद्र राम,गढ़वा प्रभारी संजना मेहता, ममता कुमारी, विभा पुष्पा दीप, अजरानी निशानी पांकी मध्य जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी आदि ने भी छात्र कन्वेशन को संबोधित किया।




### डुमरी जीत का जश्न झामुमो ने भव्यता से मनाया

**मेदिनीनगर।** डुमरी में हुए उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी की जीत की खुशी में झामुमो के कार्यकताओं ने मेदनीनगर में पूरे उत्साह के साथ पूरे शहर में रैली निकालकर मनाया। इस रैली का नेतृत्व झामुमो के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने किया। पारंपरिक ढोल-नृत्य, आतिशबाजी के साथ मिठाई बांट कर झामुमो के कार्यकताओं ने जश्न मनाया। भाजपा और आजसू ने अपनी पूरी ताकत इस चुनाव में झोंक दी थी परंतु जनता ने जीत का माला झामुमो के प्रत्याशी बेबी देवी को पहनाया। जुलूस को संबोधित करते हुए अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा डुमरी उपचुनाव की जीत संकेत है की जनता हेमंत सरकार के साथ है। इस जुलूस में सचिव सन्नू सिद्धिकी, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, मुन्ना सिन्हा, मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, रंजन चंद्रवंशी, असफर, रब्बानी, संगठन सचिव नवीन सिन्हा, अनुराग प्रताप सिंह, शाहबाज खान, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, नगर अध्यक्ष रंजीत जायसवाल, व्यवसायिक मिर्च अध्यक्ष दीपू चौरसिया, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फजायल अंसारी, महिला मोर्चा सचिव संजू कुमारी, कोषाध्यक्ष राजिया नियाजी, अल्पसंख्यक सचिव सोनम खान, कोषाध्यक्ष मन्नत बग्गा छात्र मोर्चा के फैजल खान, कौशल किशोर सहित हजारों महिला एवम पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पशुओं को आवारा छोड़ दिये जाने पर जतायी चिंता

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, रेड़मा निवासी पंकज तिवारी, त्रिपुरारी तिवारी ने प्रेस बयान जारी कर नगर निगम में पशुओं को आवारा छोड़ दिए जाने पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के द्वारा बाजार से लेकर रेड़मा चौक तक झाड़ी नुमा पौधा लगाया गया था लेकिन उसका घेराव भी नहीं किया गया। वहीं दूसरी ओर शहर में खुला चल रहे आवारा पशु एवं साड़ ने हरा पौधा को खाकर बर्बाद कर रहे हैं। निगम के पदाधिकारी की नींद खुली तो वह उसकी जगह पर दूसरा लंबा पौधा लगाना शुरू किया है। नगर आयुक्त की इस कार्रवाई से मालूम पड़ता है कि उनकी सोच दूरदर्शी नहीं है। इतना ही नहीं इन खुले मवेशियों से आम जनमानस बच्चे गाड़ी चलाने वालों को भारी खतरा उत्पन्न हो गया है। कभी छह मुहान पर तो कभी बाजार में कभी रेड़मा चौक पर यह जानवर दौड़ते रहते हैं । कई लोग इस हादसे का भी शिकार हुए हैं । लेकिन नगर निगम प्रशासन को इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नौडीहाबाजार थाना क्षेत्र के सरईडीह गांव निवासी उपेंद्र साव उम्र करीब 30 वर्ष शुक्रवार की शाम 4:00 बजे कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बारे में उपेंद्र साव के परिजनों ने बताया कि उपेंद्र बुधवार को अपनी पत्नी को लेने पांकी ससुराल गया हुआ था। ससुराल में उसका किसी बात को लेकर पत्नी से झगड़ा हो गया। ससुराल से जब वह अपना घर पहुंचा तो वह काफी गुस्से में था। परिजन उससे गुस्सा होने का कारण भी पूछ रहे थे। इसके बाद वह अपने घर से पांच किलोमीटर दूर गया और वहीं पर कीटनाशक दवा का सेवन कर आत्महत्या कर लिया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी नौडीहा बाजार थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही नौडीहा बाजार थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय ग्रामीणों से घटना से संबंधित मामले के बारे में पूछताछ की परंतु स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को घटना के बारे में कुछ भी जानकारी नही दिया। इसके बाद पुलिस मृतक उपेंद्र साव के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दी।

### बैठक

### संकल्प यात्रा को ले विधायक ने कार्यकर्ताओं संग की चर्चा

## चैनपुर में ऐतिहासिक होगी मरांडी की जनसभा : आलोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की प्रस्तावित संकल्प यात्रा व जनसभा के सफल आयोजन को लेकर स्थानीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं की बैठक शनिवार को चैनपुर के पनेरी बांध स्थित शिवाय बद्री रिसोर्ट में हुई। बैठक का शुभारंभ पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। इस बैठक में पलामू सांसद बीडी राम समेत जिला व प्रखंड के साथ बूथ स्तर के कार्यकर्त्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बैठक को सम्बोधित करते हुए सांसद श्री राम ने कहा कि कार्यकताओं की भीड़ और उनका उत्साह बता रहा है कि 13 दिसम्बर को होने वाली संकल्प यात्रा कार्यक्रम डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक होगी। पार्टी के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने संकल्प यात्रा कार्यक्रम से जुड़ी विस्तारित जानकारी दी। विधायक श्री चौरसिया ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के पलामू आगमन एवम संकल्प यात्रा के दौरान कार्यकर्ता उनका भव्य स्वागत करेंगे। श्री मरांडी की जनसभा में बूथ स्तर से 15 हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। साथ ही मेरा देश मेरी माटी कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ता गांव-गांव जाएंगे और शहीदों के घर,पवित्र स्थलों से मिट्टी एकत्र कर दिल्ली भेजेंगे। आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित क्ये जायेंगे। बैठक में भाजपा के पलामू जिला अध्यक्ष विजयानन्द पाठक , विधायक प्रतिनिधि ट्विंकल गुप्ता ,अविनाश वर्मा,पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, महिला प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता , दुर्गा जौहरी, प्रभात भुइयां ,भीष्म चौरसिया, ज्ञानधन चौरसिया, परशुराम ओझा,बैजनाथ राम,संटू चौरसिया, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा,भाजयूमो जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय, जिला परिषद सदस्य चैनपुर प्रमोद सिंह,रामलव चौरसिया, धिरेन्द्र दूबे, कूलबुल दूबे, उदय शुक्ला, सोमेश सिंह, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह, पूर्णिमा वर्मा,जिला परिषद सदस्य रामगढ़ छोटन सिंह , चैनपुर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय समेत भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन आज, सारी तैयारियां पूरीं

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
जिला फुटबाल संघ के तत्वावधान में आयोजित झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन 10 सितंबर को किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। इसकी जानकारी चिनिया रोड स्थित होटल पद्मावती के हॉल मे आयोजित एक प्रेस र्ता में आयोजन समिति के अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम न सचिव आलोक मिश्रा ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में झारखंड के सभी जिलों के फुटबॉल खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि उद्घाटन समारोह का आयोजन 12 बजे किया जाएगा। उद्घाटन मैच गढ़वा बनाम चतरा के बीच खेला जाएगा। उद्घाटन मैच का आयोजन रामासाहू स्टेडियम में अपराह्न 2:00 बजे से किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि उक्त प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न जिलों से आने वाले खिलाड़ियों के लिए ठहरने व भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई है। ताकि खिलाड़ियों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि उक्त प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 18 सितंबर तक किया जाएगा। इस दौरान 23 मैच का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उक्त प्रतियोगिता के तहत गढ़वा जिला के सुदूरवर्ती क्षेत्र में भी मैच का आयोजन किया जाएगा ताकि सुदूरवर्ती क्षेत्र के फुटबॉल खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर सके। उन्होंने कहा कि उक्त प्रतियोगिता को लेकर राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय रेफरी को बुलाया गया है। ताकि मैच के दौरान किसी तरह की विवाद उत्पन्न ना हो सके। उन्होंने कहा कि तीनों अनुमंडल रंका, नगरऊंटारी एवं गढ़वा अनुमंडल मिलकर नौ प्रखंडों में मैच के आयोजन किया जाएगा। सभी मैचों का संचालन रेफरी सह मैच कमिश्नर मोहम्मद फरीद एवं




मोहम्मद साजिद अहमद की देखरेख में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला में पहली बार झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जो गढ़वा जिला के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को स्टेट टीम में शामिल किया जाएगा। प्रेस वार्ता में रेफरी सह मैच कमिश्नर मोहम्मद फरीद एवं मोहम्मद साजिद अहमद, वाहन प्रभारी आशुतोष पांडेय भी उपस्थित थे।

### उद्घाटन मैच गढ़वा बनाम चतरा के बीच खेला जाएगा

झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत 10 सितंबर को गढ़वा बनाम चतरा के बीच उद्घाटन मैच खेला जाएगा। 11 सितंबर को जामताड़ा बनाम खूंटी, लातेहार बनाम दुमका, लोहरदगा बनाम देवघर, 12 सितंबर को गुमला बनाम चक्रधरपुर, पलामू बनाम साहिबगंज, कोडरमा बनाम गिरिडीह, घाटशिला बनाम हजारीबाग के बीच मैच खेला जाएगा। वहीं सेकंड राउंड का मैच 13 सितंबर को विनर ऑफ 1बनाम बोकारो, विनर ऑफ टू बनाम रांची, विनर ऑफ 3 बनाम सरायकेला खरसावां, विनर का 4 बनाम गोड्डा, 14 सितंबर को विनर ऑफ 5 बनाम चाईबासा, विनर ऑफ 6 बनाम जमशेदपुर, विनर ऑफ 7 बनाम धनबाद, विनर ऑफ 8 बनाम रामगढ़ के बीच मैच खेला जाएगा। वहीं क्वार्टर फाइनल 15 सितंबर को विनर ऑफ 9 बनाम विनर ऑफ 10, विनर ऑफ 11 बनाम विनर ऑफ 12, विनर ऑफ 13 बनाम विनर ऑफ 14, विनर ऑफ 15 बनाम विनर ऑफ 16 के बीच मैच खेला जाएगा। इसके अलावे सेमीफाइनल 16 सितंबर को विनर ऑफ 17 बनाम विनर ऑफ 18 तथा विनर ऑफ 19 बनाम विनर ऑफ 20 के बीच मैच खेला जाएगा। फाइनल मैच 18 सितंबर को विनर ऑफ 21 बनाम विनर ऑफ 22 के बीच मैच खेला जाएगा।

### महिला जनप्रतिनिधियों की जगह बैठते हैं उनके पति

# प्रोटोकॉल की उड़ रहीं धज्जियां

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**
जिले के डंडई प्रखंड में प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ रही है। इन दिनों प्रोटोकॉल प्रखंड में सीधे तौर पर मजाक बनकर रह गया है। प्रतिशत आरक्षण देकर सरकार के द्वारा गांव की सरकार में स्थानीय महिलाओं को जिस उद्देश्य से जनप्रतिनिधि बनाया गया है प्रखंड में वह एक दिखावा साबित हो रहा है।

निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों की जगह उनके पति ही सरकारी कार्यों को निपटाने का काम करते रहते हैं। यहां तक कि पदाधिकारी के साथ बैठक करने से भी वे बाज नहीं आते हैं। वहीं पदाधिकारी के द्वारा भी महिला जनप्रतिनिधियों को नजरअंदाज कर उनके पति को ही ज्यादा तवज्जो देने का काम किया जाता है, जिस कारण उनके साथ बेबाक रूप में वे मीटिंग करने का काम करते हैं। शनिवार के दिन प्रखंड मुख्यालय के एक पीडीएस



दुकान की जांच के दौरान यह आमतौर पर देखा गया। दुकान की जांच करने पहुंचे एम ओ चोनाराम हेंब्रम के साथ उप प्रमुख की जगह उनके पति रामाशीष प्रसाद को कुर्सी पर डट कर बैठा देखा गया। उक्त मामले को लेकर ग्रामीणों के द्वारा जब पुरजोर विरोध किया जाने लगा तो आनन फानन में उप प्रमुख अंजली देवी को वहां पर बुलाया गया। दुकानदार रामगुलाम साह की दुकान पर जिस शिकायत के मामले की जांच करने एम ओ पहुंचे थे उस शिकायत को ग्रामीणों के द्वारा दुर्भावना से ग्रसित शिकायत बताया।

ग्रामीण याकूब अंसारी, राजेंद्र राम, अकबर अंसारी, कुदुस अंसारी, अजय ठाकुर, नंदू प्रसाद इत्यादि लोगों ने कहा कि यह एक दुकानदार की बात नहीं है बल्कि प्रखंड के सभी जन वितरण दुकानदारों से जुड़ा है। उप प्रमुख को इस विषय को लेकर किसी व्यक्ति विशेष के बजाय प्रखंड भर के पीडीएस दुकानदारों के बारे में शिकायत करनी चाहिए थी क्योंकि यह मामला सभी से जुड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने उप प्रमुख की इस शिकायत को दुर्भावना से ग्रसित होकर शिकायत करने की आशंका जताई। वार्ड सदस्य श्रीकांत प्रसाद ने भी इसका खुलकर विरोध किया और कहा कि यह शिकायत दुर्भावना से ग्रसित लग रही है। इस दौरान श्रीकांत ने एम ओ को लिखित आवेदन दिया और कहा कि उक्त दुकानदार के लाभुकों की तरह ही प्रखंड के अन्य जन वितरण दुकानदार के लाभुकों से भी पूछताछ करने की जरूरत है। उन्होंने डंडाई पंचायत के डीलर पारस नाथ, ज्वाला महिला समूह, विंध्याचल महिला समूह, शफीक अंसारी, महजुद्दीन अंसारी इत्यादि पीडीएस दुकानदारों के नामों का उल्लेख किया। वहीं एम ओ ने कहा कि डीएसओ के निर्देश पर वह उक्त मामले की जांच करने आए हैं।

# गुरूड़ गांव की महिला की सड़क दुर्घटना में मौत

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
केतार प्रखंड क्षेत्र के लोहरगाड़ा पंचायत के गुरूड़ गांव निवासी आनंद मेहता की पत्नी सबिता देवी (22) की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सबिता जाता गांव से अपने बहन से मुलाकात कर अपने घर गुरूड ससुर के साथ बाइक से आ रही थी। इसी दौरान आटौला गांव के समीप सबिता बाइक से अचानक गिर गई, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिकी उपचार के बाद गंभीरावस्था को देखते हुए डॉक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स ले जाने के दौरान सबिता की रास्ते में ही हो गई। महिला का शव शनिवार को गुरूड़ गांव पहुंचा, गांव में शव पहुंचते ही मातम पसर गया। परिजनों ने बताया महिला का पति पुणा में मजदूरी करता है। उसके वहां से आने के बाद रविवार को अंतिम संस्कार किया जायेगा।

### सड़क हादसे में मां-बेटा गंभीर रूप से घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-चिनियां मार्ग पर मेराल थाना क्षेत्र के डंड़टूटी के समीप सड़क दुर्घटना में मां-बेटा गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों में मेराल थाना क्षेत्र के पेंदली गांव निवासी मुस्तफा अंसारी की पत्नी शहरून बीबी एवं पुत्र अमीर हसन अंसारी शामिल हैं। दोनों घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया गया कि शहरून बीबी ने दांत का इलाज कराने के लिए अपने पुत्र के साथ मोटरसाइकिल से गढ़वा आ रही थी। इस दौरान डंड़टूटी के समीप सड़क पर एकाएक कुत्ते का झुंड उसकी मोटरसाइकिल के सामने आ गया। इससे बचने के प्रयास में अमीर हसन अंसारी की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में मां-बेटा गंभीर रुप से घायल हो गए। अमीर हसन के सिर, चेहरा समेत शरीर के विभिन्न हिस्से में चोट लगी है। शहरून बीबी के चेहरे में चोट लगी है।

# सरकार के कार्य व परिणाम दोनों दिख रहे हैं : मिथिलेश

### 56 करोड़ की लागत से 10 जर्जर सड़कों का होगा निर्माण, मिली स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
गढ़वा में लगभग 56 करोड़ रुपये की लागत से 10 जर्जर सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही इन सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाएगा।

गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सभी सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जा रहा है। इन सड़कों में 12 करोड़, 71 लाख, तीन हजार, 400 रुपए की लागत से 21.75 किलोमीटर लंबी सड़क रंका प्रखंड में एनएच 343 सिकरदाहा से जोलांग (बहाहरा स्कूल) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य , रंका-खपरो मुख्य पथ से सेवाडीह मुख्य पथ वाया छात्रावास श्मशान घाट तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, 13 करोड़, 92 लाख , 69 हजार, 900 रुपए की लागत से 16.455 किमी रामकंडा प्रखंड में चुटिया बलीगढ़ पीएमजीएसवाई पथ दुर्जन से रामकंडा भंडारिया पीडब्ल्यूडी पथ बैरिया भाया बरवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, मेराल प्रखंड में एल 28 से बोकेया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, 14 करोड़, 87 लाख, 56 हजार, तीन सौ रुपए की लागत से 19.23 किमी मेराल प्रखंड में टी 2 से गेरुआसोती से कोटाम तक, रामकंडा प्रखंड में एल 21 सबाने से चुपरी तक, एल 031 उदयपुर से पुनदाग तक, रंका-रामकंडा पीडब्ल्यूडी पथ केरवा से गासेदाग पीडब्ल्यूडी पथ वाया कुटी तक, मेराल प्रखंड में एल 54 टी 04 से अधौरी तक तथा 14 करोड़, 62 लाख, 22 हजार तीन सौ रुपए की लागत से 18.48 किलोमीटर टी 04 चिनिया खुथुआ मोड़ पीडब्ल्यूडी रोड बंदू से दुधवल कनहर नदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि गढ़वा की काफी लंबे समय से जर्जर हो चुकी इन 10 सड़कों का कायाकल्प किया जा रहा है। इसके सुदृढ़ीकरण से ग्रामीणों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार हर क्षेत्र में बेहतर विकास कार्य कर रही है। सरकार के कार्य और परिणाम दोनों धरातल पर दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि विपक्ष के लाख हथकंडा अपनाने के बावजूद डुमरी की जनता ने सरकार के कार्यों का उचित परिणाम दिया है। आने वाले समय में पूरे झारखंड में विपक्षियों को मुंह की खानी पड़ेगी। अब यह साबित हो चुका है कि जनता को सिर्फ विकास चाहिए। जो भी सरकार झारखंड एवं झारखंड वासियों की हित में कार्य करेगी, जनता उसी को सरताज पहनाएगी।

# सरकार बूढा पहाड़ के विकास को कृत संकल्पित

### डीसी ने बीपीडीपी को लेकर ग्रामीणों संग की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**
जिले उपायुक्त शेखर जमुआर ने प्रखंड अंतर्गत टेहरी पंचायत सचिवालय में शनिवार को बूढा पहाड़ डेवलमेंट प्रोग्राम बीपीडीपी के तहत एक बैठक आयोजित कर टेहरी पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा एवं निर्देश दिए। इस मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावा अंचल पदाधिकारी मदन महली, बीपीओ हाशिम अंसारी, प्रमुख शांति देवी, मुखिया बिनको टोप्पो, एई विकास सिंह, पंचायत सचिव एरियल कच्छप आदि सहित अन्य लोग उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार बूढा पहाड़ के चहुमुखी विकास के लिए कृत संकल्पित है। इसी के तहत यहां स्वास्थ, शिक्षा, पेयजल, बिजली आदि का शत प्रतिशत लाभ ग्रामीणों



को मिले जिसके लिए जिला प्रशासन मुस्तैदी के लगी हुई है। उन्होंने कहा कि बूढा पहाड़ के विकास के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि अगले मार्च माह तक टेहरी पंचायत के प्रत्येक घर में नल के पानी का कनेक्शन चला जायेगा। इसके अलावे बूढा पहाड़ को जो क्षेत्र है वहां भी हमने पी एचईडी के माध्यम से पानी ऊपर पहुंचया है। साथ ही सोलर आधारित बिजली भी पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि टेहरी पंचायत के कुल ग्यारह गांव व 27 टोले में निवासरत ग्रामीणों को सभी सरकारी लाभ प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय किशोर रजक को टेहरी पंचायत क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ विपिन कुमार भारती ने मनरेगा, कृषि, पेंशन, जन्म मृत्यु, केसीसी, बल विकास आदि से संबंधित प्रतिवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया। बीडीओ ने कहा कि केसीसी के जितने भी आवेदन जेआरजी बैंक को भेजे गए उसमें एक की भी स्वीकृति बैंक द्वारा नहीं दी गई। उपायुक्त ने टेहरी पंचायत में पीएम आवास निर्माण कार्य में संतोषजनक प्रगति नहीं पाए जाने पर पंचायत सचिव विश्वनाथ राम को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में खेल के मैदान का निर्माण कराया जाना है। इसके लिए लोग आगे आए जमीन चिन्हित कर बताए। सभी सुविधाओं के साथ खेल मैदान का निर्माण कराया जाएगा।

### महिला ने जहर खा की आत्महत्या की चेष्टा

**गढ़वा।** रमना थाना क्षेत्र के झुरहा गांव निवासी बिंदु मेहता की पत्नी बिंदा देवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि बिंदा देवी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उसने खेत में घास नष्ट करने के लिए रखे गए कीटनाशक को खा लिया। उसकी तबीयत बिगड़ने पर स्वजनों को इसकी जानकारी मिली। तब उसे अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। सदर अस्पताल में इलाजरत बिंदा देवी की हालत में सुधार हो रहा है।

# बागवानी के लिए नहीं मिल रहे हैं पौधे

### पौधे उपलब्ध नहीं होने से लाभुकों में नाराजगी


**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
प्रखंड में आम बागवानी योजना के लाभुकों को अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में भी प्रखंड कार्यालय द्वारा इमारती और फलदार पौधा उपलब्ध नहीं होने की वजह से अब तक पौधारोपण नहीं हो सका है। पौधा के लिए लाभुक पंचायत सचिवालय से प्रखंड कार्यालय का चक्कर प्रतिदिन लगा रहे हैं। गौरतलब है कि कोरोना काल में सरकार द्वारा मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बिरसा हरित ग्राम बागवानी योजना शुरू की गई थी। इससे प्रखंड के किसानों को लाभ भी मिला है, लेकिन इस वर्ष अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में पौधा उपलब्ध नहीं होने से लाभुकों ने नाराजगी जताई है किसानों का कहना है कि पौधारोपण का समय निकलते जा रहा है। वहीं एक दर्जन लाभुकों को पर्याप्त मात्रा में खाद और कीटनाशक दवा भी नहीं मिल पाया है। मुकुंदपुर पंचायत में इस वर्ष। 47 बागवानी योजना संचालित हो रही है। जबकि केतार पंचायत में 9, परती कुशवानी पंचायत में 23,परसोडीह पंचायत में 12 ,पाचाडुमर पंचायत में 31 योजना, बलिगढ़.पंचायत में 13, और लोहरगाडा.पंचायत में मात्र एक योजना संचालित हो रहा है। फिलहाल परती कुशवानी, परसोडीह और पाचाडुमर पंचायत के कुछ लाभुकों को ही पौधा उपलब्ध कराया गया है। इस संबंध में प्रभारी बीपीओ मनोज कुमार ने बताया कि बारिश नहीं होने के कारण लाभुकों को पौधा उपलब्ध नहीं हो सका था। दो-तीन में पौधा उपलब्ध करा दिया जायेगा।

**धर्म-कर्म**

### कर्ज लेकर बड़ा आदमी होने का दिखावा करना अपराध है : जीयर स्वामी

# कामना उत्पन्न होते ही कर्तव्य से विमुख हो जाता है मनुष्य

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
जीयर स्वामी ने कहा कि मनुष्य के अंदर कामना उत्पन्न होते ही अपने कर्तव्य से तथा अपने भगवान से विमुख हो जाता है। और नाशवान संसार के समीप चला जाता है। साधक को न तो लौकीक इच्छाओं की पूर्ति की आशा रखनी चाहिए और ना ही परमार्थी की इच्छा की पूर्ति से निराशा ही होनी चाहिए। कामनाओं के त्याग में स्वतंत्र अधिकारी योग्य और समर्थ है परंतु कामनाओं की पूर्ति में कोई भी स्वतंत्र अधिकारी योग्य और समर्थ नहीं है। जैसे-जैसे कामनाएं नष्ट होती जाती है वैसे वैसे साधुता आती है। और जैसे-जैसे कामनाएं बढ़ती जाती है वैसे-वैसे साधुता आती होती जाती है। कामना मात्र से कोई भी पदार्थ नहीं मिलता अगर मिलता भी है तो सदा साथ नहीं रहता। ऐसी बात प्रत्यक्ष



होने पर भी पदार्थों की कामना रखना प्रमाद ही है। मेरे मन की हो जाए इसको कामना कहते हैं। यह कामना ही दुख का कारण है इसका त्याग किए बिना कोई सुखी नहीं रह सकता। जब हमारे अंतरण में किसी प्रकार की कामना नहीं रहेगी तब हमें भगवत प्राप्ति की भी इच्छा नहीं करनी पड़ेगी। प्रत्यूत भगवान स्वतः प्राप्त हो जाएंगे। संसार की कामना से पशुता का और भगवान की कामना से मनुष्यता का आरंभ होता है। मनुष्य की जीवन तभी कष्ट में होता है जब उसके मन में सुख की इच्छा होती है और मृत्यु तभी कष्टमई होती है जब जीने की इच्छा होती है। यदि वस्तु की इच्छा पूरी होती हो तो उसे पूरी करने का प्रयत्न करते और यदि जीने की इच्छा पूरी होती तो मृत्यु से बचने का प्रयत्न करते। परंतु इच्छा के अनुसार ना तो सब वस्तुएं मिलती है और नाहीं मृत्यु से बचाव ही होता है। इच्छा का त्याग करने में सब स्वतंत्र हैं कोई पराधीन नहीं है और इच्छा की पूर्ति करने में सब पराधीन है कोई स्वतंत्र नहीं है। सुख की इच्छा आशा और भोग यह तीनों संपूर्ण दुखों के कारण है। हमको बहुत सम्मान मिले इसी कारण जीवन में अपमान मिल जाता है। किसी भी चीज की मन में चाह रखना ही दरिद्रता है। लेने की इच्छा करने वाला सदा दरिद्र ही रहता है। मनुष्य को कर्मों का त्याग नहीं करना है बल्कि कामना का त्याग करना है। मनुष्य को वस्तु गुलाम नहीं बनाती उसकी इच्छा गुलाम बनाती है। यदि शांति चाहते हो तो कामना का त्याग करो कुछ भी लेने की इच्छा भयंकर दुख देने वाली है। जिसके पास भी ईक्षा है उसको किसी न किसी के पराधीन होना ही पड़ेगा। अपने लिए सुख चाहना राक्षसी वृति है। भोग और संग्रह की इच्छा पाप कराने के सिवा और कुछ नहीं कराती। अतः इस इच्छा का त्याग कर देना चाहिए। अपने लिए भोग और संग्रह की इक्षा करने से मनुष्य पशुओं से भी नीचे गिर जाता है तथा इक्षा का त्याग करने से देवताओं से भी ऊंचे उठ जाता है।

### दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजनों को एक लाख मुआवजा

**केतार।** सड़क दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर एक लाख रुपये मुआवजा राहत के रूप में देने का प्रावधान है।

इसकी जानकारी देते हुए शनिवार को बीडीओ सह सीओ मुकेश मछुआ ने बताया कि इसका लाभ लेने के लिए सड़क दुर्घटना से संबंधित पीड़ित परिवार को अंचल अधिकारी के नाम से आवेदन देना होगा। आवेदन के साथ में मृतक का पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मृत्यु प्रमाण पत्र,आश्रित परिवार का खाता, आधार संलग्न कर अंचल कार्यालय में एक सप्ताह के अंदर जमा करें ताकि मुआवजा के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सके और मुआवजा का लाभ अविलंब दिलाया जा सके।

## संक्षिप्त

### आंगनबाड़ी केंद्र पर मनाया गया पोषण दिवस



**केतार।** केतार प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत के ताली गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को पोषण दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर दो महिलाओं का गोदभराई और एक बच्चा का अन्नप्राशन कराया गया। कार्यक्रम में पौष्टिक भोजन बनाने की समाग्री का प्रदर्शन भी किया गया। आंगनबाड़ी सेविका सोनी देवी ने कहा कि निरोग एवं स्वास्थ्य रहने के लिए पौष्टिक आहार लेना जरूरी है। उन्होंने गर्भवती और धात्री महिलाओं को अंकुरित अनाज, दाल, सब्जी, फल और हरे पत्तेदार सब्जी में मिलने वाले पौष्टिक आहार की जानकारी दी। वहीं बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और लाभों के बारे में भी जानकारी दी गई।

### 'इंडिया गठबंधन की जीत लोकतंत्र की जीत'

**केतार।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी की जीत पर यूथ कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष चंदन प्रसाद ने लोकतंत्र की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव इंडिया महागठबंधन का पहला चुनाव था। इसमें पार्टी की जीत उत्साहित करने वाली है। उन्होंने कहा कि देश में मंहगाई, बेरोजगारी बढ़ गई है। युवा रोजगार के लिए दर- दर की ठोकरें खा रहे हैं। डुमरी की जानता ने भाजपा के दो सौ रुपये रसोई गैस में छुट जैसे लॉलीपॉप को नकार दिया है। आने वाले लोकसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन की जीत सुनिश्चित है।

### डुमरी की जीत पर झामुमो ने मनाया जश्न

**भवनाथपुर।** डुमरी उपचुनाव में मिली जीत पर भवनाथपुर में झामुमो कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। खरौधी मोड़ में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। पूर्व विस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने कहा कि डुमरी की जनता ने भारी विजयी दिलाकर जननेता स्व जगन्नाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम किया है। डुमरी उपचुनाव में मिली जीत हेमंत सरकार की लोकप्रियता को दर्शाता है। 2024 में फिर से भारी बहुमत से जेएमएम गठबंधन की सरकार बनेगी। प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि यह जीत असत्य पर सत्य की जीत है। मौके पर कुंदन ठाकुर, गोपाल यादव, शमशेर अंसारी, सुरेश गुप्ता, नावलेज पासवान मनोज चंद्रवंशी, विजय रावत, विनोद सिंह, दीपक वर्मा आदि मौजूद थे।

### मवि का अनुश्रवण व भौतिक सत्यापन हुआ

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के चितविश्राम ग्राम स्थित उच्च विद्यालय तथा बरडीहा ग्राम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय का अनुश्रवण एंव भौतिक सत्यापन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन एंव सीआरपी संजय कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस अनुश्रवण एंव भौतिक सत्यापन में मुख्य रूप से पीएम श्री के लिये चयनित स्कूल के विभिन्न इंडिकेटर्स का भौतिक सत्यापन किया गया प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन ने विद्यालय में निरीक्षण के दौरान पीएम श्री चयनित स्कूलों के तहत विद्यालय में उपस्थित सभी अहर्ताओं का सूक्ष्म तरीके से मूल्यांकन किया गया। साथ ही मूल्यांकन के क्रम में सभी पात्रता को देखा गया और जो कमियां पाई गई उन्हें सुधार करने का सुझाव दिया गया। उपस्थित शिक्षक तनवीर आलम ने कहा कि विद्यालय में जो भी कमियां हैं उसे दुरुस्त कर लिया जायेगा। मौके पर बीआरसी रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल, कंप्यूटर आपरेटर रोहित कुमार, शिक्षक द्वारिका नाथ पांडेय सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### सरैया में सहिया का चुनाव वोटिंग से हुआ

**भवनाथपुर।** प्रखंड के पंडरिया पंचायत के सरैया में सहिया का चुनाव सर्वसम्मति नहीं बनने के कारण वोटिंग के माध्यम से किया गया। रंगिता कुंवर पति स्व चितरंजन कुमार को 38 मत, नमिता गुप्ता पति आशीष कुमार को 15 मत, रिंकू देवी पति सोमनाथ साह को 14 मत प्राप्त हुआ। रंगिता कुंवर को विजय घोषित किया गया। मौके पर पर्यवेक्षक बीटीटी ब्रज मोहन पासवान, मुखिया प्रतिनिधि अनिल चौबे, एएनएम अंचला कुमारी, ग्रामीण महावीर साह, रमेश साह, भरत साह बीरबल साह, अनिल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अखिलेश साह, चंद्रकेश्वर साह, ब्रजेश कुमार, संतोष साह, शिवनंदन साह, आशीष साह, अवधेश साह, पंकज, नंदू साह, अतुल कुमार, अभिशेख, रीना देवी, गीता देवी, ललिता देवी, सोनी देवी, सुनीता, संगीता देवी, कंचन देवी उपस्थित थे।

### वृद्ध को सांप ने डसा, सदर अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के चिरौंजिया गांव निवासी अलमुद्दीन अंसारी को सांप ने डस लिया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि अलमुद्दीन अंसारी ने धान के फसल में खाद डाल रहा है। इस दौरान उसके बायां पैर में सांप ने डस लिया। इसके बाद उसके स्वजनों ने उसे सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया।

### सीओ ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त



**मेराल।** अवैध रूप से बालू ले जा रहे ट्रैक्टर को शुक्रवार के रात्रि में संगबरिया गांव में सेमर पेड़ के पास से सीओ निकिता बाला ने जब्त कर लिया। थाने में प्राथमिक दर्ज कराई गई। इस संबंध में सीओ ने बताया कि भ्रमण के दौरान मेराल बंका मार्ग में संगवारिया गांव के सेमर पेड़ के पास अवैध बालू ले जा रहे ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। ट्रैक्टर का चालक रात्रि का फायदा उठाकर फरार हो गया। सीओ निकिता बाला ने कहा कि अवैध रूप से बालू ढुलाई करने वालों के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा।

### विद्युत विभाग के कनीय अभियंता ने रोया संसाधन की कमी का रोना

# 20सूत्री सदस्यों की बैठक में उठा बिजली के जर्जर तार का मामला



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को प्रखंड 20 सूत्री सदस्यों की समीक्षा बैठक अध्यक्ष नसीम अंसारी की अध्यक्षता व प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के संचालन में आयोजित की गई। इसमें पिछली बैठक में सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर की गई कार्रवाई की जानकारी बीडीओ द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों को दी गई। बैठक में पूर्व की भांति कई विभागों के सदस्य अनुपस्थित थे जिन्हें स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।

20सूत्री उपाध्यक्ष रंजीत कुमार राजू ने गुरुवार रात्रि छेंचा पंचायत में धारा प्रवाह विद्युत तार से मजदूर अनीश राम की हुई मौत के लिए बिजली विभाग को दोषी बताते हुए प्रखंड के सभी जर्जर तारों को बदलने की मांग की। राजू ने कहा कि समय रहते जर्जर तारों को अविलंब बदला जाए ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो। इसके जवाब में विद्युत विभाग के कनीय अभियंता वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि पर्याप्त मात्रा में विद्युत तार उपलब्ध नहीं रहने के कारण सभी जगह के तार बदलने में परेशानी हो रही है। अंसारी ने बाल विकास योजना द्वारा संचालित सभी केंद्रों का समय पर नहीं खुलने एवं इसका लाभ पोषित क्षेत्र के बच्चों को नहीं मिलने का मामला उठाते हुए इसमें सुधार लाने का निर्देश दिया। बैठक में सदस्य प्रिंस राज गुप्ता, सुनीता पाल, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण, पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार, बीपीएम अभय कुमार, कई विभागों के अधिकारी व काफी संख्या में कर्मी उपस्थित थे।

## अवैध बालू लोड 2 ट्रैक्टर जब्त



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के बलबन नदी से अवैध रूप से बालू उठाव कर रहे दो ट्रैक्टर को अंचल प्रशासन ने जब्त किया है। जब्त ट्रैक्टर को अंचल प्रशासन द्वारा अग्रेतर कार्रवाई हेतु सौप दिया है। इस बाबत अंचल अधिकारी जयशंकर पाठक ने दो ट्रैक्टर पर अवैध रूप से बालू उठाव करने के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज कराई है। बताया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार देर रात बलबल नदी में छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमे अवैध रूप से बालू उठाव कर रहे दो ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया। इधर रात्रि में प्रशासन द्वारा अवैध बालू उठाव के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाने पर बालू माफीओं में हड़कंप मच गया है। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव, पुलिस अवर निरीक्षक विजय कुमार गुप्ता व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# महुआडांड़ में विधायक ने रखी चार योजनाओं की आधारशिला

### बोहटा से खपरतल्ला होते हुए बरदौनी तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य का भी शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड** विधायक रामचंद्र सिंह ने शनिवार को प्रखंड के दर्जनों ग्रामो का दौरा कर अपने विधायक मद से 14 लाख रुपये की लागत से चार जनोपयोगी योजना तथा तीन करोड़ चौदह लाख रुपये की लागत से ग्रा. वि. वि.(ग्रा. का. मा.) कार्य प्रमंडल लातेहार, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद अंतर्गत बोहटा से खपरतल्ला होते हुए बरदौनी तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य की आधारशिला रखी।

सिंह ने इस दौरान विधायक योजनामद से प्रखंड के ग्राम हामी चर्च में चबूतरा निर्माण, सुग्गी में चर्च के सामने स्थित आखरा में पीसीसी निर्माण, केनाटोली आखरा में पीसीसी निर्माण तथा ग्राम चटकपुर में देवी मंडप से सिबरू बड़ाईक के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य समेत कुल पांच योजनाओं का शिलान्यास किया।

इस मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मो. इफ्तेखार अहमद, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, उपप्रमुख अभय मिंज, रामनरेश ठाकुर, संवेदक मनीष सिंह, मो. असीम जफर, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर सोहेल, मो. रानु खान, मो. तनवीर उर्फ रिन्कु, समाजसेवी सुभाष प्रसाद, नुरूल अंसारी, मुखिया रेणुका टोप्पो, उषा खलखो, उपमुखिया राजेश कुजूर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## डीसी ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** उपायुक्त अबु इमरान ने शनिवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। एक-एक कर लोगों ने अपनी-अपनी समस्यओं को लेकर उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्री इमरान से मिल उन्हें समस्याएं सुनाया। उपायुक्त ने जनता दरबार में मिलने आए सभी शिकायतकताओं की बारी बारी से समस्याएं सुन, जल्द समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। समस्याओं में मुख्य रूप से जमीन, राशन, कब्रिस्तान घेराबंदी समेत अन्य मामले शामिल है। ज्ञात हो कि उपायुक्त श्री इमरान के निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रखंड क्षेत्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के द्वारा रोस्टर अनुसार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। जिससे सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों के शिकायतों का निष्पादन प्रखंड मुख्यालय स्तर पर ही किया जा सके। वहीं सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## पाठ्य पुस्तकें व नोटबुक पहुंचाना सुनिश्चित करें

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में शनिवार को की गई। इसमें मुख्य रूप से छात्र-छात्राओं का बैंक खाता, मध्याह्न भोजन (एमडीएम), छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल बैग, नोटबुक, किताब, पोशाक, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, उत्कृष्ठ विद्यालय, मॉडल स्कूल, स्मार्ट क्लासेस समेत अन्य की प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सभी योग्य छात्र-छात्राओं का बैंक एवं पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाएं। राज्य से प्राप्त छात्र-छात्राओं के लिए नोटबुक व किताबों का वितरण शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। वैसे बच्चें जो अधूरी पढ़ाई कर स्कूल छोड़ रहे है उन्हें चिन्हित कर वापस स्कूल लाने का निर्देश दिया गया।

## मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान के क्रियान्वयन को लेकर हुई बैठक




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में इन्द्रधनुष 5.0 के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें मिशन इंद्रधनुष 5.0 टीकाकरण अभियान को लेकर तैयारियों की जानकारी लेते हुए समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी दीपाली भगत, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, व अन्य जिला पदाधिकारी, सभी बीडीओ एवं अंचल अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित थे।

जिला में 7 से 12 अगस्त तक प्रथम चरण में चलाया गया। 11 से 16 सितंबर द्वितीय चरण व 9 से 14 अक्टूबर को तृतीय चरण के तहत टीकाकरण किया जाएगा। इस दौरान उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के तहत वैसे बच्चे जिनका टीकाकरण अधूरा रह गया है उन्हें चिन्हित कर टीकाकरण कराने का लक्ष्य रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी ये सुनिश्चि करें कि इस बार कोई भी बच्चा बिना टीकाकरण के नहीं रहना चाहिए। डीपीएम द्वारा बताया गया की सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं व योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान के अंतिम व्यक्ति को मिले इस उद्देश्य से जिला अंतर्गत आगामी 14 सितंबर से 18 सितंबर तक प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाना है। प्रखंड स्वास्थ्य मेला में सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, कुष्ठ नियंत्रण, टीकाकरण, परिवार नियोजन परामर्श, टीबी नियंत्रण, आईईसी परिवार कल्याण, मलेरिया, मोतियाबिंद जांच, ईएनटी जांच (आंख, कान, गला), अंधापन की रोकथाम (आंखों की जाच) धूम्रपान और तंबाकू के सेवन के प्रभाव, कैंसर नियंत्रण जागरूकता, व्यक्गित / पर्यावरणीय स्वच्छता, दंत चिकित्सा जांच, त्वचा की जांच, पुर्नवास, पोषण के लिए परामर्श, आरटीआई / एसटीआई/ एड्स नियंत्रण के लिए परामर्श, भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद, युनानी, होम्योपैथी निम्नलिखित सेवाएं प्रदान की जानी है।

## वृद्ध की मौत के मामले में युवक को भेजा जेल

**बरवाडीह।** थाना क्षेत्र के उकामाड पंचायत क्षेत्र अंतर्गत थुकदाहा टोला में शुक्रवार को एक वृद्ध व्यक्ति सुखलाल सिंह पिता बितन सिंह की मृत्यु विद्युत प्रवाहित एलटी तार की चपेट में आने से हो गई। इसकी सूचना पाकर बरवाडीह पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बताया कि पुलिस के द्वारा सत्यापन के क्रम में पता चला कि गांव के किसान बिनोद सिंह पिता विशुनदेव सिंह के द्वारा अपनी फसल (मक्का) की सुरक्षा के लिए बिजली के नंगे तार में विद्युत प्रवाहितकर जंगली सुअरों के द्वारा फसल बबार्दी को रोकने के लिए लगाया गया था।

फसल की सुरक्षा के लिए किसान विनोद सिंह द्वारा खेत में करंट प्रभावित कर फैलाया गया था। इसकी चपेट में आने से गांव की वृद्ध किसान सुखलाल सिंह की मौत हो गई थी।

## तीन लोगों के आश्रितों को मिला 9 लाख का चेक



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** हाथियों के हमले में मारे गए एक ही परिवार के तीन लोगों के आश्रित को वन विभाग के द्वारा नौ लाख रुपये का चेक जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी द्वारा सौंपा गया। बताते चलें कि बीती 4 मई की देर रात्रि चंदवा थाना क्षेत्र के माल्हन गांव में हाथियों के झुंड ने भट्ठा मजदूर की झोपड़ी तोड़ते हुए एक मासूम बच्ची समेत एक ही परिवार के तीन सदस्य फनी भुईयां, बबीता देवी और एक मासूम बच्ची मंजीशा कुमारी (सभी सरईडीह भंडरिया जिला गढ़वा) को कुचल कर मार डाला था। ये अपने जीविकोपार्जन के लिए भट्ठा में मजदूरी करने के लिए चंदवा आये हुए थे। उस समय तात्कालिक सहायता के रूप में कुछ रुपये दिये गए थे।

इस मौके पर वन क्षेत्र पदाधिकारी राकेश कुमार, बीरेंद्र कुमार और वन रक्षी उपस्थित थे।

## शिक्षक दिवस सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**चतरा।** शहर के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित इन्दिरा गांधी आवासीय विद्यालय में शनिवार को शिक्षक दिवस सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का अयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक आनंद कुमार सिंह ने कार्यक्रम की शुरूआत की। उसके बाद वर्ग दशम के छात्राओ के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर शिक्षकों का स्वागत किया गया और सभी शिक्षकों को उपहार भेंट किया गया। इसके उपरांत इस अवसर पर छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम के लिए इशिका ग्रुप को प्रथम, माही ग्रुप को द्वितीय व नाटक सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव को तृतीय पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक शाहनवाज आलम, मनोज कुमार लहरी, पूनम सिंह, राजू कुमार, सुरेश कुमार, प्रज्ञा पाठक, अमन कुमार, निर्मला कुमारी, काजल कुमारी, मधु आदि ने सराहनीय प्रयास किया।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व मंत्री यमुना सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** झारखंड प्रदेश के प्रथम वन एवं पर्यावरण मंत्री दिवंगत यमुना सिंह की 12वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री की राजा मेदनी राय इंटर कॉलेज में स्थापित प्रतिमा पर उनकी पुत्री मंजू सिंह के साथ जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अवधेश सिंह चेरो, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, कॉलेज के प्रिंसिपल अश्वनी मिश्रा माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवनकाल और उनके कार्यों को याद किया गया। इस दौरान उनके पौत्र तुषार सिंह, भाजपा महामंत्री प्रदीप सिंह, मनोज प्रसाद, विकास कुमार सिंह मनोज कुमार यादव, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल,पारस जायसवाल, हेमंत कश्यप, नंनदेव सिंह, प्रोफेसर अरुण कुमार कुमार, संतोष कुमार अर्चना सिंह, माला कुमारी राजेंद्र कुमार शर्मा, अनीता शर्मा अमित कुमार सिंह, सुजीत कुमार सोनी, प्रेम कुमार सिंह, सुदामा सोनी विष्णु राम, उपेंद्र प्रसाद समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

**आस्था** | श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कृष्ण के बाल रूप व विवाह प्रसंग सुनाए गए

# अन्याय के खिलाफ लड़ना सिखाता है सनातन



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड मुख्यालय के प्राचीन पहाड़ी मंदिर परिसर में राधा रमन भगवत प्रचार मंडली के द्वारा कराई जा रहे श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित अनुराग कृष्ण शास्त्री ने भगवान कृष्ण के जन्म के बाद उनके बाल स्वरूप के साथ उनके विवाह प्रसंग सुनाया।

कहा कि भगवान कृष्ण सनातन धर्म के सबसे पूजनीय हैं और उनका स्वरूप प्रेम के प्रतीक के रूप में है जहां उनकी लीला अपरंपार है। कहा कि आज के दौर में भले ही सनातन धर्म के प्रति भ्रांतियां फैलाई जा रही है पर यह कभी और किसी भी युग में खत्म नहीं होने वाला धर्म है क्योंकि यही धर्म लोगों को सभी का सम्मान करने के साथ-साथ अन्याय के खिलाफ लड़ना सिखाती है। भागवत कथा के दौरान वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा भगवान श्री कृष्ण के विवाह की आकर्षक झांकियां दिखाई गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे प्रसिद्ध कथा वाचक के गीतों पर झूमते नाचते नजर आए।

इस मौके पर जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, निरंजन सिंह, अरुण कुमार सिंह, स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी, रंजीत कुमार राणा, कृष्णा राम, मृत्युंजय मिश्रा, गिरधारी मिश्रा, राकेश सिंह, नंद देव राम, हुलास कुमार सिंह के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## 'डुमरी में जहरीले फल व फूल को कूड़ेदान में फेंका'

**चंदवा।** प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने डुमरी विधानसभा के उप चुनाव में इंडिया समर्थित झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी को विजयी बनाने के लिए वहां की जनता को बधाई दी है। कहा कि डुमरी के वोटरों ने भाजपा - आजसू के अवसरवादी गठबंधन के नफरती प्रचार और संकीर्ण जातिवादी अपील को खारिज कर दिया है। यह परिणाम भविष्य में धर्मनिरपेक्ष- लोकतांत्रिक शक्तियों की एकता को और मजबूत करेगा, चंदवा प्रखंड कांग्रेस कमिटि, डुमरी के मतदाताओं समेत झारखंड मुक्ति मोर्चा और विजयी प्रत्याशी बेबी देवी को बधाई देती है।

## संक्षिप्त

### राशन डीलर पर घोटाले का आरोप, शिकायत

**बारियातु।** ग्रामीणों ने प्रखंड के गोनिया पंचायत अंतर्गत नावाडीह ग्राम के राशन डीलर शांति महिला समूह पर राशन घोटाला करने का आरोप लगाते हुए बीडीओ को आवेदन सौंपकर कार्रवाई करने की मांग की है। मुखिया रानो देवी, ग्राम प्रधान कामेश्वर भोक्ता, विश्वनाथ गंझू, विनोद गंझू बैजू गंझू, भागीरथ भुईयां, अशोक राम, राजेंद्र भुईयां, लाल देव गंझू, प्रमोद गंझू, महेंद्र गंझू, अजय गंझू द्वारा बीडीओ को बताया गया कि अगस्त 2022 व जनवरी 2023 में राशन लाभुकों को फिंगर लेकर राशन वितरण नहीं किया गया। इसको लेकर तत्कालीन बीडीओ दीपाली भगत को भी आवेदन दिया गया था, परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीण ने बीडीओ सहित अन्य अधिकारीयों से घोटालेबाज राशन डीलर पर अविलंब कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### एक मुट्ठी चावल व मिट्टी का संग्रह किया गया

**मनिका।** प्रखंड के पंचायत दूंदू में मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत एक मुठ्ठी चावल एवं मिट्टी संग्रह किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से लातेहार भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरेकृष्णा सिंह उपस्थित रहे। मौके पर जिला कार्य समिति सदस्य सह मंडल अध्यक्ष सतनारायण प्रसाद, मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार, एसटी मोर्चा जिला महामंत्री संदीप उराव, सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव-विकास कुमार साहू, दरोगी यादव, चलीतर यादव आदि उपस्थित थे।

### खुरा व छेंचा की मिट्टी का किया गया संग्रह

**बरवाडीह।** छेंचा और खुरा पंचायत में शनिवार को मिट्टी संग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, प्रभारी प्रदेश कार्य समिति सदस्य अवधेश सिंह चेरो मुख्य रूप से शामिल हुए। मौके पर ग्राम प्रधान सूरजमल प्रसाद, वीरेंद्र जायसवाल, मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह, सुनील कुमार सिंह, मनोज यादव, युवा मोर्चा के अध्यक्ष विकास सिंह, नंनदेव सिंह, उपेंद्र प्रसाद, प्रदीप राम राधिका प्रसाद, उज्जवल प्रसाद आदि मौजूद थे।

### कौशल जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**लातेहार।** पंचायत सचिवालय जालिम खुर्द में शनिवार को कौशल जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घघाटन मुख्य अतिथि विनोद उरांव, ज़िला परिषद् सदस्य सुनीता देवी, मुखिया सरिता देवी, पंचायत समिति सदस्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान दक्ष अकैडमी प्राइवेट लिमिटेड के 5 प्रशिक्षणार्थियों को ऑफर लेटर प्रदान किया गया। मौके पर रंजीत कुमार, अभिषेक कश्यप, एमजीएनएफ मृदुला कुमारी, विजय सिंह, शिव कुमार रवि, पवन कुमार राम श्रमिक मित्र, ब्रजेश कुमार रवि आदि उपस्थित थे।

### बालूमाथ में मिट्टी व चावल का संग्रह किया

**बालूमाथ।** प्रखंड के मरंगलोइया ग्राम में मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत एक मुठ्ठी चावल एवं मिट्टी संग्रह किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से बालूमाथ भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, बूथ मार्केट अध्यक्ष कामेश्वर वर्मा, दिलीप राणा, मोहन महतो, मनमोहित राम, सुधीर कुमार, नरेश महतो, बैजनाथ राणा, विष्णु देव महतो, लखन महतो, डॉ. बंगाली प्रयाग महतो, सलीम मियां, स्माइल मियां इत्यादि उपस्थित रहे।

### बालूमाथ : चहल्लुम पर किया का कला प्रर्दशन



**बालुमाथ।** प्रखंड क्षेत्र के रजवार पंचायत स्थित लेंजाग ग्राम स्थित मेलाटाड़ में चहलुम के अवसर पर कमेटी अध्यक्ष सह पूर्व उपमुखिया इसराफिल अंसारी के सदारत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कलाकारों द्वारा कला का प्रदर्शन किया गया। मौके पर मोनाजिर हुसैन, झामुमो युवा नेता औरंगजेब खान, हेरहंज काग्रेस प्रखंड अध्यक्ष लाडले खान, समसुल खान, नूर अंसारी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साव, बैजनाथ यादव, ललू यादव, मोनाजिर हसन, हाफिज सरफराज, ईदू अंसारी, महबूब अंसारी, अफजल अंसारी, जुबैर अंसारी आदि मौजूद रहे।

### कोर्स के प्रशिक्षार्थियों को दिया प्रमाण- पत्र

**टंडवा।** नार्थ करनपुरा ताप विद्युत परियोजना ईकाई की ओर से शनिवार को सीएसआर के तहत परियोजना से प्रभावित गांवों के महिलाओं को ब्यूटिशन कोर्स का प्रमाण पत्र दिया गया। रुपा कुमारी की ओर से 30 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 12 महिलाओं को वसुंधरा लेडिज क्लब की ओर से यह प्रमाण-पत्र दिया गया है। मौके पर क्लब की अध्यक्षा मीना गुप्ता, सीनियर मैनेजर (एचआर) अभिषेक आनंद, सीएसआर अधिकारी एएन शिपो मौजूद थे।

### कार्यकारी अध्यक्ष बने मुन्ना व रणधीर सिंह

**मयूरहंड/ इटखोरी।** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएसन द्वारा जेजेए संस्थापक शहनवाज हसन, प्रदेश अध्यक्ष अमरकांत की उपस्थिति में जिला सचिव बिनय सिन्हा द्वारा मयूरहंड प्रखंड का कार्यकारी अध्यक्ष मुन्ना कुमार एवं इटखोरी का कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर सिंह को मनोनीत किया गया है। दोनों को मालिक बाबू, हिमांशु सिंह, सुभाष सिंह, महेश प्रजापति आदि पत्रकारों ने बधाई दी।

### उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने भी लाठी भांज सद्भावना का दिया संदेश

# कुडू में शांतिपूर्ण माहौल में हुई चेहल्लुम मेला सह नुमाइश खेल प्रतियोगिता

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

कुडू प्रखंड के जिमा चौक स्थित ईदगाह मैदान में शनिवार को चंडू - जिमा चेहल्लुम कमिटी के तत्वाधान में चेहल्लुम मेला सह नुमाइश खेल मुकाबला प्रतियोगिता शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, विशिष्ट अतिथि पुलिस कप्तान आर रामकुमार उपस्थित हुए। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर एवं पगड़ी पोशी कर स्वागत किया गया। नुमाइश खेल का शुभारंभ उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने लाठी खेल कर किया और शानदार और विधिवत तरीके से मेले के सफल आयोजन को





लेकर चेहल्लुम कमिटी को बधाई दी। और आपसी सद्भावना के साथ इसी प्रकार जिले के सभी त्योहारों को मनाने की अपील की। ततपश्चात अस्त्र शस्त्र का इनामी मुकाबला प्रतियोगिता शुरू हुई जिसमें कुडू प्रखंड के अलावा आसपास के कई प्रखंडो से दर्जनों अखाडों ने हिस्सा लिया और लाठी व तलवारबाजी कर अपनी - अपनी कला का बेहतर प्रदर्शन किया। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले अखाड़ों का अतिथियों द्वारा पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन कर रहे आजाद फैजी ने अपने शेर शायरी से खूब वाहवाही बटोरी। इस मौके पर सीओ प्रवीण कुमार सिंह, बीडीओ मनोरंजन कुमार, थाना प्रभारी विश्वजित कुमार कुमार सिंह, कमेटी के अध्यक्ष एनुल अंसारी, कमेटी के सिकरेटरी परवेज आलम, गुड्डू खान, हलीम अंसारी, तल्हा अंसारी, वारिश अंसारी, नूरानी खान, खुर्शीद आलम, हजरत अंसारी, अबू जफर, कमरुद्दीन खान, मुताज खान, मोतालिब अंसारी, तबरेज आलम, खालिद अंसारी सहित कमिटी के अन्य सदस्य और भारी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे। जिमा में पहली बार चेहल्लुम मेला लगाया गया जिसमे लोगों का गहरा आकर्षण देखने को मिला। मेले में कई खाने-पीने की दुकानों पर महिलाओं तो खिलौनों की दुकानों और झूलों पर बच्चों की भीड़ लगी रही। पूरे दिन मेले का लोगों ने जम कर लुत्फ उठाया। सुरक्षा के लिये ड्रोन कैमरे से निगरानी के अलावा भारी पुलिस बल भी तैनात रहा।

## संक्षिप्त

### साक्षारता दिवस व शिक्षक दिवस मनाया गया



**लोहरदगा।** यतिराज डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल के प्रांगन में साक्षारता दिवस एवं शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी.एस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य परमानन्द अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि बलवीर देव व शिक्षाविद् विनोद पाठक ने दीप प्रज्वलित कर स्वामी विवेकानंद जी का मूर्ति पर एवं डा राधाकृष्णन जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर प्रो परमानंद अग्रवाल ने समाज में प्रतिष्ठा, स्थान, मान, व्यक्तित्व एवं समाज के निर्माण में गुरु की भूमिका पर अनेक उदाहरण देते हुए उनकी पवित्रता का परिचय दिया। बलवीर देव ने शिक्षा का महत्व का प्रकाश डाला और अच्छा शिक्षा प्राप्त होने के लिए अच्छा गुरु का भूमिका अत्यंत जरूरी है। एक सुसंस्कृत समाज और राष्ट्र का निर्माण अच्छा शिक्षक का कारण ही बनता है। विद्यालय के निदेशक बी. के बालाजिंनप्पा डॉ. एस राधाकृष्णन पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विविध रंगारंग कार्यक्रमों का प्रस्तुत किया गया। बम-बम बोले, मागवली नृत्य, मणीपूरी नृत्य शास्त्रीय नृत्य आदि लोगों को मनमोहित किया। मौके पर सामी बालाजिनप्पा, सुधा मिश्रा, पुण्या टोप्पो, असरीता, सारा जहां, कनिष्का साहु, ज्योत्स्ना मित्तल, निर्मला साहु, जीवन, चंदूगेश्वर पुस्कर, निकेत कुमार, मनिषा कुमारी, साजी सिंह, नूरजहाँ के अलावे सैकड़ो अभिभावक उपस्थित थे।

### गोद भराई व पोषक जागरूकता रैली आयोजित



**सेन्हा।** बाल विकास परियोजना कार्यालय कक्ष में शनिवार को गर्भवती माताओं की गोद भराई सह पोषक रैली कार्यक्रम के तहत गर्भवती माताओं को पोषक आहार एवं शरीर पर विशेष ध्यान रखने की जानकारी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान अंचलाधिकारी सह सीडीपीओ विजय कुमार ने सेविकाओं को कार्य के प्रति सजग रहने तथा योजना का लाभ गांव मूहल्ला के अंतिम महिलाओं तक पहुंचाने पर जोर दिया। चिकित्सा प्रभारी डॉ दिव्या निशि ने जानकारी देते हुए बताया कि गर्भवती के दौरान महिलाओं को सजग रहना चाहिये। भारी काम नही करना चाहिये और पोषक आहार के रूप में हरा साग सब्जी,दूध,फल का सेवन करना चाहिये। जिससे जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ्य रहे। आंगनबाड़ी सेविकाओं को निर्देश देते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं को नियमित टिका दिलाये और अपने अपने क्षेत्र में देख रेख करते रहे। मौके पर अंचलाधिकारी सह प्रभारी सीडीपीओ विजय कुमार, डॉक्टर दिव्या निशी, पर्यवेक्षिका परमुनी देवी, अंगनी बेक के अलावे गर्भवती महिलाएं और आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित थे।

### पशुधन योजना के तहत सुकर का वितरण




**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय के समीप पशुपालन चिकित्सालय में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अन्तर्गत तीन लाभुकों को शूकर दिया गया.शूकर वितरण कार्यक्रम में जिप सदस्य राधा तिर्की, विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उरांव तथा प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार सिंह के द्वारा शिला उरांव, राजकुमार पन्ना और सुखनी उराइन को 4 मादा और एक नर शूकर दिया गया। डॉ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शूकर का बीमा किया हुआ है। इस लिये सभी को टैगिंग कर वितरण किया जा रहा है, जिससे शूकर का मृत्यु होने से किसानों को बीमा का लाभ मिलेगा। स्वाइन फ्लू का टीकाकरण कर एक लाभुक को 16 बैग दाना दिया जा रहा है। वहीं जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि के लिये जरकर शूकर पालन, मुर्गी पालन, गाय पालन, बकरी पालन तथा मुर्गी और बतख पालन जैसी कई योजनाएं चला रही हैं।

### लवकुश जयंती आज, सुदेश होंगे मुख्य अतिथि

**लोहरदगा।** लव कुश महासभा के तत्वाधान में आज लव कुश जयंती मनाया जाएगा। जयंती समारोह में पूर्व उप मुख्यमंत्री झारखंड सरकार सह विधायक सिल्ली सुदेश महतो एवं पांकी के विधायक शशि भूषण मेहता शामिल होंगे। इससे पूर्व बीएस कॉलेज के समीप से शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा बीएस कॉलेज से निकलकर बरवा टोली चौक मिशन चौक राणा चौक तिवारी दुरा कोयरी मोहल्ला हटिया गार्डन थाना टोली शास्त्री चौक अप्पर बाजार महावीर चौक ईस्ट गोला रोड होते हुए नगर भवन में पहुंचते ही सभा में तब्दील हो जाएगी। नगर भवन में सभी गांव से आये हुए अतिथियों के द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा। यह जानकारी महामंत्री ओम महतो दी।

### 1,66,52,091 रुपये की राजस्व प्राप्ति

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 753 वादों का निषपादन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं जलसा रांची के निर्देशानुसार वर्ष के तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सौजन्य से सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल, डालसा उपाध्यक्ष -सह- उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, बार के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल छह बेंचों का गठन किया गया था। बिजली से संबंधित केस के निस्तारण के लिए प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी, मोटर वाहन दुर्घटना, पारिवारिक विवाद, सिविल अपील जैसे वादों के केस




निपटारे के लिए अरविंद कुमार जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय , मोटर वाहन अधिनियम के केस वाणिज्य कैसे सर्टिफिकेट केस आदि के लिए वरीय न्यायाधीश अर्चना कुमारी, सुलहनीय दांडिक वादों के लिए श्री चंदन सीजीएम, विभिन्न बैंकों के ऋण संबंधी समस्याओं, बीएसएनल आदि के लिए न्यायिक दंडाधिकारी सुचिता निधि तिग्गा जबकि उपभोक्ता संबंधित मामलों के लिए नंदलाल प्रसाद के नेतृत्व में किया गया था। इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 753 केसों का निष्पादन किया गया जबकि 1,66,52,091 रुपये की वसूली अर्थदंड के रूप में की गई। निस्तारित किए गए वादों में कुल 244 वाद विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार अपनी पूरी टीम के साथ मुस्तैद रहे। राष्ट्रगान व धन्यवाद ज्ञापन के साथ लोक अदालत का समापन किया गया।

## खेलो झारखंड के तहत प्रतियोगिता की गई आयोजित

**भंडरा।** झारखंड सरकार के खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय भंडरा के खेल मैदान में आयोजित की गई. इस कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र के मध्य एवं उच्च विद्यालय के छात्रों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम 9 सितंबर से लेकर 13 सितंबर तक चलेगा। प्रतियोगिता में दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, रिले रेस सहित अन्य खेल का प्रतियोगिता में छात्रों ने भाग लिया। मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि प्रखंड स्तर पर इस तरह का प्रतियोगिता का आयोजन कर ग्रामीण स्तर पर छिपी प्रतिभा को मौका देना होता है। कई एथलीट एवं खिलाड़ी इस तरह के आयोजन से आगे बढ़े हैं और क्षेत्र एवं राज्य का नाम रोशन किया। सफल हुए छात्रों को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जयनाथ महतो, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राम विजय खलखो, निशांत कुमार के द्वारा मेडल पहनकर छात्रों का उत्साह वर्धन किया गया. इस प्रतियोगिता में विद्यालय के शिक्षक सीआरपी, बीआरपी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## हेल्थ-वेलनेस सेंटर्स जन आरोग्य समिति का गठन

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

आयुष्मान भारत के तहत प्रखंड के उदरंगी व बलसोता में संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स को और भी सुद्दढ़ किया जा रहा है ताकि, एचडब्ल्यूसी क्षेत्र के सभी लाभार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने नई पहल की है। इसमें एचडब्ल्यूसी पर आयुष्मान भारत- जन आरोग्य समिति का गठन किया जाना है।

इसमें स्थानीय पंचायतों के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को जोड़कर सुविधाओं के अंतर्गत आने वाली समस्याओं को उठाया जाएगा और उनका निष्पादन पंचायत स्तर से कराने की कवायद की जाएगी। शनिवार को प्रखंड के उदरंगी व बलसोता मे जन आरोग्य समिति का गठन किया गया। इसमें उदरंगी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में अध्यक्ष मुखिया परमेश्वर महली, उपाध्यक्ष डॉक्टर संजय कुमार, सचिव डॉक्टर रोहित कुमार, स्थानीय स्वास्थ्य कर्मी, शिक्षक आदि छह लोगो को सदस्य बनाया गया है। वहीं बलसोता हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मे जन अयोग्य समिति मे अध्यक्ष मुखिया सुमंती तिग्गा, उपाध्यक्ष डॉक्टर संजय कुमार, सचिव डॉक्टर सीमा कुमारी सहित कुल नौ सदस्यीय टीम बनाई



गई। इस संदर्भ मे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर संजय कुमार बताया कि एचडब्ल्यूसी पर स्वास्थ्य सेवाओं व सुविधाओं के प्रावधान के संबंध में इसके संचालन, प्रबंधन, उपभोग और जवाबदेही सुनिश्चित करने में जन प्रतिनिधियों की सक्रिय भागेदारी के लिए आयुष्मान भारत-जन आरोग्य समिति के रूप में एक मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। यह समिति जिला स्वास्थ्य समिति के घटक के रूप में कार्य करेगी। समित के लिए अलग से पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी। प्राथमिक स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स की स्थापना की गई है। डॉ संजय ने बताया कि आयुष्मान भारत जन आरोग्य समिति में कुल 9 सदस्यों को शामिल करना है, जिसमें पंचायत के मुखिया अध्यक्ष होंगे। सेंटर के सीएचओ को सचिव, वरिष्ठ एएनएम को उप सचिव बनाया जायेगा।

## अवैध शराब कारोबारी बख्शे नहीं जायेंगे : थाना प्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता। किस्को**

जिले के किस्को थाना पुलिस ने किस्को साप्ताहिक शनिवार के ईर्द-गिर्द अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करने वाले लोगों के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। किस्को थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो के निर्देश पर एएसआई मोलेन मुर्मू की अगुवाई में सशस्त्र बल के जवानों द्वारा चलाया गया। इस दौरान किस्को पुलिस के द्वारा छापामारी करते हुए अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे महुआ शराब को मौके पर ही नष्ट किया गया। मौके पर थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो ने कहा कि अवैध रूप से देशी एवं विदेशी शराब का कारोबार कर रहे लोगों को हरगिज बख्शा नहीं जाएगा। आगे भी शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ अभियान चलाए जाएंगे एवं अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे लोगों पर



सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा कि शराब से जहां लोगों को आर्थिक नुकसान होता है। वहीं घरेलू विवाद भी शराब का सेवन से होता है इसपर रोक लगाते हुए लोगों को जागरूक करते हुए शराब पीने और बिक्री करने वालों पर सीधी कार्रवाई की जाएगी। इधर अवैध शराब बिक्री करने वालों में छापामारी अभियान से हड़कंप मच गया। अवैध शराब बिक्रेता पुलिसिया कार्रवाई देख इधर उधर भागते फिरते दिखाई दिये।

## बेबी देवी की जीत पर जश्न, जमकर की आतिशबाजी

**चैनपुर (गुमला)।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में झामुम एवं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बेबी देवी की जीत पर चैनपुर के बस स्टैंड में झामुमो जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज के नेतृत्व में झामुमो कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की, पटाखे फोड़े और मिठाइयां बाटकर जीत की खुशी जाहिर किया। इस अवसर पर झामुम जिला उपाध्यक्ष सह जिला बीस सूत्री सदस्य सुशील दीपक मिंज ने कहा कि डुमरी की जनता ने बेबी देवी को जिताकर इंडिया गठबंधन की जीत की शुरुआत की है। मौके पर बजरंग कुमार, निशांत रोनाल्ड टोप्पो, अनूप मिंज, राहुल कुमार, प्रकाश लकड़ा, रणधीर कुजूर आदिं झामुम कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खेलो झारखंड प्रतियोगिता का समापन

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**

खेलो झारखंड 2022-24 के तहत आरसी प्राथमिक विद्यालय तोगो के खेल मैदान में आज शनिवार को दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का समापन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन गुप्ता रहे प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन गुप्ता एवं आगंतुक अतिथियों के द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

मौके पर उपस्थित बीडीओ सुमन गुप्ता ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल खुद भी जरूरी है खेलकूद के साथ सभी तरह के प्रतियोगिता में शामिल हो हर अपने भविष्य को बनाएं अपनी इच्छा के अनुकूल खेल का चयन करें और उसी में निरंतर प्रयास और अभ्यास करते रहे साथी उन्होंने कहा कि बच्चे बिल्कुल ही मोबाइल से दूर



रहें मोबाइल आप लोगों के लिए नुकसान देय है। लंबी कुद अंडर 17 बालक वर्ग मे प्रथम पवन कुमार सिंह द्वितीय अनुकरण तिर्की, रा.उत्क्र.उच्च वि जारी, लंबी कुद अंडर 14 में प्रथम बलिराम मिंज द्वितीय रोशन खेरवार लम्बीकुद अंडर 17 बालिका में प्रथम सिलबिना केरकेट्टा, द्वितीय सिलमन्ती केरकेट्टा, लंबी कुद अंडर 14 में प्रथम नजरेता टोप्पो,द्वितीय कल्पना मिंज, चक्का फेंक अंडर 17 में बालक प्रथम शशि बड़ा द्वितीय मिलियन लकड़ा, 100 मीटर दौड़ बालक अंडर 17 में प्रथम अंकुर तिर्की, द्वितीय पविंद्र खलखो 100 मीटर अंडर 14 में बालक में प्रथम आशीष तिर्की द्वितीय बलिराम मिंज 100 मी. अंडर 19 बालिका में सकीना कुमारी द्वितीय बेरनादत्त तिग्गा। मौके पर बीपीएम सरफराज अंसारी बीआरपी निर्भय कुमार बीआरपी रीना कुमारी अजीत मिंज राजू रंजन मिंज, बसंती केरकेट्टा, जोसेफा टोप्पो, मारिया गोरिटी केरकेट्टा, वजूल हक अंसारी, मोहम्मद शमशुल होदा सुबाला कुजूर, फादर सेलेस्टीन मिंज, वीरेंद्र मिंज जेरोम एक्का, अन्जू टोप्पो, बिलेश्वर उरांव आदि उपस्थित थे।

**आयोजन** विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में हुई प्रश्न मंच प्रतियोगिता

# बबली, रोशन, रोशनी व किरण प्रथम

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में विषय सह प्रश्नमंच का आयोजन किया गया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में 12वीं विज्ञान में बबली कुमारी, रोहित कुमार साहू और रोशन उरांव ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं कला में रोशनी उरांव, चंदन महतो व पूनम कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। 11वीं विज्ञान में प्रथम स्थान रोशन उरांव, द्वितीय स्थान नैतिक राज व तृतीय स्थान अपूर्वा कुमारी ने प्राप्त किया। 11वीं कला में किरण कुमारी, आकांक्षा पांडेय और अभय साहू ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य



उत्तम मुखर्जी और शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि प्रश्नमंच प्रतियोगिता में सभी विषयों से प्रश्न पूछे गए ताकि आगामी परीक्षाओं की तैयारी बच्चे अच्छी तरह से कर सके ताकि जैक 2024 की परीक्षा में बेहतर परिणाम आये। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, स्नेहा शर्मा, चेतना प्रिया,आरती भगत, कविता कुमारी, रितेश कुमार पाठक और छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

## मिशन इंद्रधनुष के तहत सेविकाओं को दी ट्रेनिंग

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वास्थ्य केंद्र में मिशन इंद्रधनुष के तहत डॉ दिव्या निशि और ब्लॉक एक्टेंशन एजुकेटर किरण मुर्मू के द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं को एक



दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर दिव्या निशि ने बताया कि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की ओर से इंद्रधनुष कार्यक्रम को मिशन के तौर पर योजना बनाकर कार्य करने का निर्देश है। मिशन इंद्रधनुष के अन्तर्गत द्वितीय चरण का कार्यक्रम 11 सितंबर से 16 सितंबर तक आयोजित होगा। इसके तहत गर्भवती महिलाएं, टीकाकरण से छूटे हुए बच्चे और बाहर से आये हुए मजदूरों को टिका लगाना आवश्यक है। कोई भी गर्भवती महिला, बच्चे या मजदूर टीकाकरण से न बचें। मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम को सफल बनाना है। मौके पर किरण कुमारी, यशोदा भगत, टिंकी देवी, अहिल्या देवी, शबनम आरा, रजनी देवी, शहनाज बानो, सरिता उरांव सहित सभी सेविका, सहायिका उपस्थित थे।

# भारत में आईफोन्स के लिए एप्पल 7 प्रतिशत हिस्सेदारी को है तैयार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू विनिर्माण से प्रेरित, एप्पल आईफोन इस साल भारत में एंड्रॉइड-प्रभुत्व वाले स्मार्टफोन बाजार में 7 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने के लिए तैयार है। ताजा आंकड़ों से पता चला है, टेक जायंट अगले हफ्ते ग्लोबल लेवल पर अपने प्रमुख डिवाइस लॉन्च करने के लिए तैयार हैं। देश में इस साल की पहली छमाही में एप्पल आईफोन शिपमेंट में 68 प्रतिशत (साल-दर-साल) की वृद्धि हुई। मार्केट इंटेलिजेंस फर्म साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के आंकड़ों के मुताबिक, एप्पल ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार में 6 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की और 63 प्रतिशत की मजबूत बाजार हिस्सेदारी के साथ सुपर-प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट (50,000 रुपये से 100,000 रुपये के बीच कीमत) पर अपना दबदबा बनाया। सीएमआर का अनुमान है कि 'मेक इन इंडिया' पहल के कारण लॉन्च तिमाही में आईफोन 15 की शिपमेंट 65 प्रतिशत के आसपास रहेगी। देश में आईफोन की घरेलू मैन्युफैक्चरिंग पिछले चार साल में काफी बढ़ी है। भारत में अपने विनिर्माण सपने को आगे बढ़ाते हुए, एप्पल निमार्ता फॉक्सकॉन ने तमिलनाडु के पास अपनी श्रीपेरंबुदूर फैसिलिटी में आईफोन 15 की अगली जनरेशन का लोकल प्रोडक्शन पहले से कहीं अधिक तेजी से शुरू किया। 'मेक इन इंडिया' आईफोन 15 यूनिट्स का एक छोटा सेट इसके ग्लोबल लॉन्च के कुछ ही समय के भीतर अन्य देशों में निर्यात किए जाने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, भारत में अन्य एप्पल सप्लायर्स जैसे पेगाट्रॉन और विस्ट्रॉन (टाटा समूह द्वारा अधिग्रहित) भी जल्द से जल्द आईफोन 15 को असेंबल करेंगे। सीएमआर को आईफोन 15 सीरीज के साथ आईफोन शिपमेंट में साल-दर-साल 25 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। लॉन्च तिमाही में आईफोन 14 सीरीज की शिपमेंट देश में लगभग 58 प्रतिशत और आईफोन 13 सीरीज की लगभग 23 प्रतिशत थी। सीएमआर के इंडस्ट्री इंटेलिजेंस ग्रुप के प्रमुख प्रभु राम ने आईएएनएस को बताया, ''एप्पल ने हाल के सालों में भारत में पॉजिटिव ग्रोथ ट्रेजेक्टरी का आनंद लिया है, इसकी पुरानी जनरेशन के आईफोन्स की बिक्री में वृद्धि हुई है।

## चीन ने कर दिया एप्पल का भारी नुकसान

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में शुमार आईफोन मेकर एप्पल को तगड़ा झटका लगा है। एप्पल को यह झटका दिया है चीन ने, जिसके एक फैसले से एप्पल की वैल्यू में जबरदस्त गिरावट आई है। हाल ऐसा हुआ है कि एप्पल को महज 2 दिन में 200 बिलियन डॉलर यानी 20 हजार करोड़ डॉलर से ज्यादा का नुकसान हो गया है। एप्पल का शेयर अभी 178 डॉलर के आस-पास आया हुआ है। पिछले कुछ दिनों में एप्पल के शेयरों में 6 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है। यह अभी अपने ऑल टाइम हाई लेवल से काफी नीचे कारोबार कर रहा है। एप्पल के शेयर का ऑल टाइम हाई लेवल 198.23 डॉलर है। शेयरों में आई इस गिरावट का नुकसान एप्पल को एमकैप के रूप में हुआ है। 2 दिन पहले तक एप्पल 3 ट्रिलियल डॉलर यानी 3 लाख करोड़ डॉलर से ज्यादा वैल्यू वाली कंपनी थी।

## 11 सितंबर से सस्ता सोना खरीदने का मौका

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक लोगों को सस्ता सोना खरीदने का मौका दे रहा है। इस सोने को आप बाजार भाव से कम कीमत में खरीद सकते हैं। सस्ता सोना सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम के तहत खरीदा जा सकता है।

---

## ।। जिला पशुपालन कार्यालय, गढ़वा ।।

**-: आवश्यक सूचना :-**

गढ़वा जिलान्तर्गत वैसे सभी Pet Shop एवं Dog Breeding सेन्टर जो राज्य जीव–जन्तु–कल्याण बोर्ड झारखण्ड, रॉची से बिना निबंधन कराये अपनी संस्था का संचालन कर रहे है या निबंधित थे परन्तु वर्तमान में बिना नवीनीकरण के ही संस्था का संचालन कर रहे है उन्हे सूचित किया जाता है कि एक माह के अन्दर अपनी संस्था का पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु अपना आवेदन जिला पशुपालन कार्यालय, गढ़वा से सम्पर्क कर आवेदन जीव–जन्तु–कल्याण बोर्ड झारखण्ड हेसाग, रॉची में जमा करें। अन्यथा नियमानुसार पशु कय–विकय एवं तद्विशयक नियम के विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत् कार्रवाई की जायेगी।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 306548 Animal Husbandry23-24(D)

---

## OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, GARHWA
### (District Agriculture Office)
Website: www.garhwa.nic.in

Tender Reference No. Date

**VERY SHORT NOTICE FOR INVITATION OF EXPRESSION OF INTREST**

| | |
|---|---|
| EOI SUBMISSION PLACE | DISTRICT AGRICULTURE OFFICE, GARHWA |
| DATE OF PUBLICATION OF BID ON WEBSITE | 11-09-2023 |
| LAST DATE & TIME OF RECEIPT OF EOI | 21-09-2023 |
| DATE & TIME OF OPENING OF EXPRESSION OF INTEREST | 22-09-2023 |
| NAME & ADDRESS OF OFFICE INVITING | COMBINED AGRICULTURE BUILDING, PIPRA KALAN, GARHWA- 822114 |
| HELPLINE NUMBER | 8986656686, 6202524733 |

| SL. NO. | INFORMATION | DETAILS | ESTIMATED COST PER UNIT | UNIT | WORK COMPLETION PERIOD |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NAME OF WORK | Supply, Installation and Technical Training of Animal Feed Manufacturing Unit | Rs. 6,50,000/- | 01 | 90 Days |

**NOTE:** For further information please visit website: www.garhwa.nic.in

PR.NO.306551 Agriculture(23-24):D

District Agriculture Officer, Garhwa.

---

## Office of the Bishrampur Nagar Parishad
### E-Procurement Notice
### NIT No: UDD/NPB/40/2022-23(4[RD] CALL)

| Sr.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 15 KLD at Bishrampur town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2. | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: ₹ 2,64,30,125<br>Operation & Maintenance Cost: ₹ 1,63,98,868<br>Total: ₹ 4,28,28,993 |
| 3. | Bid Security (INR) | ₹ 4,28,290/- (Rupees FourLakesTwenty-Eight Thousand Two Hundred Ninety Only) |
| 4. | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable |
| 5. | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months ofconstruction and 3 months of defect liability periodincluding one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6. | Date of e-publication of tender | 11.09.2023 11:00 AM |
| 7. | Document downloading start Date | 11.09.2023 11:00 AM |
| 8. | Bid submission end date | 18.09.2023 05:00 pm |
| 9. | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 20.09.2023 at Bishrampur Police Station as on 01.00 pm |
| 10. | Bid opening date (online | 21.09.2023 |
| 11. | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 12. | Name &Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Bishrampur Nagar Parishad |
| 13. | Helpline Number | 9771761820, 7870121518 |

**Note: Only e-Tender will be accepted**
**Complete bid document is available on websitehttp://jharkhandtenders.gov.in)**

सहायक नगर आयुक्त
नगर परिषद विश्रामपुर

PR 306550 District(23-24)D

---

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गढवा

**आवश्यक सूचना**
**(नोटिस)**

नाम–(1) कांड के प्रा0अभि0– नसरुदीन खाँ, पिता– सिराजुदिन खान,सा0– पल्हे, थाना– रंका, जिला– गढ़वा। रंका थाना काण्ड संख्या–77/2020, दिनांक–15.05.2020, धारा–147/341/323/324/ 307/504/506 भ0द0वि0,03/04 एसी0एसटी0 एक्ट के प्राथ0 अभि0– नसरुदीन खाँ, पिता– सिराजुदिन खान,सा0– पल्हे, थाना– रंका, जिला– गढ़वा के प्राथमिक अभियुक्त है। उक्त कांड में फिरार है। माननीय न्यायालय Addl. S.J.I Garhwa में आपके विरूद्ध इश्तेहार निर्गत किया गया है, निर्गत इश्तेहार का तामिला 03.09.2023 को कराया गया। किन्तु आप अपने स्थाई पता सा0– पल्हे, थाना– रंका, जिला– गढ़वा से फिरार है, आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय में अविलम्ब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 306512 Police(23-24).D

---

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढवा

**आवश्यक सूचना**
**(नोटिस)**

नाम–(1) कांड के प्रा0अभि0– मामू उर्फ मोहम्द शरीफ पिता– तसलीम अंसारी, सा0– दिगवार (हरिजन टोला) थाना– कुज्जू जिला– रामगढ़ के प्राथ0 अभि0– नसरुदीन खाँ, पिता– सिराजुदिन खान,सा0– पल्हे, थाना– रंका, जिला– गढ़वा के प्राथमिक अभियुक्त है। भवनाथपुर थाना काण्ड सं0–121/17 दिनांक–23.10.17 धारा–382 भा0द0वि0 परिवर्तित धारा–395 भा0द0वि0 के प्राथमिक अभियुक्त है। उक्त कांड में फिरार है। माननीय न्यायालय Sri Amit Khanna S.D.J.M Nagar में आपके विरूद्ध इश्तेहार निर्गत किया गया है, निर्गत इश्तेहार का तामिला थाना के द्वारा कराया गया। किन्तु आप अपने स्थाई पता सा0– दिगवार (हरिजन टोला) थाना– कुज्जू जिला– रामगढ़ से फिरार है, आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय में अविलम्ब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 306510 (Police)23-24*D

---

## कार्यालयः अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी (सामान्य), लातेहार
संयुक्त जिला कृषि भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार-829206
Email :- latehardao@rediffmail.com

**अल्पकालिन निविदा सूचना**

सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड के पत्रांक 3/कृषि, रा० यो० 08/2021 राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य "उद्यान विकास की योजना" अन्तर्गत नेतरहाट स्थित सेक्टर III एवं IV के नाशपाती बगान में Gap Filling of dead Plant (Replacement of dead & dried plant) हेतू नाशपाती/नख के गुणवतापूर्ण पौधो की आपूर्ति, पौधरोपन, सिचाई एवं सरंक्षण का कार्य किया जाना है। निविदा दिनांक 20.09.2023 को अपराहन 01:00 बजे तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/हाथो–हाथ जिला जिला कृषि कार्यालय, लातेहार को समर्पित किया जा सकता है। इच्छुक आपर्तिकर्ता/कम्पनी से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र० | विवरणी | राशि |
|---|---|---|
| 1. | नाशपाती पौधा –600 | अनुमानित राशि 1000000/– (दस लाख) रू० |
| 2. | नख पौधा –400 | |
| 3. | गढढे की संख्या –1000<br>गढढे का आकार –0.75 मी० x 0.75 मी० x 0.75 मी० | |
| 4. | गढढा भरते समय खाद की मात्रा (प्रति गढढा)<br>केचुआ/गोबर खाद –7 kg<br>SSP – 750 gm<br>MOP –400 gm<br>नीम/करंज की खली –2 kg<br>Methyl Parathion –50 gm | |
| 5. | पौधों से बॉस की बाड़ –1000 बाड़ (5 Fit in height) | |
| 6. | खाद की मात्रा (प्रति पौधा 2nd वर्ष)<br>गोबर खाद –5-6 kg<br>नेत्रजन –70 gm<br>स्फूर –30 gm<br>पोटास –60 gm | |

नोट:– निविदा से संबंधित अन्य शर्त्तो को आत्मा लातेहार के वेबसाईट www.atmalatehar.in एवं जिला कृषि कार्यालय, कीनामाड़, लातेहार के सूचनापट्ट पर भी देखा जा सकता है।

ह०/–
अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी,
(सामान्य), लातेहार

PR 306544 Agriculture (23-24)_D

---

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू
Email – dddopalamu@gmail.com Contact No- 8210813662

**–:इच्छा की अभिव्यक्ति:–**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान(इग्नू शिक्षार्थी सेवा केन्द्र 32023), धुर्वा, राँची के माध्यम से IGNOU द्वारा संचालित DDT एवं APDF प्रशिक्षण हेतु इस जिला के अभ्यर्थियों/पशुपालकों से दिनांक– 11.09.2023 तक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है, जिसका विवरणी निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | प्रशिक्षण कार्यक्रम | वांछित योग्यता | प्रशिक्षण लक्ष्य | अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डिप्लोमा इन डेयरी टेक्नोलॉजी (DDT) | 10+2 उत्तीर्ण | 02 | 01 वर्ष | Course fee का 50% IGNOU को देय राशि |
| 2 | अवेयरनेश प्रोग्राम इन डेयरी फार्मिंग (APDF) | प्रगतिशील डेयरी कृषक | 02 | 02 माह | |

नोंट– अधिक जानकारी के लिए कार्यालय दिवस के उपरोक्त वर्णित तिथि में जिला गव्य विकास कार्यालय, सुदना, डालटेनगंज से मोबाईल सं0– 9835586928 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

PR.NO.306546 Animal Husbandry(23-24):D

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पलामू

---

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू
समाहरणालय भवन ब्लाक सी० कमरा सं०-9
ईमेल– jepcpalamau@rediffmail.com

**निविदा सूचना विज्ञप्ति**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के पत्रांक GE/08/132/2019-20/2648 दिनांक 12.10.2022 एवं पत्रांक GE/08/132/2019-20/3163 दिनांक 23.09.2019 के निदेशानुसार वित्तीय वर्ष 2023–24 में जिला के विभिन्न प्रखण्डों में संचालित 12– कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, 08–झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एवं 01–नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सुआ सदर पलामू में आवश्यक खाद्य एवं अखाद्य सामग्री तथा अन्य सामग्रियों के क्रय हेतु विभिन्न शर्तो एवं बंधेजों के साथ मुहर बंद निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) अलग–अलग केवल प्रतिष्ठित एवं स्थापित फर्मो से प्राप्त किया जाना है।

इच्छुक निविदादाता District Education Officer cum District Programme Officer, Samagra Shiksha, Palamu] SBI, Main Branch Daltonganj के नाम Payable, अप्रतिदेय **(Non Refundable)** रू0 1000/– रू0 (एक हजार रूपये मात्र) राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्राफ्ट जमा करने के पश्चात् दिनांक 11.09.2023 से 04.10.2023 तक निविदा से संबंधित शर्ते, पैकेजवार अनुसूची, समग्र शिक्षा कार्यालय पलामू से अपराह्न 04 बजे तक प्राप्त कर सकते है, तथा अंतिम रूप से दिनांक 05.10.2023 के अपराह्न 03.00 बजे तक निविदा जमा करेंगे। दिनांक 06.10.2023 को समग्र शिक्षा कार्यालय के वेश्म में अपराह्न 12.30 बजे से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी की अध्यक्षता में निविदा खोला जाएगा।

निविदा से संबंधित विभिन्न शर्तो एवं बंधेजों तथा कय/आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों की पैकेजवार सूची पलामू जिला के Website(palamau.nic.in) में देखा जा सकता हैं।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना पलामू

PR 306545 District (23-24)_D

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

---

## समादेष्टा का कार्यालय आई0आर0बी0–04, लातेहार

**–:अल्पकालीन निविदा सूचना:–**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि, आई0आर0बी0–04, लातेहार में सरकारी पुलिस वाहनों के बैट्री के अवधि 2/3 वर्ष पूरा होने के कारण वाहन का सही रख–रखाव रखने हेतू नये बैट्री की आवश्यकताहै, जिसकी निविदा सूचनापटट् के माध्यम से आमंत्रित किया जाना है, जिसका अल्पकालीन निविदा सूचनापटट् के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है।

| S. No. | Battery Size | Battery Company No. | Rate |
|---|---|---|---|
| 1 | 12 BV 5LV | EXIDE/AMARON | |
| 2 | 35 AH | EXIDE/AMARON | |
| 3 | 65 AH | EXIDE/AMARON | |
| 4 | 70 AH | EXIDE/AMARON | |
| 5 | 130 AH | EXIDE/AMARON | |
| 6 | 150 AH | EXIDE/AMARON | |

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक–22/09/2023 तक अपना निविदा परिवहन शाखा आई0आर0बी0–04, लातेहार कैम्पः– न्यू पुलिस केन्द्र, लातेहार में समय–11:00 बजे पूर्वा0 तक सील बन्द लिफाफा में समर्पित कर सकते है। निविदा दिनांक–23/09/2023 को समय–11:00 बजे निविदा दाता के समक्ष परिवहन शाखा, आई0आर0बी0–04, लातेहार में खोली जायगी। अनुमोदन के पश्चात् किसी प्रकार का दावा मान्य नही होंगे।

निविदा की शर्तेः–

1. निविदा झारखण्ड मूल्य वार्धित कर अधिनियम–2005 के अन्तर्गत निंबधित हो।
2. प्रतिश्ठान का GST होना अनिवार्य है।
3. किसी भी परिस्थिति में अग्रिमराशि भुगतान नही किया जाएगा।
4. निविदा को संशोधित करने एवं बिना कोई कारण बताये निविदा को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
5. निविदा 01(एक) वर्ष के लिए होगा तथा अनुमोदन किये गये प्रतिष्ठान का कार्य संतोषाजनक पाये जाने पर कार्य अवधि का विस्तारण किया जा सकता है।
6. निविदादाता क्रय की जाने वाली वस्तुओं का दर सीलबन्द लिफाफा में उपलब्ध करायेंगे। प्रतिष्ठान का नाम पता, मोबाईल नं0 के साथ अंकित होगा।

नोटः–इन सभी शर्तो को पूरा नही करने वाले निविदादाता का निविदा मान्य नही होगा।

समादेष्टा
आई0आर0बी0–04, लातेहार

PR 306539 (Police)23-24*D

---

## कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा
पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा
दूरभाषः (06526) 222932, फैक्सः 224599
ई-मेलः ssaloh@rediffmail.com lohardagassa@gmail.com

**विज्ञापन संख्या–05/2023**
**कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में चयन हेतु आवश्यक सूचना**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक 3119 दिनांक 08.08.2023 एवं पत्रांक 3190 दिनांक 14.08.2023 के आलोक में पूर्णकालिक गणित शिक्षिका (अ0ज0जा0) के अभ्यिर्थियों के लिए जिला में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिला अभ्यर्थियों से निम्न अंकित शर्तों के अधीन शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 27.09.2023 के अपराह्न 04:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कार्यालय, पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल, समाहरणालय, लोहरदगा में आमंत्रित किये जाते है।

उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र अपने जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पदनाम से आवेदन को विहत प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा जिले के जिला कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना में अनिवार्य रूप से दिनांक 27.09.2023 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगें। साधारण डाक से भेजे गये आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगें। विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्ते, अहर्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश जिला के अधिकारिक वेबसाईट https://lohardaga.nic.in पर उपलब्ध है।

अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा।

PR.NO.306518 Lohardaga(23-24):D

---

## उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यलिय, चतरा
## (जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा)

**अति–आवश्यक सूचना**

चतरा जिला में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016–17 से 2021–22 तक कुल 3876 आवास लंबित है । प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों से समीक्षा क्रम में यह मामला संज्ञान में लाया गया कि लाभुकों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण का प्रथम/द्वितीय किस्त प्राप्त कर आवास निर्माण कार्य में विशेष रूची नहीं लिये जाने के कारण चतरा जिला में लंबित आवास ससमय पूर्ण नहीं हो पाया है । इस संबंध में पंचायत एवं प्रखण्ड स्तर पर लाभुकों के साथ बैठक एवं पूर्व में भी लाभुकों को माह जुलाई, 2023 के अंत तक लंबित आवासों को पूर्ण कराने का विज्ञापन प्रकाशित करने के बावजूद प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत लंबित आवासों को पूर्ण नहीं किया गया है, जो खेद का विषय है । प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत सभी लंबित आवासों को 25 सितम्बर, 2023 तक शतप्रतिशत पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है । सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना की किस्त की राशि प्राप्त कर समय सीमा के अंदर आवास पूर्ण नहीं करने वाले लाभुकों के विरूद्ध बाध्य होकर नियमानुसार प्राथमिकी/नीलाम पत्रवाद दायर करने की कार्रवाई की जानी है ।

**चतरा जिलान्तर्गत विभिन्न प्रखण्ड/पंचायत के वैसे प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के लाभुक पर नियमानुसार नीलाम पत्रवाद/ प्राथमिकी दर्ज की जा सकती है जो :–**

- प्रथम किस्त की राशि प्राप्त करने के उपरांत 6 माह या उससे अधिक बीत जाने के बावजूद आवास योजना का कार्य प्रारंभ नही कर रहे है ।
- प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत योजना की राशि दूसरे कार्य में खर्च कर लंबित आवास पूर्ण नही कर रहे है ।
- आवास का निर्माण निर्धारित मापदण्ड से बड़ा बनाकर एक वर्ष से अधिक समय से पूर्ण नहीं कर रहें है ।
- आवास योजना की राशि प्राप्त कर एक वर्ष से अधिक समय से पूर्ण नहीं कर रहें है एवं आवास योजना की पूर्णता में रूची नहीं ली जा रही है ।
- आवास योजना के वैसे लाभुक जो 25 सितम्बर, 2023 तक लंबित आवास को पूर्ण नहीं करायेगें ।

प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के लाभुकों को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि लंबित आवास का कार्य एक सप्ताह के अन्दर प्रारभ की जाय एवं 25 सितम्बर, 2023 तक लंबित आवास पूर्ण की जाय। ससमय लंबित आवास पूर्ण नहीं किये जाने पर नियमानुसार प्राथमिकी/नीलाम पत्रवाद दायर की जायेगी ।

उपायुक्त,
चतरा

PR 306525 Rural Development(23-24).D

---

## कार्यालय - जिला शिक्षा पदाधिकारी लातेहार
बालिका उच्च विद्यालय परिसर, लातेहार ई मेल deolatehar1@gmail.com/rmsaltr@gmail.com

**आम-सूचना**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 4044/2022 से सम्बद्ध अवमाननावाद संख्या 612/2022 के मामले में पारित न्यायादेश दिनांक 15.12.2022 के क्रमांक – 4 एवं क्रमांक – 5 के अनुपालन में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या – 21/2016 अन्तर्गत संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा –2016 (मुख्य) के राज्य स्तर मेधा सूची के आधार पर विषयवार चयनित अभ्यर्थियों की अनुशंसा कार्यालय को प्राप्त है के आलोक में चयनित अभ्यर्थियों का दिनांक 16.09.2023 को जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार कार्यालय प्रकोष्ठ में पूर्वाह्न 10:30 बजे सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, स्थानीय, जाति, आधार एवं अन्य प्रमाण पत्रों की भौतिक जाँच की जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रमांक | विषय | नाम एवं अनुक्रमांक | प्रमाण पत्रों की जाँच हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | गणित/भौतकी | संदीप कुमार तिवारी– 19123189965, प्रतीक कुमार साहु– 24120217084, निलेष चन्द्र मिश्रा– 13112131278, रवि खन्डेवाल– 21120204481, शंकर कुमार राय– 11111111388, जितेन्द्र कुमार सिन्हा– 19125191036, अंगद कुमार सिंह– 15117159250, दिनेष प्रताप दुवे– 19124190614, | 16.09.2023 |
| 2 | कुडूख | जयन्ती मिंज –11111111744, मंजु कुमारी तिर्की–18117181608, सिलास टोप्पो–29112270404, अजय उराँव–19136195995, सेवन्ती कुमारी –26115223970, सुमेश्वर उराँव–16112164057 | 16.09.2023 |
| 3 | भूगोल | नीरज कुमार पासवान –26116224233 | 16.09.2023 |
| 4 | जीव विज्ञान/रसायण शास्त्र | अभय कुमार –14122140597 रंजीत कुमार –14126141940 रागिनी रानी–14140148449, ब्यूटी कुमारी –14140148358 प्रीति बाला –14137147380, सुनिल कुमार सिंह– 14116137847, | 16.09.2023 |
| 5 | संस्कृत | पुजा मिश्र –19126191175, सत्यजित सरकार – 16113164191, देव नारायण भारती–23113212229, जितेन्द्र कुमार द्विवेदी– 11135126657, | 16.09.2023 |

दिनांक – 03.08.2023 को निर्धारित तिथि को भौतिक जाँच में उपस्थिति नही होने के कारण नीचे अंकित अभ्यर्थियों को अन्तिम अवसर देते हुए पुनः दिनांक – 16.09.2023 को तिथि निर्धारित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | संस्कृत | दुर्गेश चन्द्र त्रिपाठी – 20113197949, केशव प्रसाद शंकधार – 11133125591, युगल किशोर शर्मा – 11113113305, प्रवीण कुमार जैन – 18116181469, अंशुमन – 19113185575, मनीष कुमार मिश्रा – 19123189836, नरेश कुमार शर्मा – 22121210264, पंकज कुमार पाण्डेय – 23112211745 | 16.09.2023 |
| 2 | शारीरिक शिक्षा | धमेन्द्र सिंह यादव – 11113113392, | 16.09.2023 |

उपरोक्त सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार कार्यालय प्रकोष्ठ में पूर्वाह्न 10:30 बजे सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्रों एव अन्य आवश्यक अभिलेखों की मूल प्रति तथा 02 सेट स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

पत्रांक :– 1207
दिनांक :– 09.09.2023

जिला शिक्षा पदाधिकारी
लातेहार

PR 306527 Human Resource Developement (23-24)_D

एक नजर इधर भी

## दुनिया के दिग्गज नेताओं का भारत आगमन-अतिथि देवो भवः

***वैश्विक*** स्तर पर तेजी से उभरकर चांद पर पहुंचकर अब सूर्य तक पहुंचाने के लिए कदम बढ़ा चुके दुनियां के महाशक्ति तारे बनने की ओर कदम बढ़ा चुके भारत द्वारा जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। इस समिट में हिस्सा लेने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 8 सितंबर 2023 को शाम दिल्ली पहुंचे। बाइडन से पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बनीज, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत पहुंची थीं। बांग्लादेश को भारत की ओर से बतौर अतिथि जी-20 में बुलाया गया है। जी20 समिट का का मुख्य कार्यक्रम दिल्ली के प्रगति मैदान में बनाये गये भारत मंडपम में होगा। इसके अलावा अन्य कुछ कार्यक्रम अलग-अलग स्थलों पर होंगे। शनिवार को सुबह 9:30 बजे सभी देशों और शिष्टमंडलों के नेता भारत मंडपम में पहुंचें हैं जिस तरह अनेकों महीनों से पूरे भारत में जी 20 की बैठकों की मेजबानी भारत ने की है, उससे विकसित और विकासशील देश बहुत खुश नजर आये। शायद यही कारण है कि ब्रिटेन फ्रांस ऑस्ट्रेलिया सहित भारत का करीबी दोस्त सहित रणनीतिक साझेदार अमेरिका से 8 सितंबर 2023 को दोनों रणनीतिक साझेदार करीबी से द्विपक्षीय वार्ता कर अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा जी20 के सफल नेतृत्व के लिए भारत की सराहना की है, क्योंकि जिस तेजी से भारत अपनी क्षमताओं को वैश्विक पटेल पर रख रहा है और भारत अमेरिका रणनीतिक साझेदारी तेजी से अपनी मंजिल पर पहुंच रही है, नये-नये समझौते हो रहे हैं, पुराने समझौते तेजी से क्रियान्वयन हो रहे हैं, लगातार इससे संबंधित अधिकारी मंत्रियों की बैठकें हो रही है उससे यही लगता है कि आने वाले वर्षों में भारत अमेरिका का विश्वस्त साझेदारी और विश्वस्त दोस्त माने जायेंगे और दोनों ही सर्वाधिक पावरफुल महाशक्तियां मानी जायेगी। चूंकि दुनियां के टॉप मोस्ट दिग्गज नेताओं सहित अमेरिकी राष्ट्रपति 8 सितंबर 2023 को अपने पहले भारतीय दौरे पर आये हैं इसके लिए भारत भी पूर्ण रूप से अतिथि देवो भवः की थीम पर स्वागत किये है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत अमेरिका विभिन्न मुद्दों पर द्विपक्षीय बैठक पर दुनियां की नजरे, रणनीतिक साझेदार मिल बैठ इतिहास रचेंगे। साथियों बात अगर हम अमेरिकी राष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा की करें तो, दिल्ली में 9-10 सितंबर को जी 20 शिखर सम्मेलन शुरू हो गया है। भारत और अमेरिका ने 8 सितंबर 2023 को देर शाम संयुक्त बयान में बताया कि बाइडेन ने भारत की जी20 अध्यक्षता की सराहना की। मोदी और बाइडेन ने जी20 के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई और विश्वास जताया कि शिखर सम्मेलन के नतीजे साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ायेंगे। दोनों नेताओं ने अपनी सरकारों से रणनीतिक साझेदारी को सभी आयामों में परिवर्तित करने का काम जारी रखने का आह्वान किया। दोनों देशों ने साझा बयान जारी कर बताया कि भारत की मेजबानी में 2024 में होने वाले क्वाड समूह की मीटिंग के लिए देश यूएस के प्रेसिडेंट बाइडेन का स्वागत करने को उत्सुक हैं। क्वाड की बैठक 2024 के शुरूआती महीने में होगी। इस ग्रुप में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया है। बाइडेन ने पीएम मोदी के साथ मीटिंग के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की पैरवी की। उन्होंने इस दौरान चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 को लेकर भी बधाई दी। बाइडेन अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार भारत दौरे पर आये है। यहां वह जी20 भागीदार स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और जलवायु परिवर्तन से निपटने सहित वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए कई संयुक्त प्रयासों पर चर्चा करेंगे। बता दें इस सप्ताह भर में सम्मेलन में शामिल होने के लिए अमेरिका से अनेक विमानों से आए है।

■ **किशन भावनानी गोंदिया**

# ‘महत्वपूर्ण खनिज व टिकाऊ भविष्य की ओर भारत की राह’

ज्यों-ज्यों नई दिल्ली में जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के आयोजन का समय निकट आ रहा है, स्वच्छ ऊर्जा का रुख करने में महत्वपूर्ण खनिजों की अहमियत के संबंध में आम सहमति बढ़ती जा रही है। गोवा में जी-20 ऊर्जा परिवर्तन मंत्रियों की बैठक के परिणाम दस्तावेज में ‘ऐसे महत्वपूर्ण खनिजों और सामग्रियों की विश्वसनीय, जिम्मेदार और टिकाऊ आपूर्ति श्रृंखला बनाए रखने की आवश्यकता’ पर ध्यान दिया गया है। जो खनिज उपयोग की दृष्टि से महत्वपूर्ण होते हैं और जिनका कोई व्यवहार्य विकल्प नहीं होता, लेकिन जो देश की आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण होते हैं, उन्हें प्रायः महत्वपूर्ण खनिजों के रूप में परिभाषित किया जाता है। कोबाल्ट, लिथियम, सिलिकॉन, ग्रेफाइट और दुर्लभ मृदा तत्व (आरईई) जैसे महत्वपूर्ण खनिजों का उपयोग सौर मॉड्यूल, पवन टर्बाइन और बैटरी जैसी स्वच्छ प्रौद्योगिकियों में किया जाता है। इन प्रौद्योगिकियों के उपयोग से 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म बिजली क्षमता और 2030 तक उत्सर्जन-तीव्रता को 2005 के स्तर से 45 प्रतिशत कम करने के भारत के संधारणीय या सतत लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिल सकती है। इसलिए ये खनिज आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं और इन्हें आधुनिक सभ्यता की बुनियाद करार दिया जा सकता है। स्वच्छ प्रौद्योगिकियों की बढ़ती मांग के कारण विभिन्न महत्वपूर्ण खनिजों के वैश्विक खनन में तेजी आई है। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) के सहयोग से मंत्रालय द्वारा संचालित एक अध्ययन के अनुसार, 2016 और 2022 के बीच लिथियम, आरईई और कोबाल्ट जैसे प्रमुख खनिजों के वार्षिक उत्पादन में क्रमशः 240 प्रतिशत, 134 प्रतिशत, और 67 प्रतिशत वृद्धि हुई। कोबाल्ट, तांबा और निकल जैसे खनिजों के मामले में, वर्तमान खनन उत्पादन पहले से ही वैश्विक भंडार के 2 प्रतिशत से अधिक है। हालांकि, महत्वपूर्ण खनिजों की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं जटिल हैं और व्यापार संबंधी सरोकारों, भू-राजनीतिक कारकों और प्राकृतिक आपदाओं जैसे अप्रत्याशित व्यवधानों के प्रति असुरक्षित हो सकती हैं। हमारी आयात निर्भरता कम करने, राष्ट्रीय सुरक्षा सुदृढ़ बनाने और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए घरेलू मूल्य श्रृंखला विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित बनाना महत्वपूर्ण है। आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार अन्वेषण, प्रसंस्करण, उपयोग और रीसाइक्लिंग पर ध्यान देने सहित घरेलू महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 में 2015, 2020, 2021 और हाल ही में 2023 में किये गये प्रमुख परिवर्तनों के माध्यम से समय-समय पर किये गये संशोधनों के जरिये नीतिगत सुधार लाये गये हैं। उत्पादन के घरेलू स्त्रोत बढ़ाने के लिए खनिजों के अन्वेषण में सहायता कर रहा है और निजी एजेंसियों को भी अन्वेषण गतिविधियों के लिए धन प्राप्त करने के लिए सूचीबद्ध किया जा रहा है। एमएमडीआर संशोधन अधिनियम, 2023 भी गहराई में पाये जाने वाले तथा महत्वपूर्ण खनिजों के लिए अन्वेषण लाइसेंस (ईएल) के प्रावधान 24 महत्वपूर्ण खनिजों से संबंधित रियायतों की विशेष रूप से नीलामी करने का उत्तरदायित्व लिया है। इस उपाय से राज्य सरकार की राजस्व प्राप्तियों में सुधार होगा, जिससे उनकी राजकोषीय स्थिति को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन मिलेगा। घरेलू व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के अलावा

**स्वच्छ प्रौद्योगिकियों की बढ़ती मांग के कारण विभिन्न महत्वपूर्ण खनिजों के वैश्विक खनन में तेजी आई है। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) के सहयोग से मंत्रालय द्वारा संचालित एक अध्ययन के अनुसार, 2016 व 2022 के बीच लिथियम, आरईई व कोबाल्ट जैसे प्रमुख खनिजों के वार्षिक उत्पादन में क्रमशः 240 प्रतिशत, 134 प्रतिशत, और 67 प्रतिशत वृद्धि हुई।**

इन दिनों



प्रल्हाद जोशी

खान मंत्रालय ने 2015 में नई नीलामी व्यवस्था आरंभ कर पारदर्शी और समयबद्ध प्रक्रिया के माध्यम से खदान विकास के लिए खनन पट्टे (एमएल) और समग्र लाइसेंस (सीएल) प्रदान किये। इसके अलावा, राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एनएमईटी) महत्वपूर्ण को शामिल कर खनन की सुविधा देता है। इसने लिथियम सहित 6 खनिजों को 12 परमाणु खनिजों की सूची से हटा भी दिया है। सहकारी संघवाद के लिए एक मिसाल कायम करते हुए सरकार ने संबंधित राज्य सरकारों के लिए राजस्व प्राप्ति सुनिश्चित करते हुए बहुपक्षीय और द्विपक्षीय संबद्धताओं के माध्यम से सहयोगपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय प्रयास लचीली महत्वपूर्ण खनिज मूल्य श्रृंखला के निर्माण में मदद कर सकते हैं। लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में सामूहिक कार्रवाई महत्वपूर्ण है और सरकार महत्वपूर्ण खनिजों के संबंध में सक्रिय रूप से नई साझेदारियां और गठबंधन बना रही है जैसे -खनिज सुरक्षा साझेदारी (एमएसपी) में भारत का प्रवेश, ऑस्ट्रेलिया-भारत आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (ईसीटीए) तथा खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड (केएबीआईएल)का चिली और अर्जेंटीना जैसे देशों में खनिज अधिग्रहण के अवसर तलाशने का प्रयास करना। जी-20 में हुई चर्चा के अनुरूप, महत्वपूर्ण खनिजों के संबंध में नवाचार, पर्यावरण, सामाजिक और शासन व्यवस्था (ईएसजी) और सकुर्लेरिटी को सम्मिलित करते हुए स्वैच्छिक उच्च-स्तरीय सिद्धांत भारत के महत्वपूर्ण खनिजों को भविष्य के लिए सुरक्षित करने के हमारे प्रयासों को और ज्यादा मजबूती प्रदान करेंगे। भारत की जी-20 की अध्यक्षता के तहत प्रधानमंत्री का ‘एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य’ का विजन साझा भविष्य के लिए उत्सर्जन में कमी और जलवायु परिवर्तन शमन से संबंधित हमारे साझा लक्ष्यों के महत्व को रेखांकित करता है। भारत की जी-20 की अध्यक्षता के दौरान किया गया आरंभिक कार्य महत्वपूर्ण खनिजों के संबंध में हमारे काम को मजबूती प्रदान करेगा, जिसकी बदौलत भारत नेतृत्वकारी भूमिका निभायेगा।

**लेखकः प्रल्हाद जोशी केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री**

# एक राष्ट्र-एक चुनाव पर बहस का कोई मतलब नहीं

***एक*** राष्ट्र-एक चुनाव फिलहाल ‘शिगूफा’ से कम नहीं। प्रश्न क्या ‘एक राष्ट्र एक चुनाव नीति’ को लागू करना जरूरी है, उससे पहले यह यक्ष प्रश्न उत्पन्न होता है कि क्या सरकार वास्तव में इस संबंध में गंभीर है? यदि वास्तव में कोई संशोधन बिल लाना ही चाहती होती तो, सरकार उक्त उद्देश्य को इस विशेष सत्र बुलाने की घोषणा में समावेश कर लेती। जैसा कि पूर्व में जब-जब विशेष सत्र बुलाये गये हैं, तो उनके उद्देश्य घोषित किये गये थे। तदनुसार संसद में उन विषयों पर कार्यवाही भी हुई। चूंकि वर्तमान में कोई उद्देश्य (एजेंडा) घोषित किये बिना बुलाये इस विशेष सत्र में सरकार इस संबंध में कोई विधेयक लायेगी, इसकी संभावना इसलिए भी नगण्य सी लगती है, जब सरकार ने इस संबंध में एक कमेटी बना ही दी है, तब उसकी रिपोर्ट/ सिफारिश आने तक तो इंतजार करना ही होगा। यह रिपोर्ट 15 दिन के अंदर आ जाय, ऐसा संभव लगता नहीं है। क्योंकि इस कमेटी का कार्यकाल का समय निश्चित नहीं किया गया है। दूसरा संसदीय मंत्री का यह कथन कि कमेटी की रिपोर्ट आयेगी। फिर चर्चा होगी। परन्तु उन्होंने भी यह नहीं कहा कि इसी ‘विशेष सत्र’ में ही चर्चा होगी। इसलिए मीडिया या विपक्ष का इस संबंध में हंगामा खड़ा करना उचित नहीं है। वैसे भी यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर सरकार ने विस्तृत जनचर्चा कराई व मीडिया ने खूब सुर्खियां भी बटोरी। परन्तु आज वह ‘कोड’ संसद में किस कोने पर है? कहने की आवश्यकता नहीं है। ‘हर शख्स बुद्धिमान है, जब तक वह बोलता नहीं’, इस सिद्धांत के धुर विरोधी राहुल गांधी के इस संबंध में दिये गये बयान की बात कर लेते हैं। देश की विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस जो ‘इंडिया’ को लीड करती हुई दिख रही है, के सर्वोच्च प्रभावशाली नेता राहुल गांधी का यह कथन की ‘वन नेशन वन इलेक्शन’ ‘संघवाद पर चोट है’ न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि यह उनकी समझ पर भी ‘प्रश्न वाचक चिह्न’ लगाता है, जैसा की उनकी भारत यात्रा के पूर्व कई अवसरों पर लगाया जाता रहा है। प्रश्न यह है कि क्या केंद्रीय सरकार ‘वन नेशन वन इलेक्शन’ के द्वारा कोई नई चीज ला रही है, नई बात कह रही है? बिल्कुल भी नहीं। राहुल गांधी आलोचना में कभी इतने अंधे हो जाते हैं कि जब वे इस

**तदनुसार संसद में उन विषयों पर कार्यवाही भी हुई। चूंकि वर्तमान में कोई उद्देश्य (एजेंडा) घोषित किये बिना बुलाये इस विशेष सत्र में सरकार इस संबंध में कोई विधेयक लायेगी, इसकी संभावना इसलिए भी नगण्य सी लगती है, जब सरकार ने इस संबंध में एक कमेटी बना ही दी है, तब उसकी रिपोर्ट/ सिफारिश आने तक तो इंतजार करना ही होगा।**

मुद्दे पर आलोचना करते हुए यह कह जाते हैं की यह ‘संघवाद पर आघात’ है, तो वे यह भूल जाते हैं कि वर्ष 1952 से लेकर 1967 तक हुए चुनाव ‘वन नेशन वन इलेक्शन’ के तहत ही हुए थे। तब समस्त समय कांग्रेस की सरकार ही थी। क्या तब भी वह संघवाद पर आघात था? ‘हंसुआ के ब्याह में खुरपी के गीत गाने वाले’ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विरोध करते हुए कहा कि मोदी सरकार चाहती है कि लोकतांत्रिक भारत धीरे-धीरे तानाशाही में तब्दील हो जाय। एक राष्ट्र, एक चुनाव पर समिति बनाने की ये नौटंकी भारत के संघीय ढांचे को खत्म करने का एक हथकंडा है। ‘हमारे घर आओगे क्या लाओगे, तुम्हारे घर आयेंगे क्या खिलाओगे’ के आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश के लिए क्या जरूरी है, वन नेशन वन इलेक्शन या वन नेशन वन एजुकेशन (अमीर हो या गरीब, सबको एक जैसी अच्छी शिक्षा), वन नेशन वन इलाज (अमीर हो या गरीब, सबको एक जैसा अच्छा इलाज), आम आदमी को वन नेशन वन इलेक्शन से क्या मिलेगा। यह कोई नई नीति नहीं, पूर्व प्रचलित प्रणाली ही है। मैं पहले ही कह चुका हूं कि ‘वन नेशन वन इलेक्शन’ कोई ‘नया सिद्धांत’ ‘नीति’ या ‘प्रणाली’ नहीं है। बल्कि वर्ष 1952 से लेकर वर्ष 1967 तक वर्तमान (समय-समय पर संशोधन) जनप्रतिनिधित्व कानून के अंतर्गत ही इस देश में इसी नीति के तहत सफलतापूर्वक चुनाव होते रहे हैं। इसलिए इस नीति के ‘गुण’ (मेरिट) पर न तो कोई आपत्ति की जा सकती है और नहीं कोई विवाद हो सकता है। इस नीति को पुनः धरातल पर उतारने से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि भारी धन अपव्यय होने से भी बचेगा। क्योंकि जब स्थानीय निकायों से लेकर विधानसभा, लोकसभा के चुनाव होते हैं, तब दो-ढाई महीने पूर्व से चुनाव की तारीख की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू कर दी जाती है और सरकार को नीतिगत निर्णय लेने से चुनाव आयोग द्वारा रोक दिया जाता है। वैसे समय-समय पर विभिन्न राजनेता गण इसकी वकालत करते रहे हैं। चुनाव आयोग ने वर्ष 82-83 में एक साथ चुनाव कराने के संबंध में सुझाव दिये थे।

■ **राजीव खंडेलवाल**

है न विचित्र बात !

## मदर इंडिया का महान फिल्मकार महबूब खान

***भारतीय*** सिनेमा (बॉलीवुड) को देश और विदेश में एक सम्मानित पहचान दिलाने में कई महत्वपूर्ण फिल्मकारों ने अपना योगदान दिया है। सिनेमा के शुरूआती दिनों में जब इसे बेहद हिकारत की नजर से देखा जाता था तब कई पढ़े-लिखे और विदेश से लौटे फिल्मकारों जैसे हिमांशु रॉय आदि तथा कुछ ऐसे भारतीय लोग जो कभी किसी स्कूल में नहीं गए ने फिल्मों का ऐसा स्कूल तैयार किया जिससे कोई पढ़ा-लिखा व्यक्ति भी बहुत कुछ सीख सकता है। भारतीय जनमानस की सच्ची तस्वीर प्रस्तुत करने वाले इन फिल्मकारों ने तथाकथित फॉर्मूलों फिल्मों से बिल्कुल अलग भारतीय संस्कृति की विविधता में निहित एकता, किसानों और मजदूरों के श्रम और मानवता के संदेश को बहुत व्यापक और भव्य रूप में पर्दे पर अंकित किया। इस कड़ी में अनेक नाम हैं लेकिन व्ही. शांताराम, के.आसिफ और महबूब खान के नाम तुरंत ही याद आते हैं। इन्होंने अपने जुनून से भारतीय सिनेमा को देश में तो लोकप्रिय बनाया ही बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी विशेष छाप छोड़ी। महबूब खान का जन्म गुजरात के बड़ौदा जिले के बिलिमोरा स्थित गांव सरार में नौ सितंबर, 1907 को हुआ था। सामान्य मुस्लिम परिवार में जन्मे महबूब खान के कई भाई बहन थे, जिस कारण उनकी पढ़ाई-लिखाई और परवरिश ठीक प्रकार से नहीं हो पाई। पिता इकलौते कमाने वाले थे और सिपाही थे। उन्हीं के गांव के एक परिचित रेलवे में गार्ड थे। सिनेमा देखने की चाहत और उसमें काम करने की ललक के चलते 16 वर्ष की उम्र में ही महबूब खान भागकर बंबई (मुंबई) पहुंच गये। वह गार्ड सज्जन इंपीरियल स्टूडियो के मालिक आर्देशिर ईरानी को जानते थे तो उन्होंने किसी तरह उनसे उन्हें मिलवाया। लेकिन आर्देशिर ईरानी ने पहली मुलाकात में ही उन्हें कह दिया कि घर लौट जाओ और गांव में रहकर अपने मां-बाप की सेवा करो और खेती करो। मन मार कर महबूब खान वापस अपने गांव लौट आये। पिता ने उनकी शादी कर दी। मगर महबूब खान का बंबई जाने का सपना नहीं तोड़ पाये। दो साल बाद यानी 18 साल की उम्र में जेब में तीन रुपये डालकर वह दोबारा बंबई पहुंच गये और फिर से इंपीरियल फिल्म कंपनी जाकर आर्देशिर ईरानी से मिले। उनकी लगन और धार्मिक प्रवृत्ति देखकर वह प्रभावित हुए और उन्होंने 30 रुपये के मासिक वेतन पर एक एक्स्ट्रा के रूप में उन्हें अपनी कंपनी में रख लिया। उनकी पहली फिल्म थी अलीबाबा चालीस चोर। इसी दौरान उन्होंने एक फिल्म की कहानी लिखी और उसे सिनेमाटोग्राफर फरदून ईरानी की मदद से सागर मूवीटोन के मालिक डॉ. अंबालाल पटेल और चिमनलाल देसाई को सुनना चाहा। 71 बार यह कहानी सुनाने की असफल कोशिश के बाद 72 वें प्रयास में वे किसी तरह सफल हुए और उन्हें जजमेंट ऑफ अल्लाह नामक इस फिल्म का निर्देशन करने का अवसर भी मिल गया। फिल्म सफल रही और उनके जीवन की दिशा ही बदल गई। तभी द्वितीय विश्व युद्ध के कारण सागर मूवीटोन बंद हो गई तब महबूब खान ने इसकी पूरी यूनिट को साथ लेकर नेशनल स्टूडियो बनाया। इस बैनर तले उन्होंने तीन यादगार फिल्में औरत, बहन और रोटी का निर्माण-निर्देशन किया। सन 1943 में उन्होंने स्वयं की कंपनी महबूब खान प्रोडक्शन की स्थापना की और इसके तहत उन्होंने-नजमा, तकदीर, हुमायूं ,अनमोल घड़ी, ऐलान, अनोखी अदा, अंदाज, आन और अमर जैसी बेहतरीन फिल्मों का निर्माण किया। मदर इंडिया उनकी 19वीं फिल्म थी और 1940 में बनाई उनकी ही फिल्म औरत का रिमेक थी। मदर इंडिया एक तरीके से पूरे भारत विशेषकर ग्रामीण भारत और उसमें मां की संघर्षशील भूमिका को बहुत ही सच्चाई के साथ प्रस्तुत करती है।

■ **अजय कुमार शर्मा**

# स्वाधीनता संग्राम का बीज मंत्र-‘भारत’ माता की जय

**देश** के नाम को लेकर अच्छी खासी बहस चल पड़ी है। भारत अति प्राचीन नाम है। इस नामकरण के पीछे अनेक कथाएं भी चलती हैं। संविधान सभा में 18 सितंबर, 1949 के दिन बहस हुई थी। हरिविष्णु कामथ ने भारत, हिन्दुस्तान, हिन्द भरत भूमि और भारतवर्ष आदि नाम का सुझाव देते हुए दुष्यंत पुत्र भरत की कथा से भारत का उल्लेख किया। मद्रास के केएस सुब्बाराव ने भारत को प्राचीन नाम बताया और कहा कि, ‘भारत नाम ऋग्वेद में भी है।’ कमलापति त्रिपाठी ने भी भारत के पक्ष में वैदिक और पौराणिक तर्क दिए। स्वाधीनता संग्राम के समय ‘भारत माता की जय’ पूरे देश का बीज मंत्र बना था। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने ‘डिस्कवरी ऑफ इंडिया’ में चीनी यात्री ईतिसिंग द्वारा देश को भारत कहे जाने का उल्लेख किया है। भारत दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। राजनैतिक दृष्टि से भारत एक राष्ट्र राज्य है। लेकिन सांस्कृतिक अनुभूति में यह भारत माता है। भारत एक सांस्कृतिक प्रवाह है। एक सतत प्रवाहमान कविता। विश्व कल्याण में तत्पर एक संपूर्ण जीवन दृष्टि। भारत एक विशेष प्रकार की एकात्म प्रकृति है। हजारों वर्ष पुराने इतिहास में भारत ने कभी भी दूसरे देश पर आक्रमण नहीं किया। भारत का अर्थ ही प्रकाश सलंग्नता है। भा का अर्थ प्रकाश और रत का अर्थ सलंग्नता। भारत परम व्योम से धरती में प्रवाहित एक गुनगुनाने योग्य कविता- ऋचा है। ऋग्वेद के प्रतिष्ठित ऋषि विश्वामित्र गायत्री मंत्र के नाम से चर्चित **‘तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात’** के द्रष्टा रचयिता हैं। ऋग्वेद में उनके बारे में कहा गया है, ‘विश्वामित्र के देखे रचे मंत्र सूक्त भारत के जनों की रक्षा करते हैं- विश्वामित्रस्य रक्षति ब्रह्मदं भारतं जनं।’ ऋग्वेद वाले विश्वामित्र मंत्र द्रष्टा हैं। राम कथा वाले विश्वामित्र राक्षसों का वध कराने वाले हैं। शकुंतला विश्वामित्र की पुत्री थीं। शकुंतला और दुष्यंत के प्रेम से इतिहास प्रसिद्ध भरत का जन्म हुआ। महाभारत (शान्ति पर्व 2.96) के अनुसार इन्हीं भरत के नाम पर इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा। संजय ने धृतराष्ट्र को बताया, ‘अत्र ते वर्णयिष्यामि वर्षं भारत भारत - आपको भारतवर्ष का वर्णन सुनाता हूं। आगे बताया गया कि यह देश इन्द्र, वैवस्वतमनु, ययाति, अम्ब्रीश, मुचकुन्द, शिवि आदि सबको प्रिय रहा है। (भीष्म पर्व नवां अध्याय) ऋग्वेद के रचनाकाल में आर्य जनों और गणों में विभाजित थे। ऋग्वेद में भरत जन हैं। भरतों की विशिष्ट इतिहास परम्परा है। यज्ञ की अग्नि से उनका संपर्क था। भारत कहने से अग्नि का ध्यान होता था। भारत अग्नि का विशेषण बन गया था - त्वं नो असि भारता अग्ने। (2.7.5) भरत और भारत ऋग्वेद में हैं। वैदिक मंत्रों की रचना और गायन के कारण ऋषियों की वाणी को भारती कहा गया। मंत्रों का गायन सरस्वती के तट पर होता था। अग्नि की स्थापना इन्हीं ऋषियों ने की थी। एक मंत्र (3.28) के रचनाकार देवश्रवा और देववात भारत हैं। कहते हैं कि, ‘भरत के पुत्र देवश्रवा और देववात भारत ने अग्नि को मंथन द्वारा उत्पन्न किया है। इस मंत्र में ऋषि नाम के साथ भारत जुड़ा हुआ है।’ वैदिक इंडेक्स में मैकडनल और कीथ ने ऋग्वेद के उद्धरण देकर भरतों का उल्लेख किया है। संभवतः दुष्यंत पुत्र भरत के कारण ही देश का नाम भारत हुआ। भरतजनों का सजग इतिहासबोध भी भारत नाम पड़ने का कारक हो सकता है। ऋषभ देव की परम्परा में भी भरत हैं। कुछ विद्वान उन्हें भी भारत के नामकरण से जोड़ते हैं। जो भी हो भारत अतिप्राचीन संज्ञा है, इस देश का नाम है। पुराणों में भी भारत नाम की प्रतिष्ठा है। विष्णु पुराण के ऋषि कहते हैं कि, ‘समुद्र के उत्तर में और हिमालय के दक्षिण में जो देश है उसे भारत कहते हैं तथा उसकी संतानों (नागरिकों) को भारती कहते हैं - ‘उत्तरं यत समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम। वर्षं तद् भारतं नाम भारती यत्र सन्ततिः।’ गीता में अनेक प्रसंगों में श्रीकृष्ण अर्जुन को भारत कहते हैं। भारतवासी होना सौभाग्य का विषय है। दुनिया की सभी प्राचीन सभ्यताओं में देवता हैं। उन्हें दिव्य जाना गया है। उनकी उपासना होती है। वे भारत भूमि में जन्म लेने की इच्छा व्यक्त करते हैं। एक सुन्दर श्लोक में कहा गया है, ‘देवतागण भारत देश के उत्कर्ष का गान करते हुए यहां पर स्वयं जन्म लेने की इच्छा प्रकट करते हैं - गायन्ति देवाः किल गीतिकानि धन्यास्तु ते भारतभूमिभागे। स्वर्गापवर्गास्पदहेतुभूत भवन्ति भूयः पुरुषाः सुरत्वात।’ भारत निवासी घर परिवार के सभी अनुष्ठानों में संकल्प मंत्र का पाठ करते हैं। संकल्प मंत्र में ‘जम्बूद्वीपे भारतखण्डे’ शब्द का प्रयोग हुआ है। राष्ट्रगीत वन्दे मातरम भारत भक्ति का ही गीत है। इसी तरह राष्ट्रगान भी। कुछ विद्वान नाम को महत्वपूर्ण नहीं मानते। अपनी बात के समर्थन में शेक्सपियर का उल्लेख करते हैं कि ‘नाम में क्या रखा है?’ नाटक की नायिका जूलिएट ने प्रेमी रोमियो से कहा था कि, ‘तुम अपना कुल नाम लिखते हो। यह निरर्थक है। तुम रोमियो हो। मैं तुमसे प्रेम करती हूं। गुलाब को गुलाब कहा जाय या किसी और नाम से पुकारा जाय। नाम से कोई फर्क नहीं पड़ता।’ लेकिन यह बात सही नहीं है। तुलसीदास ने नाम की महिमा बताई है। रामचरितमानस बालकाण्ड में तुलसीदास ने श्रीराम सहित सभी देवताओं को नमस्कार किया है। आखिर में कहा है कि मैं श्रीराम के नाम को नमस्कार करता हूं। यह नाम महामंत्र है। कहते हैं, ‘कोई विशेष रूप भी बिना नाम के नहीं पहचाना जा सकता। रूप के बिना नाम का स्मरण करने से विशेष प्रेम के साथ वह हृदय में बैठ जाता है।’ एक सुन्दर चैपाई में कहते हैं, ‘नाम रूप गति अकथ कहानी/ समझत सुखद न परहि बखानी।’ भारत नाम वैसा ही है। भारत का एक भूगोल है, रूप है। इस रूप में पवित्र नदियों का प्रवाह है। आकाश छूने को व्याकुल पहाड़ हैं। दिव्य और भव्य मंदिर हैं। हजारों वर्षों में फैला इतिहास है। अद्वैत दर्शन का जन्म यहीं हुआ। पूर्व मीमांसा, न्याय व वैशेषिकदर्शन का विकास यहीं हुआ और लोकायत का भी। यहां विश्ववरेण्य संस्कृति है। अनेक भाषाएं हैं। अनेक बोलियां हैं। दुनिया की सबसे अनुशासित और रसपूर्ण भाषा संस्कृत का विकास यहीं हुआ। यहां के लोगों का मन भारत की आत्मीयता में रमता है। भारत तमाम संभावनाओं से भरा पूरा एक बीज है। सभी बीजों में पौध होने, पौध में पत्तियां उगने, पत्तियों में फूल खिलने और फूलों से बीज बनने की अनंत संभावनाएं होती हैं। भारतीय इतिहास में श्रेय और प्रेय की प्राप्ति के अनुकरणीय उदाहरण हैं। ऐसे राष्ट्र देवता और उसके नाम को स्मरण रखना हम सबका कर्तव्य है।

**मद्रास के केएस सुब्बाराव ने भारत को प्राचीन नाम बताया और कहा कि, ‘भारत नाम ऋग्वेद में भी है।’ कमलापति त्रिपाठी ने भी भारत के पक्ष में वैदिक और पौराणिक तर्क दिए। स्वाधीनता संग्राम के समय ‘भारत माता की जय’ पूरे देश का बीज मंत्र बना था। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने ‘डिस्कवरी ऑफ इंडिया’ में चीनी यात्री ईतिसिंग द्वारा देश को भारत कहे जाने का उल्लेख किया है। भारत दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। राजनैतिक दृष्टि से भारत एक राष्ट्र राज्य है। लेकिन सांस्कृतिक अनुभूति में यह भारत माता है। भारत एक सांस्कृतिक प्रवाह है।**

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

■ **हृदयनारायण दीक्षित**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट। - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# डिग्री लेकर रोजगार की तलाश में भटक रहे नवयुवक

नौकरी ना मिले पर रोजगार की तलाश में भटकता रहता है युवक अपनी योग्यता के अनुरूप नौकरी खोजता रहता है। घर के लोग उसे निकम्मा समझते हैं। समाज के लोग आवारा कहते हैं। निराशा की नींद सोता है। आंसुओं के खारे पानी को पीकर समाज को अपनी मौन व्यथा का सुनाता है। महाविद्यालय की डिग्री लेकर रोजगार की तलाश में भटकते हुए नवयुवक के चेहरे पर निराशा और चिंता का भाव होना आजकल देखना सामान्य सी बात हो गई है। कभी-कभी रोजगार की तलाश में भटकता हुआ युवक अपनी डिग्रियां फाड़ने अथवा जलाने के लिए विवश दिखाई देता है। वह रात को देर तक बैठकर अखबारों के विज्ञापनों को पड़ता है। आवेदन पत्र लिखता है साक्षात्कार लेता है। जब कोई योग्यता काम करने के लिए इच्छुक व्यक्ति प्रचलित मजदूरी की दरों पर कार्य करने के लिए तैयार हो और उसे काम ना मिलता हो। भारत की आर्थिक समस्याओं के अंतर्गत बेरोजगारी एक प्रमुख समस्या है। इससे एक और निर्धनता भुखमरी तथा मानसिक अशांति फैलती है। तो दूसरी ओर युवाओं में आक्रोश तथा अनुशासनहीनता बढ़ती है। चोरी, डकैती, हिंसा, अपराध एवं आत्महत्या अधिक समस्याओं के मूल में एक बड़ी सीमा तक बेरोजगारी ही विद्यमान है। बेरोजगारी एक ऐसा विष हैं। जो संपूर्ण देश के आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन को दूषित कर देता है तो उसके कारणों को खोजकर उसका निराकरण अत्यधिक आवश्यक है।



पहले ये समस्या कम थी बोले तो गांव में ज्यादा थी। लेकिन, अब शहरों तथा नगरों में भी बढ़ गई है। वैसे बेरोजगारी शब्द वहां उपयोग करेंगे जहां समाज तथा बाजार में चल रहे मजदूरी दर में काम करने के लिए तैयार होते हुए। मजदूर को रोजगार ना मिलना, हमारे पलामू व पूरे भारत देश के बेरोजगार के कई प्रकार हैं। जैसे शिक्षित बेरोजगारी, अल्प बेरोजगारी, अदृश्य बेरोजगारी, चक्रीय बेरोजगारी इत्यादि। गांव में ज्यादा अदृश्य बेरोजगारी तथा मौसमी बेरोजगारी देखने को मिलती है। जैसे खेती के दिनों में मजदूरों की आवश्यकता बढ़ जाती है, वहीं शहरों में शिक्षित बेरोजगारी तथा अक्षमता बेरोजगारी देखने को मिलती है। वैसे गांव के कुछ जगहों में कुछ पूंजीपतियों लोगों के कारण यह समस्या कुछ हद तक कम हुई है, क्योंकि वे चिमनी भट्ठा, क्रेशर इत्यादि लगवा रखे हैं। जिनमें काफी मात्रा में बेरोजगारों को रोजगार मिला है। उन्हें अपने घर तथा परिवार से दूर भी नहीं जाना पड़ता। वैसे बेरोजगारी के कई कारण है लेकिन भारत की बढ़ती हुई जनसंख्या पहले नंबर पर है। दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली, रोजगार के नए अवसरों में वृद्धि का ना होना, कृषि क्षेत्र या कहे तो प्राथमिक क्षेत्र पर फोकस ना करना, तृतीय क्षेत्र की धीमी गति इत्यादि है। वस्तुतः यह एक ऐसी बुराई है। जिसके कारण केवल उत्पादक मानव शक्ति नष्ट नहीं होती वरन देश का भावी आर्थिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। जो श्रमिक अपने कार्य द्वारा देश के आर्थिक विकास में सक्रिय सहयोग दे सकते हैं। वह कार्य के अभाव में बेरोजगार रह जाते हैं। यह स्थिति हमारे विकास में बाधक है। बेरोजगारी एक अभिशाप बेरोजगारी किसी भी देश या समाज के लिए अभिशाप है।

❖ वेद प्रकाश

## पढ़ाई लिखाई सरकारी नौकरी के लिए नहीं

पलामू में शिक्षित बेरोजगारों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। शिक्षित बेरोजगारी से परेशान लोगों को यह जानना आवश्यक है कि उनके लिए कौन सी नौकरी सही है। उसे पाने के लिए उन्हें कौन सा करियर पथ चुनना चाहिए। पलामू में तकनीकी और व्यवसायिक संस्थानों की स्थापना होनी चाहिए सरकार को भी व्यवसाय शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देना होगा। जिससे छात्र रोजगार से जुड़ सकें और अपने व्यवसाय के माध्यम से अपने आसपास में रोजगार प्रदान कर सकें साथ ही युवाओं को भी यह सोचना होगा कि शिक्षा केवल सरकारी नौकरी के लिए नहीं है। युवाओं को उससे ऊपर उठकर सोचना होगा अपने लिए रोजगार के अवसर तलाशने होंगे अपने व्यवसाय के माध्यम से लोगों को रोजगार से जोड़ना होगा। सही दिशा ने योजनाओं और शिक्षा प्रणाली में बदलाव की भारत सरकार कोशिश कर रही है। बेरोजगारी यह सब सुनते ही मस्तिष्क में लाखों की तादाद में बेहतर भविष्य की तैयारी की जद में सदैव प्रयत्नशील युवाओं का चेहरा सामने आता है। जो लंबे अरसे से अनेक कठिनाइयों का मजबूती से सामना करते हुए अपने मस्तिष्क में एक उम्मीद की किरण सदैव जगाए रहते है। यह ऐसा शब्द है जिसके भाव बड़े ही अलग है। देश की धीमी विकास, अच्छे कौशल का न होना, पर्याप्त औद्योगिक संस्थानों का ना होना बेरोजगारी उत्पन्न होने के बहुत बड़े कारण के महत्वपूर्ण बिंदु है। किसी भी देश का विकास उस देश में रहने वाले बेहतर विभिन्न कौशलों में निपुण युवाओं पर निर्भर करता है। बेरोजगारी की समस्या का समाधान होना अति आवश्यक है। क्योंकि यह भारत देश के विकास में मुख्य बाधाओं में से एक बाधा है। सरकार को अपने देश के सभी राज्यों में वो सुविधाएं देना चाहिए जिससे कि नए रोजगार के सृजन हो सके। भारत में बेरोजगारी खासकर शिक्षित बेरोजगारी तो इस प्रकार है कि, यदि कोई मजाक  तथा झूठ के भी कहीं पोस्टर लगा दें, तो कुछ युवक युवतियों के लिए बंपर भर्ती जिनको जरूरत हो और इस पत्ते और नंबर पर संपर्क करें, तो घंटों में कई कॉल चले जाते हैं। उस नंबर पे और गूगल पर लोकेशन सर्च कर लेते हैं। इस समस्या से परेशान युवा वर्ग क्राइम की ओर भी अपना कदम बढ़ाने लगे जैसे उपद्रवी, चोरी, डकैती, किडनैपिंग इत्यादि। पलामू सहित भारत देश में तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या बेरोजगार का एक सबसे मुख्य तथा बड़ा कारण है। वहीं सरकार तथा सभी देशवासियों को इसपे नियंत्रण पाने के लिए कुछ सख्त उपाय करना चाहिए।

❖ ओपी

## पलामू ही नहीं बल्कि पूरे देश में बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या

हमारा पलामू युवाओं का जिला कहा जाता है। जो विश्व की सर्वाधिक दूसरी सबसे छोटी जनसंख्या रखने वाला राज्य है, जो प्रथम कगार पर बहुत जल्द ही पांव रखने वाला है। वहीं धीरे धीरे बढ़ती हुई जनसंख्या के होड़ में मनुष्य अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। जिनमें से आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक समस्याएं जकड़ी हुई है। इन तीनों समस्याओं का मुख्य आधार बेरोजगारी है। हमारे इस समाज में बहुत कम प्रतिशत लोग भोग विलासिता में लीन है। जिनके पास जो सकती है उसका सदुपयोग या दुरुपयोग दोनों तरीकों से आजमा कर अपनी लालच को पूर्ण करने में लगा है। मन में स्वार्थ की भावना पाले हुए मनुष्य मनुष्यता को मारते हुए एक भ्रष्ट समाज की ओर अग्रसर होते जा रहा है। दूसरी और हमारे राज्य की अधिकतर जनसंख्या रोजमर्रा की जीवन जीने के लिए जूझ रहा है। आज की यह 21वीं सदी या नहीं आधुनिक युग दिखावे का युग है। इस दिखावे भरे युग में ऐच्छिक बेरोजगारी की समस्या काफी तेजी से बढ़ती जा रही है। ऐच्छिक बेरोजगारी से तात्पर्य है लोगों की इच्छा एवं स्टेटस के अनुसार काम ना मिलना। मनुष्य इस दिखावे भरे युग में चाह कर भी हर काम नहीं करता है। उसके मन में अपनी सामाजिक स्टेटस को दिखाने की होड़ मची है। लोग क्या कहेंगे यह वाक्य लगभग प्रत्येक मनुष्य के जहन में भर कर बैठ गया है। बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है। परंतु यह अपने आप में बहुत बड़ी समस्या नहीं है बल्कि हम मनुष्यों ने इसे एक बड़ी विकराल रूप दिया है। इस समस्या की एक एक कड़ी हमारे समाज ने उत्पन्न की है। समाज की गंदी राजनीति ने आत्म स्वार्थ के लिए मनुष्यता को मारते हुए समाज में अस्थिरता एवं अराजकता की प्रवृत्ति बढ़ाते जा रहा है। हमारे समाज में बुद्धिजीवी वर्ग को आगे आकर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। स्वार्थ एवं गंदी राजनीति से ऊपर उठकर धरातल पर जनहित के लिए कार्य करने की जरूरत है। आज हमारे समाज में विद्वान सर्वत्र पूज्यते के जगह धनवान सर्वत्र पूज्यते की भावना जगह कर गई है। इस से बाहर निकलकर लोगों में एक सकारात्मक भावना लाने की जरूरत है। हम सबों का यह दायित्व है कि किसी दूसरे के भरोसे न रहकर स्वयं एक सकारात्मक समाज का निर्माण करें। इसलिए अपने कर्तव्य को निस्वार्थ भाव से सही दिशा में निरंतर करते रहने की जरूरत है। बेरोजगारी कोई समस्या नहीं है बेरोजगारी को दूर नहीं करना सबसे बड़ी समस्या है। धैर्य के साथ हमें हमेशा उचित दिशा में आगे बढ़ते रहने की जरूरत है। हमारे राज्य में बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या है। बेरोजगार पलामू शहर में लाखों ऐसे लोग हैं। जिन्हें कोई रोजगार नहीं मिला और नहीं मिलता है। तो इंनके उन्हें कहा जाता है जो लोग कार्य करने के योग्य होते हैं। लेकिन फिर भी उन्हें काम करने को नहीं मिलता है। जिससे उन्हें अपना जीवन जीने में बहुत सी समस्याओ का सामना करना पड़ता हैं क्योंकि इन लोगो के पास पैसे नहीं होते हैं। हमारे पास पैसे नहीं आते हैं और इसलिए इन्हें अपने जीवन यापन करने में अत्यधिक परेशानी होती है। हमारे राज्य में बेरोजगारी के बहुत सारे कारण हैं। और इन सभी कारणों के वजह से बेरोजगारी बढ़ रही हैं।




❖ गुड्डू कुमार

## सरकारी नौकरी पाने के चक्कर में युवा बेरोजगार रह जाते हैं

पलामू में बेरोजगारी का दूसरा कारण। अधूरी शिक्षा आज बड़े-बड़े ऑफिसर के बच्चे सरकारी स्कूल में नहीं पढ़ते। क्योंकि सरकारी विद्यालय में इतनी अच्छी शिक्षा नहीं मिल पाती है। जितना प्राइवेट स्कूल में मिलती है। बेरोजगारी की समस्या तभी दूर हो सकती है जब जनसंख्या पर रोक लगाई जाए और अच्छी शिक्षा की व्यवस्था की जाए। बहुत से लोग केवल सरकारी नौकरी की तलाश में रहते हैं। सरकारी पद कम और लोगों की संख्या ज्यादा होने के कारण कुछ लोग ही सरकारी पद पर नौकरी कर पाते हैं। वहीं बाकी के लोग सरकारी नौकरी की तलाश में बेरोजगार रह जाते हैं। मंदा औद्योगिक विकास होने के कारण बेरोजगारी की समस्या और उत्पन्न होती है।

कुटीर उद्योग में गिरावट से भी बेरोजगारी समस्या उत्पन्न हो जाती है। तकनीकी उन्नति ना होने के कारण भी बेरोजगारी समस्या बढ़ती है।

हमारे देश में बेरोजगारी का बहुत से कारण हो सकते हैं। जैसे किसी के पास जीवन जीने का कोई साधन नहीं है। पूरी तरह से खाली बैठे हैं और कुछ ऐसे लोग हैं जो जिनके पास कुछ समय का काम होता है परंतु उसके बाद बेकार हो जाते हैं। कुछ ऐसे लोग भी हैं जिन्हें अपनी योग्यता के अनुसार काम नहीं मिलता है। लोग ज्यादा होंगे और नौकरियां कम होगी तो बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न होगी। हमारे देश की बढ़ती जनसंख्या के कारण बेरोजगारी की समस्या बहुत ज्यादा उत्पन्न हो रही है। क्योंकि जब लोग ज्यादा होंगे और नौकरियां कम होगी तो बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न होगी। शिक्षा की कमी या पूरी तरह शिक्षा ना मिलने के कारण लोगों को सही जानकारी नहीं मिलती है और बिना शिक्षा के ऐसे लोग बेरोजगार हो जाते हैं।

❖ ओम प्रकाश प्रजापति

## बेरोजगार लंबी कतारों में खड़े हैं

आज हमारे पलामू में बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या के रूप में उभर रही है। पलामू में पढ़े लिखे युवा दर-दर भटक रहे हैं भिक्षा की भांति नौकरी मांग रहे हैं किंतु शासन आंख और कान बंद कर के अंधे और बहरे की भांति सब अनदेखा और अनसुना कर रहा है। हम सभी जानते हैं कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी हैं। वह समाज में रहकर अपनी जीवन को सुखमय तरीके से जीवन यापन करने का अथक प्रयास करते रहता है। प्रकृति ने इस ब्रह्मांड में अनेकों ग्रहों एवं उपग्रहों का निर्माण है। परंतु पृथ्वी ही एक मात्र ऐसा ग्रह बनाया जिस पर हवा और पानी है। जो जीव उत्पत्ति का कारण बना और उन करोड़ों जीवो में मनुष्य ही एकमात्र ऐसा विवेकशील प्राणी है। जो हमेशा सुखमय एवं भोग विलासिता पूर्ण जीवन जीने के लिए तत्पर रहता है। बड़े-बड़े पूंजी पतियों को भी युवाओं का रक्त चूसने की आदत पड़ गई है। वह नौकरी देते हैं तो इतने कम पैसे पर कि महीने भर का वेतन से भी उनका गुजारा मुश्किल से हो पाता है साथ में यह डर भी रहता है कि नौकरी कब चली जाएगी। पता नहीं शिक्षित बेरोजगार वह व्यक्ति है जिसने किसी विशेष कार्य को करने हेतु आवश्यक योग्यता अर्जित कर रखी है। वह उस कार्य को करने में भी सक्षम है किंतु उसे कार्य करने का अवसर नहीं मिल पा रहा है वे अपनी मूल आवश्यकताओं की पूर्ति करने में असमर्थ हो रहा है। यह बेरोजगार युवक भयंकर निराशा के शिकार हो रहे हैं। वह हर दिन रोजगार पाने के लिए लंबी कतारों में खड़े हो जाते हैं शिक्षित होने के बावजूद बहुत लोगों को उचित नौकरी नहीं मिल पाता है। शिक्षित बेरोजगारी किसी भी देश की प्रगति में बहुत बड़ा अड़चन है। दोषपूर्ण शिक्षा पद्धति भी शिक्षित बेरोजगारी का एक मुख्य कारण है। भारत की शिक्षा प्रणाली छात्रों को सीधे व्यवसाय से नहीं जोड़ पाती है। बल्कि उन्हें सिर्फ पुस्तकीय ज्ञान देती है इसी कारण छात्र शिक्षित तो हो जाते हैं लेकिन व्यवसाय से नहीं जुड़ पाते हैं। वह पढ़ाई करने में अपना ज्यादा समय व्यतीत कर देते हैं। किंतु इससे उन्हें जब रोजगार नहीं मिल पाता तब वह अत्यंत निराश हो जाते हैं।

❖ कुमारी रिया

## युवाओं के बीच बेरोजगारी एक गंभीर समस्या

पलामू में ऐसे युवाओं हजारों लोग हैं जिनके पास करने के लिए कोई काम नहीं है। युवाओं के बीच बेरोजगारी एक गंभीर समस्या है। और वे अपने लिए काम नहीं ढूंढ पा रहे हैं। बेरोजगारी से तात्पर्य उस स्थिति से है जहां कोई व्यक्ति काम करना चाहता है लेकिन उसे श्रम बाजार में रोजगार नहीं मिल पाता है। बेरोजगारी में योगदान देने वाले प्रमुख कारणों में से एक भारत की बड़ी आबादी और संसाधनों की सीमित उपलब्धता है। बेरोजगारी स्वंय तथा देश की उन्नति के रास्ते में एक बड़ी समस्या है। काम करने की इच्छा करने वाले को काम न मिलना को भी बेरोजगारी कहते हैं। आज भारत में बेरोजगारी की समस्या प्रमुख है। बेरोजगारी के कारन बहुत से परिवार आर्थिक दशा से खोखले हो चुके हैं। हमारे देश में आर्थिक योजनाएं तब तक सफल नहीं हो पाएंगी जब तक बेरोजगारी की समस्या खत्म नहीं हो जाती। आज हम स्वतंत्र तो हैं लेकिन अभी तक आर्थिक दृष्टि से सक्षम नहीं हुए हैं।



बेरोजगार व्यक्ति वह है जो श्रम बल का एक सक्रिय सदस्य है और काम की तलाश में है लेकिन अपने लिए कोई काम ढूंढने में असमर्थ है। किसी व्यक्ति की बेरोजगारी के पीछे कई कारण होते हैं। इनमें से एक है धीमी आर्थिक वृद्धि, जिसके कारण पर्याप्त संख्या में नौकरियाँ पैदा नहीं हो रही हैं। कृषि पर अत्यधिक निर्भरता और गैर-कृषि गतिविधियों की धीमी वृद्धि भी रोजगार सृजन को सीमित करती है। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी मुख्य रूप से शहरी क्षेत्रों में पर्याप्त ग्रामीण प्रवास का परिणाम है। इसके परिणामस्वरूप शहरों में श्रमिक कार्यबल भी बढ़ गया है। प्रौद्योगिकी और उचित मशीनरी की कमी ने भी बेरोजगारी में योगदान दिया है। उद्योग धंधो की अवनति के कारण भी बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। आकलन के मुताबिक हर साल हजारों लोग बेरोजगार होते थे लेकिन अब इनकी संख्या लाखों से भी ऊपर हो गई है। देश में महंगाई के कारन व्यापार में गिरावट हो गयी है। जिसके चलते रोजगार मिलना कम हो गया है। हमारे देश में बहुत अधिक जनसंख्या है जिस वजह से उद्योग धंधों में उन्नति की बहुत अधिक आवश्यकता है। उद्योग धंधों को सार्वजनिक क्षेत्रों में ही स्थापित किया गया है। जब तक घरेलू दस्तकारों को प्रोस्ताहन नहीं दिया जाएगा तब तक बेरोजगारी की समस्या ठीक नहीं हो सकती है। सरकार कारखानों की संख्या में वृद्धि कर रही है। उद्योग धंधों की स्थापना की जा रही है। उत्पादन क्षेत्रों को विकसित किया जा रहा है। जिससे बेरोजगारी की संख्या कम हो सके। बेरोजगारी की समस्या शहर और गांव दोनों में उत्पन्न हो रही है। कई लोग गांव के लोग शहरों में आकर बसने लगे हैं जिसकी वजह से बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। गांवों में लोग कृषि करना पसंद नहीं करते जिसकी वजह से गांवों की आधी जनसंख्या बेरोजगार रह जाती है। पुराने समय में वर्ण व्यवस्था में पैतृक व्यवसाय को अपना लिया गया था जिस वजह से बेरोजगारी कभी पैदा ही नहीं होती थी। जब वर्ण-व्यवस्था के भंग हो जाने से पैतृक व्यवसाय को नफरत की नजर से देखा जाता है तो बेटा पिता के व्यवसाय को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं होता है। औद्योगिक शिक्षा की तरफ ज्यादा ध्यान देना चाहिए ताकि शिक्षित लोगों की बेरोजगारी को कम किया जा सके। शिक्षा से लोग स्वावलम्बी होते हैं। उन लोगों में हस्तकला की भावना पैदा नहीं होती है। आधे से भी ज्यादा लोग रोजगार की तलाश में भटकते रहते हैं और बेरोजगारों की लाइन और लंबी होती चली जाती है।

❖ गोलू

संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### बालाकोट सेक्टर में तैनात बीएसएफ का जवान लापता

**पुंछ।** पुंछ जिले की नियंत्रण रेखा के साथ सटे बालाकोट सेक्टर के फॉरवर्ड भरनी में तैनात बीएसएफ का एक जवान शुक्रवार से अपनी ड्यूटी से लापता है। अधिकारियों ने शनिवार को जानकारी दी कि बीएसएफ का एक जवान बिहार निवासी अमित पासवान को शुक्रवार सुबह से अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित पाया गया है। उन्होंने कहा कि सभी संभावित स्थानों पर उसकी तलाश करने के बावजूद अभी तक उसका पता नहीं चल सका है। पुलिस पोस्ट बालाकोट में उसके गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। अधिकारी ने कहा कि उसे ढूंढने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास जारी हैं।

### पंजाब पुलिस ने फाजिल्का से पकड़ी 15 किलो हेरोइन

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर 15 किलो हेरोइन बरामद करके एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई हेरोइन की कीमत 105 करोड़ के करीब आंकी गई है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले नेटवर्क के खिलाफ फाजिल्का की एसएसओसी विंग ने खुफिया अभियान चलाया था। इसी दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया गया है, जिसके पास से पुलिस ने 15 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। भारतीय तस्कर इस खेप को भूसे से भरी ट्रॉली में छिपा कर ले जा रहा था। पकड़ी गई हेरोइन को जांच के लिए लैब में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले 45 दिनों में एसएसओसी फाजिल्का ने 147 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है।

# मानव केन्द्रित दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना होगा : पीएम




**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारत मंडपम में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान "वन अर्थ" पर प्रथम सत्र में कहा कि हमें मानव केन्द्रित दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने वैश्विक विश्वास की कमी को कम करने और विश्वास के माहौल को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में जी20 शिखर सम्मेलन में उद्घाटन भाषण में तमाम राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत किया। इसके साथ ही दो दिवसीय सम्मेलन की शुरूआत हो गई। मोदी ने जी-20 बैठक को संबोधित करते हुए देश का नाम 'भारत' बताते हुए कहा, 'जी20 के प्रेसिडेंट के तौर पर भारत आप सभी का हार्दिक स्वागत करता है।'

### भारत भविष्य में प.एशिया-यूरोप के बीच आर्थिक एकीकरण का माध्यम बनेगा

**प्रधानमंत्री** ने शनिवार को कहा कि आने वाले समय में भारत पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक एकीकरण का माध्यम बनेगा। यह बात प्रधानमंत्री मोदी ने भारत मंडपम में पीजीआईआई और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। मोदी ने कहा कि आज हम सबने एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक समझौता संपन्न होते हुए देखा है। आने वाले समय में ये भारत-पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक एकीकरण का प्रभावी माध्यम होगा। ये पूरे विश्व में कनेक्टिविटी और विकास को टिकाऊ दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि मजबूत कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर मानव सभ्यता के विकास का मूल आधार हैं। भारत ने अपनी विकास यात्रा में इस विषय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने ग्लोबल साउथ के अनेक देशों में एक विश्वसनीय पार्टनर के रूप में ऊर्जा, रेलवे, जल और टेक्नोलॉजी पार्क जैसे क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स इम्प्लीमेंट किए हैं। इन प्रयासों में हमने मांग आधारित और पारदर्शी दृष्टिकोण पर विशेष बल दिया है।

**शिखर सम्मेलन में इंडिया की जगह भारत लिखा गया :** भारत और इंडिया विवाद के बाद मोदी सरकार ने भारत शब्द का उपयोग शुरू कर दिया है। जी-20 समिट के दौरान भी भारत शब्द को प्राथमिकता के साथ लिखा जा रहा है। शनिवार को जब पीएम जी-20 नेताओं को संबोधित कर रहे थे तो उनके सामने भारत लिखा गया। जबकि बाली में हुई जी-20 समिट के दौरान जब प्रधानमंत्री मोदी वहां गए थे तो उनके सामने लगे नेमप्लेट में इंडिया लिखा गया था। जानकारों का मानना है कि मोदी सरकार अब आधिकारिक तौर पर इंडिया की जगह भारत का ही उपयोग करेगी। हालांकि विपक्ष का आरोप है कि मोदी सरकार संविधान संशोधन कर इंडिया हटा कर भारत को आधिकारिक नाम के तौर पर लिखेगी। जबकि सरकार की ओर से अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की गई है।

अफ्रीकी देश में भूकंप पर मोदी ने दुख जताते हुए कहा कि सम्मेलन की औपचारिक कार्यवाही शुरू करने से पहले, मैं मोरक्को में भूकंप के कारण प्रभावित लोगों के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त करता हूं। हम प्रार्थना करते हैं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। पूरा वैश्विक समुदाय मोरक्को के लोगों के साथ खड़ा है। जी20 शिखर सम्मेलन शुरू होने पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोविड के बाद की दुनिया विश्वास की कमी से जूझ रही है और युद्ध ने इसे और गहरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर हम कोविड को हरा सकते हैं, तो हम युद्ध के कारण पैदा हुई विश्वास की कमी पर भी विजय पा सकते हैं। अब समय आ गया है कि हम सभी वैश्विक भलाई के लिए एक साथ चलें।

उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का ये समय पूरी दुनिया को नई दिशा दिखाने वाला और नई दिशा देने वाला एक महत्त्वपूर्ण समय है। ये वो समय है जब वर्षों पुरानी चुनौतियां हमसे नए समाधान मांग रही हैं। इसलिए हमें मानव केन्द्रित दृष्टिकोण के साथ अपने हर दायित्व को निभाते हुए ही आगे बढ़ना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास" का विचार दुनिया के लिए मार्गदर्शक हो सकता है। उन्होंने कहा, भारत की जी20 अध्यक्षता देश के अंदर और बाहर "सबका साथ" का प्रतीक बन गई है। यह भारत में लोगों का जी20 बन गया है और देश भर में 200 से अधिक बैठकें आयोजित की गईं।

### लीडर्स घोषणापत्र मजबूत, टिकाऊ, संतुलित व समावेशी विकास पर केन्द्रित: विदेश मंत्री



**विदेश मंत्री** डॉ एस जयशंकर ने शनिवार को जी20 शिखरवार्ता के बाद एक पत्रकार वार्ता में कहा कि नई दिल्ली जी20 लीडर्स घोषणापत्र मजबूत, टिकाऊ, संतुलित और समावेशी विकास को बढ़ावा देने पर केन्द्रित है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और जी20 शेरपा के साथ संयुक्त पत्रकार वार्ता में विदेश मंत्री ने कहा कि घोषणापत्र सतत विकास लक्ष्यों की प्रगति में तेजी लाने के लिए एक कार्ययोजना लाया है। इसमें स्थिर भविष्य के लिए हरित विकास के समझौते की कल्पना की गई है। उन्होंने बताया कि यह यह स्थायी विकास के लिए जीवनशैली पर उच्च-स्तरीय सिद्धांतों, हाइड्रोजन के स्वैच्छिक सिद्धांतों, टिकाऊ लचीली नीली अर्थव्यवस्था के लिए चेन्नई सिद्धांतों और खाद्य सुरक्षा और पोषण पर डेक्कन सिद्धांतों का समर्थन करता है। जी20 घोषणापत्र में परिवर्तन, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर ध्यान देने के साथ प्रौद्योगिकी की समावेशी भूमिका पर प्रकाश डाला गया है। जयशंकर ने कहा कि भारत ने जी20 अध्यक्षता को समावेशी और व्यापक बनाने का प्रयास किया है। यह संतोष का विषय है कि भारत की अध्यक्षता में अफ्रीकी संघ जी20 का स्थाई सदस्य बना है।

### अफ्रीकी संघ हुआ शामिल, भारत का जताया आभार

भारत की अध्यक्षता में हो रहे जी20 शिखर सम्मेलन में शनिवार को अफ्रीकी संघ को भी सदस्य के रूप में शामिल कर लिया गया है। इस कदम के लिए अफ्रीकी संघ ने भारत का आभार व्यक्त किया है। दक्षिण अफ्रीका ने इस पर खुशी जताते हुए भारत के पीएम का आभार व्यक्त किया है। द. अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के प्रवक्ता विंसेंट मैग्वेन्या ने अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, हम प्रधानमंत्री मोदी द्वारा प्रदर्शित नेतृत्व और जी20 की अध्यक्षता के दौरान भारत सरकार द्वारा प्रदर्शित किए गए नेतृत्व से काफी खुश हैं।

## मुंबई में जलती हुई पांच मंजिला इमारत से दो नवजात समेत 33 लोगों को सुरक्षित निकाला

**एजेंसी। मुंबई**



मुंबई फायर ब्रिगेड ने यहां शनिवार को एक पांच मंजिला इमारत में आग लगने के बाद दो नवजात शिशुओं सहित 33 लोगों को सुरक्षित निकाला। बीएमसी आपदा नियंत्रण ने बताया कि सुबह लगभग 9 बजे अंधेरी पूर्व के साकीनाका में साकी सोसाइटी में आग लगने की सूचना मिली। विभिन्न मंजिलों पर कई लोग आग में फंसे हुये थे। आग स्पष्ट रूप से भूतल पर स्थित एक इलेक्ट्रिक मीटर बॉक्स केबिन में लगी, जिसने वायरिंग, इंस्टॉलेशन, इलेक्ट्रिकल पैनल बोर्ड और अन्य वस्तुओं को अपनी चपेट में ले लिया और तेजी से आवासीय भवन की ऊपरी मंजिलों तक फैल गई। चारों तरफ चीख-पुकार मची हुई थी। लोग अलग-अलग मंजिलों पर फंस गए थे। घने जहरीले धुएं के कारण वे सीढ़ियों से भी नहीं उतर पा रहे थे। छत पर ताला लगा हुआ था। अत्याधुनिक उपकरणों और सीढ़ियों से लैस मुंबई फायर ब्रिगेड की एक टीम इमारत में पहुंची और आग से लड़ते हुए निकासी अभियान शुरू किया। एक घंटे के भीतर, उन्होंने एंगस लैडर और इमारत की सीढ़ियों का उपयोग करके पहली मंजिल से 7 लोगों को, दूसरी मंजिल से दो नवजात सहित 16 लोगों को और तीसरी तथा चौथी मंजिल से 10 और लोगों को निकाला। बीएमसी आपदा नियंत्रण ने कहा, "आखिरकार, सुबह 10:45 बजे के आसपास आग बुझ गई और अब कूलिंग ऑपरेशन चल रहा है। इस त्रासदी में कोई घायल नहीं हुआ है।

## पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा शिवसेना के शिंदे गुट में शामिल

**एजेंसी। जयपुर**



पूर्व मंत्री और राजस्थान के उदयपुरवाटी निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस विधायक राजेंद्र गुढ़ा शनिवार को शिवसेना के शिंदे गुट में शामिल हो गए। गुढ़ा ने लाल डायरी को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला था। राजेंद्र गुढ़ा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में अपने पैतृक गांव गुढ़ा (नीमकाथाना) में पार्टी में शामिल हुए। उन्हें संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। शिंदे ने गुढ़ा का शिवसेना में उनका स्वागत किया। गुढ़ा पहले भी बसपा और कांग्रेस में काम कर चुके हैं। शिंदे ने कहा कि गहलोत ने जो किया उसका जवाब जनता देगी। गुढ़ा ने क्या गलती की? क्या सच का साथ देना गुनाह है? उन्होंने राजस्थान में कानून व्यवस्था और महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर आवाज उठाई थी। शिंदे ने कहा कि गुढ़ा ने मंत्री पद छोड़ा, लेकिन सच्चाई नहीं छोड़ी। राजेंद्र गुढ़ा का शिवसेना में स्वागत है। गुढ़ा जब भी महाराष्ट्र आते थे तो उन्हें वहां रहने वाले राजस्थानियों की चिंता सताती थी। हम महाराष्ट्र में रहने वाले हर राजस्थानी का ख्याल रखेंगे। शिंदे ने आगे कहा, मैंने भी आपकी (गुढ़ा) तरह मंत्री पद छोड़ा था। मैंने बाला साहेब के विचारों और आदर्शों के लिए मंत्री पद छोड़ा था। सत्य के लिए राजेंद्र गुढ़ा ने मंत्री पद छोड़ा, राजस्थान में कानून व्यवस्था मजबूत होनी चाहिए।" गुढ़ा ने मंत्री रहते हुए जुलाई में विधानसभा में कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए थे। विधानसभा में जब कांग्रेस विधायकों ने मणिपुर हिंसा और महिलाओं के नग्न घूमने का मुद्दा उठाया था तो उन्होंने पलटवार करते हुए कहा था कि रेप के मामले में राजस्थान पहले नंबर पर है।

## एनआईए ने माओवादियों के 8 ठिकानों पर की छापेमारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अगस्त महीने में विस्फोटकों की बरामदगी से जुड़े एक मामले में शनिवार को तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में आठ ठिकानों पर छापेमारी की और तलाशी ली। यह जानकारी एनआईए ने शनिवार को यहां जारी एक वक्तव्य में दी। एनआईए ने बताया कि चेरला ड्रोन मामले में जारी जांच के तहत एजेंसी ने शनिवार को तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में आठ स्थानों पर छापेमारी की। एजेंसी ने तेलंगाना के वारंगल में पांच स्थानों, भद्राद्री और कोठागुडेम में दो स्थानों तथा छत्तीसगढ़ के बीजापुर में एक स्थान पर छापेमारी कर आरोपितों के परिसरों की तलाशी ली। यहां से कई डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। लंबे समय तक केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने के कथित उद्देश्य के साथ विभिन्न प्रकार की गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल वामपंथी चरमपंथी संगठन सीपीआई (माओवादी) को रसद समर्थन प्रदान करने में आरोपितों की भागीदारी को उजागर करने के लिए इन उपकरणों और दस्तावेजों की विस्तृत जांच चल रही है।

## तेलंगाना चुनाव के लिए कांग्रेस ने विभिन्न समितियों का किया गठन

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस ने तेलंगाना में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव प्रबंधन समिति, घोषणापत्र समिति और रणनीति समिति सहित विभिन्न समितियों का गठन किया है। कांग्रेस के संगठन प्रभारी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, दामोदर राजा नरसिम्हा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख होंगे। पैनल के सदस्यों में वामशी चंद रेड्डी, ई. कोमरैया, जगनलाल नाइक और फकरुद्दीन के नाम शामिल हैं। डुडिल्ला श्रीधर बाबू को घोषणापत्र समिति का अध्यक्ष और गद्दाम प्रसाद को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रणनीति समिति के अध्यक्ष प्रेमसागर राव होंगे। इसके अलावा, पार्टी ने एआईसीसी कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति, प्रचार समिति, आरोप पत्र समिति, संचार समिति और प्रशिक्षण समिति का भी गठन किया है। पार्टी के बयान में कहा गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन समितियों के गठन के प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दे दी है। तेलंगाना में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस ने विश्वास जताया कि वह सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को सत्ता से बाहर कर देगी।

## राजनीति | संसद के विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण विधेयक लाए जाने की चर्चा

# लोस चुनाव के पहले फिर गरमाएगा आरक्षण का मुद्दा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



लुटियंस में ऐसी चर्चा है कि प्रधानमंत्री संसद के विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण विधेयक लाएंगे। तेलंगाना विधान परिषद सदस्य और मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता ने इस कानून को औपचारिक रूप देने के लिए समर्थन के लिए सभी 47 राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को पत्र लिखा है। इस विधेयक में 15 वर्षों के लिए लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की परिकल्पना की गई है। हालाँकि, यह विधेयक कोई नया प्रयास नहीं है और यहाँ तक इसकी यात्रा एक तरह से आजादी से पहले ही शुरू हो गई थी। महिला आरक्षण विधेयक का वर्तमान विचार 1993 में एक संवैधानिक संशोधन से उत्पन्न हुआ, जिसमें कहा गया था कि ग्राम पंचायत में ग्राम परिषद नेता (सरपंच) का एक-तिहाई यादृच्छिक पद महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाना चाहिए। यह विधेयक इस प्रावधान को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं तक विस्तारित करने की दीर्घकालिक योजना बन गया। हालाँकि, हालिया संदर्भ में, यह विधेयक तत्कालीन प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा की संयुक्त मोर्चा सरकार ने 12 सितंबर 1996 को लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के प्रस्ताव वाल विधेयक लोकसभा में पेश किया था। इस आरक्षण के मानदंड यह थे कि यह चक्रीय आधार पर होगा, और सीटें इस तरह से आरक्षित की जाएंगी कि हर तीन लगातार आम चुनावों के लिए एक सीट केवल एक बार आरक्षित होगी। वाजपेयी सरकार ने इस विधेयक को लोकसभा में पेश किया लेकिन कोई असर नहीं हुआ। बाद में, मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए-1 सरकार ने विधेयक को राज्यसभा में पेश किया, जहां कुछ क्षेत्रीय दलों के विरोध और कांग्रेस, भाजपा और वामपंथी दलों के सामूहिक समर्थन के बीच 9 मार्च 2010 को इसे एक के मुकाबले 186 वोटों के साथ पारित कर दिया गया। लेकिन चूंकि इसे निचले सदन में लंबित छोड़ दिया गया था, इसलिए यह 15वीं लोकसभा के विघटन के साथ समाप्त हो गया। राजद और समाजवादी पार्टी इस समय महिला आरक्षण बिल के मुखर विरोधी थे। उन्होंने महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत कोटा के भीतर पिछड़े समूहों के लिए अतिरिक्त 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग की। जद (यू) के शरद यादव ने कुख्यात रूप से कहा था कि इस विधेयक से सिर्फ पर कटी महिलाओं को फायदा होगा जो हमारी (ग्रामीण) महिलाओं का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकतीं। इस विधेयक का विरोध करने वालों ने इसे महिलाओं के प्रति अधिमान्य व्यवहार माना। हालांकि, एलजेपी के चिराग पासवान और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक अपनी रैलियों और भाषणों में इस बिल को पारित कराने पर जोर देते रहे हैं। फिलहाल स्थिति यह है कि बिल अभी भी लोकसभा में लंबित है। यह तभी कानून बनेगा जब सत्तारूढ़ सरकार न केवल शब्दों से बल्कि कार्रवाई से इसका समर्थन करेगी- इसका कारण लोकसभा में उसकी ताकत है। भाजपा के पास बहुमत होने के कारण सरकार इस विधेयक को कानून बनाने में उत्प्रेरक बन सकती है।




## बॉलीवुड को एल्विश यादव जैसे हीरो की जरूरत है : उर्वशी रौतेला




**एक्ट्रेस उर्वशी** रौतेला और 'बिग बॉस ओटीटी 2' के विजेता एल्विश यादव 'हम तो दीवाने' नामक एक नया म्यूजिक वीडियो लेकर आ रहे हैं। एल्विश के साथ काम करने को लेकर उर्वशी काफी खुश हैं और उन्होंने कहा कि बॉलीवुड को उनके जैसे और हीरो की जरूरत है। उन्होंने कहा, एल्विश यादव ने 'हम तो दीवाने' में वास्तव में शानदार काम किया है, जिससे हर कोई हैरान रह गया। मुझे लगता है कि बॉलीवुड को एल्विश जैसे हीरो की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा, "पूरी शूटिंग के दौरान, मेरा ध्यान केवल उन्हीं पर था, क्योंकि मेरा मानना है कि जब हीरो बेस्ट परफॉर्म करता है, तो ऑनस्क्रीन जोड़ी के रूप में हम बेस्ट दिखते हैं। दर्शक हमें अपना प्यार और आशीर्वाद प्रदान करें।" गाना का एक पोस्टर सामने आया है, जिसमें उनका अलग लुक नजर आ रहा है। उर्वशी वाइब्रेंट रेड अनारकली सूट में बहुत खूबसूरत लग रही हैं।

## सिमरन कौर 'तोसे नैना मिला के' नाम की लव स्टोरी के साथ टीवी पर लौटीं



**टीवी एक्ट्रेस** सिमरन कौर लव स्टोरी 'तोसे नैना मिला के' का हिस्सा हैं। उन्होंने इस प्रोजेक्ट को अपनाने, इसकी यूएसपी, किस चीज ने उन्हें यह किरदार निभाने के लिए प्रेरित किया, इस बारे में बात की है। एक्ट्रेस ने कहा, "यह शो दो बहनों पर केंद्रित हैः एक असाधारण रूप से गोरी, सुंदर और तेजस्वी है, जबकि दूसरी बहन पारंपरिक सौंदर्य मानकों पर फिट नहीं बैठती है। मैं पूर्व बहन का चित्रण करती हूं। शादी के बाद दोनों बहनें एक ही छत के नीचे रहती हैं। शो में मैं छोटे भाई से शादी करती हूं, जबकि मेरी बहन बड़े भाई से शादी करती है। अवधारणा शानदार और लेखन उत्कृष्ट है। यह शो एक सकारात्मक संदेश देता है जो इस बात पर जोर देता है कि हम सभी अपने तरीके से सुंदर हैं।

## कंगना, राघव लॉरेंस 'चंद्रमुखी 2' की आगे बढ़ी रिलीजिंग डेट



**कंगना रनौत** और राघव लॉरेंस की अपकमिंग फिल्म 'चंद्रमुखी 2' की रिलीज को आगे टेक्निकल कारणों के चलते आगे बढ़ा दिया है। लाइका प्रोडक्शंस ने इंस्टाग्राम पर घोषणा की कि फिल्म अब 28 सितंबर को रिलीज होगी। प्रोडक्शन हाउस ने नई रिलीज डेट के साथ एक वीडियो शेयर किया और इसे कैप्शन दिया, "टेक्निकल कारणों के चलते चंद्रमुखी -2 की रिलीज डेट 28 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। राजा वेट्टैयन और चंद्रमुखी पहले की तुलना में इस बार ज्यादा मजबूत वापसी करेंगे।" पी. वासु द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले 15 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। 'चंदमुखी 2' 2005 में रिलीज हुई रजनीकांत और ज्योतिका अभिनीत 'चंद्रमुखी' का सीक्वल है। यह एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है जो डिसोसिएटिव आइडेंटिटी डिसऑर्डर से पीड़ित है। 'चंद्रमुखी' निर्देशक की अपनी कन्नड़ फिल्म आप्तमित्र (2004) का आधिकारिक रीमेक है, जो मलयालम फिल्म मणिचित्राथाझु (1993) का रूपांतरण है।

NEWS इन ब्रीफ

## लालु प्रसाद आज आयेंगे देवघर, होगा जोरदार स्वागत

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का रविवार को बाबा नगरी देवघर में आगमन हो रहा है। बाबा नगरी देवघर में राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा होगा जोरदार स्वागत। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने सभी प्रदेश पदाधिकारियों, कार्यकारिणी के सदस्यों, प्रकोष्ठ अध्यक्ष,प्रकोष्ठ के पदाधिकारियो, सभी जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष,प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सहित सभी नेता कार्यकर्ता आदरणीय नेता लालू प्रसाद यादव जी के स्वागत हेतु बाबा नगरी देवघर अवश्य पहुंचे और जन जन के नेता को करे जोरदार स्वागत।

## चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवाचार पर की गई चर्चा

**रांची।** कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन शनिवार को 11 चिकित्सकों ने अपनी प्रस्तुति दी। वहीं, कोल इंडिया लिमिटेड और सहयोगी कंपनियों के 172 से अधिक चिकित्सकों ने चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवाचार पर चर्चा की। इस वर्ष आयोजित किए जा रहे कॉन्फ्रेंस की थीम 'एकीकृत स्वास्थ्य प्रणाली-प्रौद्योगिकी नवाचार' है। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ प्रमोद कुमार कुचलाकांती के संचालन में ईसीजी कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। इसके बाद कोल इंडिया लिमिटेड के चिकित्सकों ने फ्री पेपर सत्र में अपनी प्रस्तुति दी। चेयरमैन अवॉर्ड में 5 चिकित्सकों ने प्रस्तुति दी। मौके पर डॉ आशीष प्रकाश, डॉ अमित गुप्ता व डॉ प्रकाश रॉय समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## जेसीआई रांची एक्सपो उत्सव 12 अक्टूबर से मोरहाबादी मैदान में



**रांची।** जेसीआई रांची एक्सपो उत्सव 12-16 अक्टूबर तक मोरहाबादी मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इस वर्ष इस कन्ज्यूमर फेयर का 26वां संस्करण होगा। संस्था के अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया ने शनिवार को बताया कि एक्सपो के मुख्य संयोजक डॉ संजय जैन बनाए गए हैं, जो की एजुकेशनलिस्ट और आईटी स्पेशलिस्ट हैं। एक्सपो उत्सव में इस बार 300 से अधिक स्टॉल्स होंगे जो कि जर्मन हैंगर, महिला उद्यमियों के लिए पिंक हैंगर, रियल एस्टेट के लिए अपना घर, फर्नीचर जोन, ऑटो जोन, फूड जोन एवं बच्चों के लिए अम्यूजमेंट पार्क भी होगा।

### श्री श्याम मंदिर में 78 वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद किया गया वितरण

# श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेककर खुशहाली व समृद्धि की प्रार्थना की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शनिवार को श्री श्याम मंदिर में 78 वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर में भागवान श्री श्याम के जय-जयकारों से गूंज रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान बिरसा चौक निवासी दिनेश अग्रवाल ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। दिनेश अग्रवाल परीवार ने खाटू नरेश को प्राकृतिक पंखा डोलाकर भोग स्वीकार करने की मनुहार की। भोग लगे अमृतमय प्रसाद को अग्रवाल परिवार ने वृहद भंडारे में मिलाकर महाप्रसाद बनाकर मंदिर के आचार्यों को भंडारे का प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञातव्य है कि प्रत्येक शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया जाता है ।78 वें श्री श्याम भंडारा के प्रसाद में कड़ाई पूरी केसरिया खीर आलू परवल लौकी की सब्जी का प्रसाद श्री श्याम मंदिर में ही मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में निर्मित किया गया था। भंडारे का वितरण समय होते-होते मंदिर परिसर भक्तों से अट गया। हरमू रोड में लंबी-लंबी कतारें लग गई ।खाटू नरेश की जय जयकरो जय घोष से संपूर्ण इलाका गूंजने लगा। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जयकारों के बीच दिनेश अग्रवाल परिवार व मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भंडारे का महाप्रसाद का वितरण शुरू किया गया। लगभग 3000 से ज्यादा लोगों ने अमृतमय महाप्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, दिनेश अग्रवाल, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, पवन केडिया, पूर्व सांसद अजय मारू, अनिल नारनोली, राजीव रंजन मित्तल, स्नेह पोद्दार, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, अमित सरावगी, वेद भूषण, अन्नपूर्णा सरावगी, कविता मित्तल, रमा सरावगी, सरिता अग्रवाल, अभिषेक सरावगी, कमल बिश्नोई साहित्य पवन मनीष वर्मा झूलन मुंडा उपेंद्र पांडे सुक्रा उरांव संजय शर्मा अमित महतो अभिषेक गुप्ता तरुण शर्मा नकुल मुंडा कुमार पवन शर्मा मदन सोनी अरविंद सोमानी रौनक पोद्दार संजय सराफ सहित 50 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया ।



### आज एकादशी कीर्तन

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में एकादशी के अवसर पर रविवार 10 सितंबर को प्रातः से ही विभिन्न कार्यक्रम होंगे। विशेष श्रृंगार होगा। रात्रि 9:30 बजे से एकादशी संकीर्तन होगा। राजेश सिंघानिया सारिका सिंघानिया हर्ष सिंघानिया खाटू नरेश की अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करेंगे। इसके बाद संगीतमय भजनों का कार्यक्रम होगा।

### मंगलवार को श्री सुंदरकांड पाठ

मंगलवार 12/09/2023 को सांय 4:30 बजे से 67 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का विशेष आयोजन किया गया है। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## रांची एसएसपी के पद पर चंदन सिन्हा ने दिया योगदान



**रांची।** रांची के सीनियर एसपी के पद पर आईपीएस चंदन सिन्हा ने शनिवार को अपना योगदान दे दिया है। चंदन सिन्हा ने किशोर कौशल से पदभार ग्रहण किया। किशोर कौशल को जमशेदपुर का एसएसपी बनाया गया है।

**राजधानी में पुलिसिंग है चुनौती :** रांची के सीनियर एसपी का पदभार संभालने के बाद चंदन सिन्हा ने बताया कि राजधानी में काम करना है अपने आप में एक बड़ी चुनौती है, जिसे निभाने के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे। एसएसपी ने बताया कि सरकार ने जो जिम्मेवारी उन्हें सौपीं है उसे वह पूरी तन्मयता के साथ पूरा करेंगे।

**24 घण्टे जनता के लिए देंगे :** एसएपी के अनुसार राजधानी राज्य का हृदय स्थल होता है। राजधानी में घटने वाली घटनाएं पूरे राज्य में असर डालती है ऐसे में बड़े अपराधीक कांड हो या फिर छोटे-छोटे अपराध सब पर नकेल कसना बेहद जरूरी है। राजधानी रांची में अफसरों की अच्छी टीम है और उनके सहयोग से राजधानी में बेहतर पुलिसिंग लोगों को देखने को मिलेगी। एसएसपी ने आम जनता को यह संदेश दिया कि वह 24 घण्टे उनके लिए उपलब्ध हैं उनका मोबाइल फोन हर समय ऑन रहता है और कोई भी किसी भी समय उनसे सहायता प्राप्त कर सकता है।

**किशोर कौशल जमशेदपुर एसएसपी के पद पर देंगे योगदान :** शुक्रवार की शाम राज्य सरकार ने 18 आईपीएस अफसरों का एक साथ तबादला किया था। रांची एसएसपी रहे किशोर कौशल अब जमशेदपुर के नए एसएसपी के तौर पर योगदान देंगे। गौरतलब है की राजधानी रांची में सीनियर एसपी, सिटी एसपी और ग्रामीण एसपी तीनों नए बनाए गए है। नया आईपीएस अफसर को राजधानी में कानून व्यवस्था की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए एक साथ मिलकर काम करना होगा ।हालांकि फिलहाल रांची ट्रैफिक एसपी के पद पर कोई भी नहीं है ऐसे में ट्रैफिक एसपी का पद प्रभार में ही चलेगा।

### रांची जिला के 92 मतदान केंद्रों के नाम में परिवर्तन

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने दी प्रस्ताव को स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा आगामी लोकसभा/विधानसभा निर्वाचन-2024 के निमित रांची जिला अंतर्गत पड़नेवाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 58-तमाड़ (अ.ज.जा.), 61-सिल्ली एवं 64-हटिया के मतदान केन्द्रों के नाम में परिवर्तन संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गयी है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 58-तमाड़ (अ.ज.जा.), 61-सिल्ली एवं 64-हटिया के वैसे मतदान केन्द्र जो विद्यालयों में अवस्थित है एवं जिन विद्यालयों के नाम में परिवर्तन हो गया है। उन्हें मेनुअल ऑफ पुलिंग स्टेशन एडिशन 2020 के अध्याय-4 के कटिका 4.5 के आलोक में नामों में परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान की गई है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 58-तमाड (अ.ज.जा.) के अंर्तगत कुल 76 मतदान केंद्रों के नाम परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान की गई है। जबकि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 61-सिल्ली में कुल 11 और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 64-हटिया के कुल 5 मतदान केंद्रों के नाम परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान की गई है।



## विधायक ने मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत गांव से किया मिट्टी संग्रह

**रांची।** विधायक कोचे मुंडा ने तोरपा विधानसभा क्षेत्र के पैतृक गांव ममरला स्थित बूथ संख्या 82 में मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत शनिवार को गांव के पाहनों और अन्य ग्रामीणों के साथ गांव की पवित्र मिट्टी को कलश में संग्रहित किया। इस कलश को रांची और बाद में दिल्ली भेजा जाएगा। मौके पर विधायक ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान का उद्देश्य उन जांबाज स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए जीवन बलिदान कर दिया। साथ ही लोगों में देशभक्ति और भारत माता के प्रति सम्मान जागृत करना है। उन्होंने कहा कि अमृत कलश यात्रा के तहत देश के हर कोने से 7500 कलशों में मिट्टी और पौधा लेकर दिल्ली भेजी जाएगा। इनको मिलाकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास अमृत वाटिका बनाई जाएगी। यह अमृत वाटिका एक भारत-श्रेष्ठ भारत की प्रतीक बनेगी। विधायक ने गांव के पाहनों और ग्रामीणों के साथ पौधरोपण भी किया।

## रांची में पहली बार आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हॉकी का पहला मैच 27अक्तूबर को थाइलैंड के साथ

**रांची।** 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक झारखंड की राजधानी रांची में पहली बार आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला हॉकी का प्रतियोगिता झारखंड वूमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के लिए एशिया हॉकी महासंघ ने मैच सेडुलस जारी किया ।प्रतियोगिता में कुल 06 टीम मेजबान भारत के साथ जापान,चीन,कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीम भाग ले रही है। प्रतियोगिता का पहला मैच 27अक्तूबर को जापान और मलेशिया के बीच होगा और फाइनल मैच 05 नवंबर को शाम 8:30 बजे होगा। भारत का पहला मैच 27 अक्तूबर को थाइलैंड के शाम 8:30 बजे, 28 को मलेशिया से,30को चीन से, 31 को जापान से और 02नबम्बर को कोरिया के साथ है।

## डाटा साइंस पावर प्लांट में 20 टीमों ने लिया भाग

**रांची।** बिड़ला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा में डेटा साइंस समिट-2023 के दूसरे दिन शनिवार को पावर प्लॉट इवेंट का आयोजन किया गया। इसमें 20 टीमों ने भाग लिया। टीमों को उन्हें प्रदान किए गए डाटा सेट से जानकारी निकालने के लिए मिलकर काम करना था। इसके बाद डाटा शैरेड्स का आयोजन किया। इसमें टीमों को डाटा से जुड़े वाक्यांशों को अधिनियमित करना था। यह ज्ञान प्राप्त करने और अन्य डेटा प्रेमियों से बातचीत करने का एक विशेष मौका था। डेटा शैरेड्स में 22 टीमों ने भाग लिया। निर्णायकों में डॉ मनीष पांडेय, डॉ तमालिका कोले और डॉ सुप्रियो रॉय शामिल थे।

### गोमिया विधायक ने राजभवन में राज्यपाल से मिलकर की मांग

# कोयंबटूर में झारखंड निवासी असिस्टेंट प्रोफेसर की मौत की हो सीबीआई जांच

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलकर असिस्टेंट प्रोफेसर समीर कुमार की हत्या की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। उन्होंने राज्यपाल को इस बात से अवगत कराया है कि जो साक्ष्य और तथ्य मिले हैं, वह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या की गयी प्रतीत होता है। मृतक ने तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित कारोन्या इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज में 14 अगस्त को असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में योगदान दिया था। चार सितंबर को इसी इंस्टीट्यूट के हास्टल के कमरा नंबर 411 में मृत पाए गए। मृतक इससे पहले झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर अपराध शास्त्र विभाग में कार्यरत रहते हुए 10 अगस्त को त्याग पत्र दे दिया था। मृतक बोकारो जिले के कसमार प्रखंड अंतर्गत दांतू के रहने वाले विवेकानंद नायक के पुत्र थे। उन्होंने कहा कि कारोन्या इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज प्रबंधन व स्थानीय प्रशासन इस घटना को आत्महत्या बताने जुटा हुआ है। उन्होंने राज्यपाल को इस घटना की पूरी जानकारी देते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा। साथ ही मौके पर मौजूद मृतक के भाई प्रवीर कुमार ने अंदेशा व आशंका जताई है कि उनके भाई ने वहां कुछ गंभीर,असामान्य व अराजक कार्यों को देखा इसके बाद वहां उपस्थित लोगों ने उनकी हत्या कर दी। राज्यपाल ने इस संबंध में तमिलनाडु सरकार तथा जिला प्रशासन से बात करने का आश्वासन दिया। साथ ही सीबीआई जांच के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। राज्यपाल से मिलने वालों में समाजसेवी सुजीत कुमार शामिल थे।



# भारत बंद के समर्थन में स्थानीय दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद की

**नवीन मेल संवाददाता। पिठोरिया**

कांके में राष्ट्रीय पिछड़ा मोर्चा नई दिल्ली एवं बुद्धा इंटरनेशनल सोसायटी के आह्वान पर संविधान विरोधी बयान के विरूद्ध सामाजिक न्याय का जन जागरण अभियान लोकहित अधिकार पार्टी, समता सैनिक दल, अंबेडकर ग्रामीण चेतना समिति, कंज्यूमर इस्लामिया कोकदोरो बालू एवं बिरसा मुंडा भ्रष्टाचार निरोधक संगठन के संयुक्त तत्वावधान में कांके पिठोरिया चौक पर लोकतंत्र व भारतीय संविधान को बदलकर नए संविधान बनाने एवं लागू करने जैसे बयानों के खिलाफ एकदिवसीय भारत बंद के समर्थन में स्थानीय दुकानदारों के द्वारा स्वेच्छा से अपनी-अपनी दुकानें बंद कर देश और संविधान विरोधी गतिविधियों का विरोध जताया गया। संविधान विरोधी बयान से आक्रोशित उपरोक्त सभी संगठनों के नेतागण अंबेडकर चौक पिठोरिया में एकत्रित होकर केंद्र सरकार के विरुद्ध भारतीय संविधान जिंदाबाद, डॉ. भीमराव अंबेडकर अमर रहे, लोकहित अधिकार पार्टी जिंदाबाद का नारा लगाते हुए पिठोरिया बाजार टांड़, मुख्य सड़क रांची पतरातु रोड ,पेट्रोल पंप सहित पिठोरिया क्षेत्र में रोड शो पैदल मार्च कर डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू ने ने कहा जिस प्रकार कुछ दिनों पहले से सोशल मीडिया में वायरल देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के निजी सचिव श्री विवेक कुमार जी के द्वारा भारतीय संविधान को बदलकर नया संविधान देश में लागू कराने का बयान से पूरा देश और विशेष कर दबे कुचले वंचित शोषित बहुत संख्यक अति पिछड़े समाज, दलित,आदिवासी, नारी शक्ति महिलाएं, धार्मिक अल्पसंख्यकों में असुरक्षा भय एवं गुस्सा व्याप्त है।

## पृष्ठ एक के शेष

**गवर्नर को 14 सितम्बर को रन फॉर...**

बता दें कि कश्यप मेमोरियल नेत्र चिकित्सालय की राष्ट्रीय स्तर की डाक्टर भारती कश्यप और उनका पूरा परिवार असहाय लोगों के लिए भगवान का दूसरे रूप में विख्यात हो चुके हैं। कोई भी व्यक्ति जो एक बार यहां आया उसे कभी भी निराशा हाथ नहीं लगी। श्री भारती की पूरी टीम उसे हर संभव मदद करते हुए आंख की जांच करते हैं।

**जी-20 समिट में भारत को बड़ी...**

आधिकारिक तौर पर जी20 इंडिया लीडर्स समिट में अपनाया गया है। अमिताभ कांत ने कहा, आज के युग को मानव-केंद्रित वैश्वीकरण के स्वर्ण युग के रूप में चिह्नित किया जाना चाहिए और पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की जी20 प्रेसीडेंसी ने इस लक्ष्य की दिशा में अथक प्रयास किया है। मिताभ कांत ने कहा कि शनिवार को जी20 नेताओं द्वारा अपनाई गई नई दिल्ली डिक्लेरेशन मजबूत और सतत विकास, सतत विकास लक्ष्यों पर प्रगति में तेजी लाने, हरित विकास समझौते और बहुपक्षवाद को फिर से मजबूत करने पर केंद्रित है। कांत ने कहा कि जी20 डेक्लेरेशन सभी विकासात्मक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर 100 प्रतिशत सर्वसम्मति के साथ ऐतिहासिक और अग्रणी थी। उन्होंने कहा, नए भू-राजनीतिक पैराग्राफ आज की दुनिया में धरती, लोगों, शांति और समृद्धि के लिए एक शक्तिशाली आह्वान हैं।भारत के जी-20 शेरपा ने कहा कहा कि जी20 घोषणापत्र के सफल होने से आज की दुनिया में प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व प्रदर्शित हुआ है। कांत ने कहा, जी20 अध्यक्षता के इतिहास में जी20 भारत सबसे महत्वाकांक्षी रहा है। 112 परिणामों और प्रेसीडेंसी दस्तावेजों के साथ, हमने पिछले प्रेसीडेंसी की तुलना में तीन गुना से अधिक महत्वपूर्ण काम किया है।

**झारखंड में फिर फेल हुआ...**

अपने बूते चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं, वहां भी वे क्षेत्रीय स्तर पर तय करेंगे। वैसे भी झारखंड में इंडिया गठबंधन के पास कई बड़े मुस्लिम चेहरे हैं जिन पर झारखंड के मतदाताओं का भरोसा है और इसलिए किसी बाहरी नेता पर विश्वास करना थोड़ा कठिन है। उधर, डुमरी उपचुनाव के नतीजों को लेकर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को निराशा हुई होगी। सुदेश महतो ने डुमरी में कैंप कर अपने प्रत्याशी के पक्ष में खूब जनसंपर्क अभियान किया था। ऐसी उम्मीद भी की जा रही थी कि बाजी पलट सकती है। उनकी सभाओं में लोगों की भीड़ भी उमड़ रही थी लेकिन चुनाव में हार के बाद उन्हें हार विश्लेषण करना होगा। भाजपा ने भी ऐड़ी चोटी का जोर लगाया था। भाजपा नेता लगातार सीएम और सोरेन परिवार पर हमलावर थे। लेकिन कोई फॉर्मूला काम नहीं आया। इसको लेकर भाजपा के भीतरखाने से गम से ज्यादा खुशी दिख रही है। इसकी वजह भी है। चर्चा है कि अगर यह चुनाव आजसू जीत गया होता तो उसका आत्मविश्वास सांतवें आसमान पर होता क्योंकि कुछ माह पहली ही रामगढ़ में उपचुनाव में आजसू की जीत हुई थी। दूसरी जीत मिलने पर यह मैसेज जाता कि आजसू के बगैर कुर्मी वोट की गोलबंदी भाजपा के बूते संभव नहीं। इसका असर 2024 के विधानसभा चुनाव के वक्त सीट शेयरिंग पर दिखता। अब डुमरी में आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा दावेदारी ठोक सकती है। 2019 के विधानसभा चुनाव के वक्त डुमरी सीट के लिए नोटा समेत कुल 16 प्रत्याशी मैदान में थे। झामुमो को कांग्रेस और राजद का समर्थन था जबकि आजसू और बीजेपी ने अपने बूते प्रत्याशी मैदान में उतारे थे। 2019 में सभी 16 प्रत्याशियों के बीच कुल 1,90,289 वोट पड़े थे। लेकिन उपचुनाव में कुल 1,93,826 यानी सिर्फ 3,537 वोट ज्यादा पड़े।

**खूंटी में पीएलएफआई का कुख्यात...**

और उसके इशारे पर कई घटनाओं में वह शामिल था।

**पुराना आपराधिक इतिहास रहा है दसाय पूर्ति का :** एसपी ने बताया कि दसाय पूर्ति उर्फ गेड़े का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ मुरहु थाना, खूंटी, नामकुम और बंदगांव थाने में हत्या, आर्म्स एक्ट, 17 सीएलए एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं के तहत सात मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया की दसाय पूर्ति के खिलाफ मुरहू थाने में चार मामले दर्ज हैं।

### कार्यक्रम — ईशा फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने बीएयू में मिट्टी बचाओ अभियान चलाया

# मिट्टी का मनुष्य के जीवन में अहम भूमिका : मोहित निरंजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईशा फाउंडेशन के स्वयंसेवक मोहित निरंजन के नेतृत्व में स्वयंसेवकों का दल मिट्टी बचाओ अभियान के तहत बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) पहुंचा। भारत व्यापी साईकिल यात्रा के माध्यम से मिट्टी बचाओ अभियान चला रहे दल का बीएयू के कृषि संकाय में डीन एग्रीकल्चर डॉ. डीके शाही, एसोसिएट डीन (एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग) ई डीके रुसिया, यूनिवर्सिटी एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. बीके झा तथा कृषि महाविद्यालय में एनएसएस से जुड़े विद्यार्थियों ने किया।

मौके पर मोहित निरंजन ने बताया कि 'सेव सांयल' अभियान ईशा फाउंडेशन का एक फ्लैगशिप कार्यक्रम है। मानव जीवन की रक्षा के लिए मिट्टी को बचाना आज सबसे आवश्यक हो गया है। मिट्टी से ही सभी जीव- जंतु एवं पौधों को पोषण मिलता है। आज मनुष्यों के विभिन्न क्रिया-कलापों से मिट्टी की सेहत एवं गुणवत्ता खराब हो रही है और खेत बंजर हो रही है। इसलिए मिट्टी को मनुष्य के उपयोगी बनाये रखना नितांत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने अपनी यात्रा 16 नवंबर को उत्तरप्रदेश के ललितपुर से की थी। अपनी साईकिल यात्रा के दौरान विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों, समाजसेवियों तथा राजनेताओं से मिलकर उन्हें जागरूक कर रहें है। उन्होंने बताया कि हमारे सद्गुरु ने इससे पहले लंदन से लेकर भारत के कावेरी बेसिन तक 30 हजार किलो मीटर की एकल बाइक यात्रा निकालकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोगों को जागरूक किया। जिसका प्रमुख उद्देश्य मृदा क्षरण एवं मृदा स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण मुद्दे पर लोगों को संबोधित और समर्थन के लिए एकजुट करना था। मौके पर डीन एग्रीकल्चर डॉ. डीके शाही ने भावी पीढ़ी के जीवन की सुरक्षा के लिए मिट्टी बचाओ अभियान को जरुरी बताया। उन्होंने इसके तहत झारखण्ड राज्य में मृदा अपरदन या मिट्टी क्षरण, अम्लीय भूमि प्रबंधन तथा मिट्टी स्वास्थ्य प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। डीन (एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग) ई डीके रुसिया ने मिट्टी बचाओ अभियान में मृदा एवं जल संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद यूनिवर्सिटी एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. बीके झा ने दी।



## NEWS इन ब्रीफ

### एशिया-प्रशांत एमेच्योर गोल्फ में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे रेहान थॉमस



**नई दिल्ली।** उभरते भारतीय गोल्फर रेहान थॉमस, जिन्होंने 2017 में लगातार 9 बर्डी के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की थी, अक्टूबर में मेलबर्न में होने वाली 2023 एशिया-पैसिफिक एमेच्योर चैंपियनशिप में भाग लेने का लक्ष्य बना रहे हैं। थॉमस 2018 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में एक शौकिया गोल्फर के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार, एशिया-प्रशांत एमेच्योर चैम्पियनशिप (एएसी) जीतने के बेहद करीब पहुंच गए थे और अब वह खिताब के लिए प्रयास करने वापस आ गए हैं। थॉमस, जो इस साल दिसंबर में 24 साल के हो जाएंगे, 26-29 अक्टूबर तक द रॉयल मेलबर्न गोल्फ क्लब में एएसी के 2023 संस्करण के लिए सात सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। वह कार्तिक सिंह, शौर्य भट्टाचार्य, राघव चुघ, कृष्णव निखिल चोपड़ा, वेदांत सिरोही और युवराज सिंह वाले भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे।

### मुक्केबाज मनीष कौशिक, मंजू रानी फाइनल में



**नई दिल्ली।** 2019 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी और 2019 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मनीष कौशिक ने शुक्रवार को बोस्निया और हजेर्गोविना के साराजेवो में 21वें मुस्तफा हजरुलाहोविच मेमोरियल टूर्नामेंट में समान सर्वसम्मत जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया। मनीष (63 किग्रा) ने भारत के लिए दिन की शुरूआत अफगानिस्तान के मोहम्मद सरवारी के खिलाफ की। मनीष ने अपने अनुभव का इस्तेमाल किया और अपने प्रतिद्वंद्वी को 5-0 से मात देने के लिए तीन राउंड में अपना सर्वश्रेष्ठ आक्रमण किया। फाइनल में अब मनीष का मुकाबला फिलिस्तीन के मोहम्मद सउद से होगा।

### लखनऊ सुपर जायंट्स के सहायक कोच नियुक्त हुए श्रीधरन श्रीराम

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले सीजन से पहले भारत के पूर्व क्रिकेटर श्रीधरन श्रीराम को अपना सहायक कोच नियुक्त किया है। आईपीएल के पहले दो सीजन में प्लेऑफ में जगह बनाने के बावजूद, लखनऊ सुपर जायंट्स ने मुख्य कोच एंडी फ्लावर से नाता तोड़ लिया, जिन्हें बाद में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने अपने साथ जोड़ लिया। फ्लावर को बर्खास्त करने के बाद, लखनऊ सुपर जायंट्स ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मुख्य कोच जस्टिन लैंगर को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया। इसके बाद अब आईपीएल फ्रेंचाइजी ने श्रीधरन श्रीराम को अनुबंधित किया है।

## एशिया कप-2023

# श्रीलंका ने बांग्लादेश को जीत के लिए 258 रनों का दिया टारगेट





**एजेंसी। कोलंबो**

श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच एशिया कप सुपर 4 का दूसरा मैच आज दोपहर कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जा रहा है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी कुसल मेंडिस और सदीरा समरविक्रमा के अर्धशतकों की बदौलत 9 विकेट के नुकसान पर बांग्लादेश को 258 रन का लक्ष्य दिया है। मेंडिस ने 73 गेंदों पर 6 चौकों और एक छक्के की मदद से 50 रन बनाए जबकि 72 गेंदों पर 8 चौकों और 2 छक्के की मदद से 93 रन बनाए। बांग्लादेश की तरफ से हसन महमूद ने 3 जबकि शोरगुल वाला इस्लाम तथा तस्कीन अहमद ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। शाकिब अल हसन ने कहा, 'हम पहले फील्डिंग करेंगे, कोई खास वजह नहीं, आसपास थोड़ी बारिश हो सकती है। हमारे पास एक अतिरिक्त गेंदबाज है और हम पहले गेंदबाजी करेंगे। जीत की स्थिति जरूर है, लेकिन श्रीलंका के खिलाफ श्रीलंका में खेलना आसान नहीं है। आत्मसंतुष्टि के लिए कोई जगह नहीं है, यह पाकिस्तान से थोड़ा अलग है और हमें सामंजस्य बिठाना होगा। एक बदलाव, नसुम ने अफीफ हुसैन की जगह ली है। दासुन शनाका ने कहा, 'हम पहले बल्लेबाजी करेंगे, यह रोशनी के नीचे थोड़ा सीम और स्पिन करेगा। वनडे में नियमों का मतलब है कि कुल स्कोर का बचाव करना मुश्किल है, लेकिन हमारे पास पाथिरन और थीक्षाना जैसे क्लास गेंदबाज हैं, जिससे हमें अफगानिस्तान के खिलाफ लड़ने में मदद मिली।

# मेदवेदेव ने अल्काराज को हराया

### दानिल मेदवेदेव फाइनल मुकाबला जोकोविच से होगा





**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

दानिल मेदवेदेव ने यूएसटीए बिली जीन किंग में गत चैंपियन कार्लोस अलकराज को 7-6(3), 6-1, 3-6, 6-3 से हराकर अपने तीसरे यूएस ओपन फाइनल में प्रवेश किया। यूएस ओपन ने मेदवेदेव के हवाले से कहा, मैंने कहा था कि मुझे 10 में से 11 खेलने की जरूरत है। मैंने तीसरे सेट को छोड़कर, 10 में से 12 खेले। यही एकमात्र तरीका है (अल्काराज को हराने का)। वह बहुत युवा है, पहले से ही दो ग्रैंड स्लैम जीत चुका है, कई हफ्तों तक विश्व नंबर 1 रहा है, ईमानदारी से कहूं तो यह बहुत अविश्वसनीय है और मुझे लगता है कि उससे पहले किसी ने भी ऐसा नहीं किया है, इसलिए उसे हराने के लिए आपको यह करना होगा अपने आप से बेहतर बनो और मैं यह करने में कामयाब रहा। दो सुपरस्टारों के मैचअप में, जिनमें से प्रत्येक के पास अप्राकृतिक टेनिस प्रतिभाओं का अपना अनूठा सेट है, 2021 न्यूयॉर्क चैंपियन, मेदवेदेव ने अपने शानदार बेसलाइन खेल के ब्रांड के साथ अल्काराज के आक्रामक खेल को बेअसर करने के लिए अपनी गणना बिल्कुल सही की। तीसरे वरीय ने भी शानदार सर्विंग प्रदर्शन का सहारा लिया, जो दूसरे सेट में चरम पर था, जब उन्होंने लगातार तीन लव होल्ड हासिल किए। मेदवेदेव शुरूआत में टिके हुए थे, कई कठिन पकड़ से जूझ रहे थे और पहले सेट के केवल दो ब्रेक प्वाइंट बचाए क्योंकि अल्काराज ब्लॉक से बाहर चला गया। लेकिन स्थिति तब बदलनी शुरू हुई जब मेदवेदेव ने सेट के अंत में सर्विस पर लगातार 12 अंक जीते, जिसमें लव होल्ड की एक जोड़ी भी शामिल थी। तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने डबल फॉल्ट से उबरते हुए टाईब्रेक में चार-पॉइंट ब्लिट्ज में दो फोरहैंड विनर्स मारकर सेट को 3-3 कर दिया। मेदवेदेव ने सेट दो में तत्काल ब्रेक के साथ उस बढ़त को हासिल कर लिया, और उन्होंने सेट में सर्विस पर एक भी अंक नहीं खोया। सेट तीन में अपरिहार्य अल्काराज के खेल में उछाल आया, जिसे उन्होंने अपने इरादे का संकेत देने के लिए प्यार से शुरू किया। न्यूयॉर्क में हमेशा प्रशंसकों के पसंदीदा रहे अल्काराज को ऐश का और भी अधिक समर्थन मिला क्योंकि उसने वापसी की कोशिश शुरू कर दी थी। मैच का पहला ब्रेक हासिल करने के बाद स्पैनियार्ड पूरे जोश में था और 3-1 से आगे था, उसकी बैलेस्टिक गतिविधियों ने उसे दुबले-पतले मेदवेदेव की रक्षा के माध्यम से शक्ति प्रदान की।

## झारखंड की बेटियों ने लहराया परचम

# थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में काजल कुजूर ने जीता कांस्य पदक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

थाईलैंड बैंकॉक में चल रहे थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में भारतीय कराटे टीम में शामिल झारखंड की दोनों खिलाड़ियों ने अपना उम्दा प्रदर्शन कर देश का परचम लहराया है एलिसन रूपल खाखा के कांस्य पदक जीतने के बाद काजल कुजूर ने भी अपना शानदार प्रदर्शन का कांस्य पदक जीतकर देश का परचम लहराया।

14 वर्ष से कम आयु वर्ग के 52 किलो से कम वजन वर्ग के फाइट में काजल कुजूर ने अपने स्पर्धा में 2 देश फिलीपींस और थाईलैंड के प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को हराकर सेमीफाइनल राउंड में प्रवेश कर कांस्य पदक जीतकर देश के नाम किया

भारतीय कराटे टीम के कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने काजल कुजुर को बधाई देते हुए कहा कि प्रतिभा की कमी नहीं है झारखंड के खिलाड़ियों में बस जरूरत है उसे निखारने की। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में जिस प्रकार से झारखंड की लड़कियों ने अपना प्रदर्शन किया है इनके इस प्रदर्शन से पूरा राज्य गौरवान्वित है हम गर्व से कह सकते हैं कि झारखंड के खिलाड़ी भी अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में पदक ला सकते हैं।

काजल के पदक जीतने के बाद पूरे भारतीय कराटे टीम में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है काजल कुजूर के पदक जीतने पर विश्व कराटे संघ के तकनीकी कमेटी के सदस्य हंशी भरत शर्मा कराटे इंडिया ऑगेर्नाइजेशन के अध्यक्ष शिहान विजय तिवारी महासचिव शिहान संजीव जांगड़ा इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी इमा के अध्यक्ष सेंसई अनिल किस्पोट्टा सचिव मोहिनी रितिका टोप्पो राकेश तिर्की अन्य खिलाड़ियों ने बधाई दी है। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष सेंसई अनिल किस्पोट्टा ने कहां की काजल कुजुर इमा कराटे स्टूडियो की खिलाड़ी है वहीं ऐलिसन रूपल खाखा जोसेफ क्लब में अपना प्रशिक्षण ले रही है इन्होंने खिलाड़ियों के रांची आने पर भव्य स्वागत किए जाने की बात कही।

# भारत-पाकिस्तान सुपर फोर मुकाबले में बारिश फिर डाल सकती है खलल




**एजेंसी। कोलंबो**

भारत-पाकिस्तान सुपर फोर मुकाबले के लिए रिजर्व डे की घोषणा के बाद शुक्रवार से एशिया कप में अव्यवस्था का माहौल बन गया। अब, जबकि दोनों टीमें रविवार को कोलंबो में अपनी प्रतिद्वंद्विता को नवीनीकृत करना चाहती हैं, बारिश का खतरा कम नहीं हुआ है। जिस तरह पल्लेकेल में भारत का लीग मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था और नेपाल के खिलाफ उसका लक्ष्य भी इसी कारण से प्रभावित हुआ था, उसी तरह कोलंबो में भी बारिश की वजह से मैच रद्द होने का खतरा मंडरा रहा है। विभिन्न मौसम पूवार्नुमानों के अनुसार, रविवार के मैच के लिए वर्षा की संभावना 90% है।

इसके कारण, सोमवार को टकराव के लिए एक आरक्षित दिन रखा गया है, लेकिन पूवार्नुमान यह भी कहता है कि इसमें 100% वर्षा की संभावना है। यदि कोलंबो में मौसम साफ होने पर कोई चमत्कार होता है, तो भारत पुरुष वनडे विश्व कप के लिए अपने संयोजन को अंतिम रूप देने में कुछ उत्तर तलाशना चाहेगा। रोहित शर्मा, शुभमन गिल और विराट कोहली शीर्ष तीन में स्थापित दिख रहे हैं, साथ ही श्रेयस अय्यर चौथे नंबर के बल्लेबाज के रूप में वापस आ रहे हैं, भारत को केएल राहुल और इशान किशन के बीच अपनी पहली पसंद के विकेटकीपर- बैटर के रूप में चुनने की अपनी दुविधा का समाधान ढूंढना होगा।

जनवरी 2020 से, राहुल ने भारत के लिए एक भरोसेमंद मध्य-क्रम बल्लेबाज के रूप में अपने पुनरुत्थान में 56.53 का औसत बनाया है, लेकिन दाहिनी जांघ की चोट के कारण सर्जरी की आवश्यकता थी, जिससे उन्हें इस साल मई से एक्शन से बाहर रहना पड़ा।

हालाँकि मूल चोट से संबंधित एक छोटी सी चोट के कारण उन्हें पल्लेकेल लेग से बाहर रखा गया, लेकिन उन्होंने कोलंबो में विकेटकीपिंग अभ्यास में भाग लिया, जिससे संकेत मिला कि वह दोहरी भूमिकाएँ निभाने के लिए तैयार हैं।

**टीमें इस प्रकार है**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, इशान किशन, हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा।

**पाकिस्तान :** बाबर आजम (कप्तान), अब्दुल्ला शफीक, फखर जमान, इमाम-उल-हक, सलमान अली आगा, इफ्तिखार अहमद, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद हारिस, शादाब खान, मोहम्मद नवाज, उसामा मीर, फहीम अशरफ, हारिस रऊफ, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी, सऊद शकील और तैय्यब ताहिर (ट्रैवलिंग रिजर्व)।

# नेमार ने महान फुटबॉलर पेले का रिकॉर्ड तोड़ा

### ब्राजील के सर्वकालिक टॉप गोल स्कोरर बने



**एजेंसी। साओ पाउलो**

नेमार तीन बार के विश्व कप विजेता और महान फुटबॉलर पेले को पछाड़कर ब्राजील के लिए सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गये। नेमार ने यह उपलब्धित बोलिविया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में 61वें मिनट में गोल करके हासिल की। अमेजन शहर के बेलेम में इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने 78वां गोल दागा जिससे वह पेले के 77 गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने में सफल रहे। ब्राजील ने इस विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में 5-1 से जीत दर्ज की। नेमार ने मैच में टीम के लिए चौथा और पांचवां गोल दागा। अब उनके कुल 79 गोल हो गये हैं। अल हिलाल का यह स्ट्राइकर 17वें मिनट में एक पेनल्टी से भी चूक गया था। नेमार ने यह रिकॉर्ड गोल करने के बाद हवा में मुक्का लगाकर जश्न मनाया जैसा कि आमतौर पर पेले किया करते थे। पिछले साल दिसंबर में पेले का निधन हो गया था जिन्होंने ब्राजील के लिए 92 मैच में 77 गोल दागे थे।

# यूरो 2024 क्वालीफाइंग : पुर्तगाल स्पेन और क्रोएशिया ने दर्ज की जीत



**एजेंसी। त्बिलिसी**

कप्तान अल्वारो मोराटा की हैट्रिक की मदद से दो बार के चैंपियन स्पेन ने शुक्रवार रात यूरो 2024 क्वालीफाइंग ग्रुप ए मैच में जॉर्जिया पर 7-1 से बड़ी जीत हासिल की। स्पेन के लिए मोराटा (22वें, 40वें और 65वें मिनट), सोलोमन किविर्कवेलिया (27वें मिनट, आत्मघाती गोल), दानी ओल्मो (38वें मिनट), निको विलियम्स (68वें मिनट) और लैमिन यामल (74वें मिनट) ने गोल किये। जॉर्जिया के लिए 49वें मिनट में जियोर्गी चकवेताद्जे ने एकमात्र गोल किया। इस जीत के साथ, स्पेन अब ग्रुप ए में दो जीत और एक हार के साथ छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि जॉर्जिया एक जीत, एक हार और दो ड्रॉ के साथ चार अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। ग्रुप ए के एक अन्य मैच में स्कॉटलैंड ने साइप्रस को 3-0 से हराया। स्कॉटलैंड के लिए स्कॉट मैकटोमिने (छठे मिनट), रयान पोर्टियस (16वें मिनट) और जॉन मैकगिन (30वें मिनट) ने गोल किए, जिससे वह पांच मैचों में पांच जीत और कुल 15 अंकों के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। साइप्रस अपने सभी चार मैच हार चुका है और सबसे निचले पायदान पर है। ग्रुप डी मैच में, कतर में 2022 फीफा विश्व कप में तीसरे स्थान पर रहने वाले क्रोएशिया ने ब्रूनो पेटकोविच (तीसरे और 44 वें मिनट) के दो और लुका इवानुसेक (13 वें मिनट), आंद्रेज क्रामारिक (68वें मिनट) और मारियो पासालिक (78वें मिनट) के 1-1 गोल की बदौलत लातविया को 5-0 से हरा दिया।

# स्टेनली ग्रैन्डी ने राइफल-शॉटगन शूटर ने एक बार फिर मंदसौर का परचम लहराया



**एजेंसी। मंदसौर**

मध्य प्रदेश के महू में 3 सितम्बर से 10 सितम्बर तक 32 जीवी मावलंकर (प्री नेशनल) शॉटगन शूटिंग प्रतियोगिता संचालित कि जा रही है। इस प्रतियोगिता में मंदसौर जिले के एकमात्र राष्ट्रीय स्तर के शूटर स्टेनली ग्रैन्डी ने भाग लिया और ट्रैप शूटिंग इवेंट में उम्दा प्रदर्शन किया और हर साल के तरह इस साल भी नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में अपना स्थान बरकरार रखकर मंदसौर जिले को गौरवान्वित किया है।

स्टैनली मंदसौर के एकलौते राष्ट्रीय स्तर के राइफल और शॉटगन शूटर हैं। श्री ग्रैन्डी ने इस पहले भी महू और देश की राजधानी दिल्ली सहित अनेक स्थानों पर शार्टगन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर मंदसौर का परचम फहराया है।

## हांग्जो एशियाई खेल — हॉकी टूर्नामेंट को लेकर अभिषेक ने कहा-

# हम पूरे आत्मविश्वास के साथ मैच खेलेंगे




**एजेंसी। बेंगलुरु**

अभिषेक ने अपने हॉकी करियर की शुरूआत एक हिंदी शिक्षक के संरक्षण में घास की पिच पर की। 19वें एशियाई खेलों के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम में उनका चयन उनके समर्पण का प्रमाण है। 24 वर्षीय खिलाड़ी अपने करियर के सबसे बड़े एशियाई टूनार्मेंट को लेकर उत्साहित हैं। अभिषेक ने अपने चयन के बारे में हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, मैं टीम में नामित होने से खुश हूं, और मैं मैदान पर अपना सब कुछ देने के लिए उत्सुक हूं। 19वें एशियाई खेल हांग्जो 2022 एक बड़ा टूर्नामेंट है, और हम उसी के अनुसार तैयारी कर रहे हैं। हम आत्मविश्वास के साथ खेलेंगे, और हमारा लक्ष्य टूर्नामेंट के अंत में बिना किसी पछतावे के चीन छोड़ना है। जब अभिषेक 9 साल के थे, तब उनके स्कूल शिक्षक शमशेर सिंह ने उन्हें हरियाणा के सोनीपत में पढ़ाई के दौरान हॉकी स्टीक उठाने के लिए प्रोत्साहित किया था, और तब से उन्होंने पीछे नहीं देखा। उन्होंने अब तक 48 मैचों में 18 गोल किए हैं। उन्होंने कहा, मैंने अपने करियर के पहले दस वर्षों तक घास पर खेला, और पहली बार मैंने टर्फ पर तब खेला जब मैं कुछ वर्षों के लिए राष्ट्रीय हॉकी अकादमी (एनएचए) में स्थानांतरित हो गया। मेरे करियर की वह अवधि यादगार थी; मैंने प्रतिस्पर्धा की राष्ट्रीय हॉकी अकादमी से अंडर-18 एशिया कप में भाग लिया और 2017 में जूनियर भारतीय पुरुष हॉकी टीम में जगह बनाई। उसके बाद, मैं 2018 में पंजाब नेशनल बैंक हॉकी टीम में शामिल हो गया और भारतीय पुरुष हॉकी में जगह बनाने से पहले तीन साल तक वहां खेला।" अभिषेक ने अपने अब तक के करियर के बारे में कहा, "बैंगलोर में पहली हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष इंटर-डिपार्टमेंट नेशनल चैंपियनशिप 2021 में मेरे प्रदर्शन के आधार पर मुझे टीम में जगह मिली।" अभिषेक ने 2021-22 एफआईएच हॉकी प्रो लीग में पदार्पण किया और एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर - राउरकेला के दौरान दो प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार जीतकर बड़े मंच पर अपना नाम बनाया। जब अभिषेक से 19वें एशियाई खेलों के लिए उनकी टीम की तैयारियों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, हमारा सामना कुछ अच्छी टीमों से होगा, और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण में बहुत कड़ी मेहनत कर रहे हैं कि जब हम मैदान में उतरें तो हम सर्वोत्तम शारीरिक और मानसिक स्थिति में हों। भारत को 19वें एशियाई खेल हांग्जो 2022 के पूल ए में पाकिस्तान, जापान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उज्बेकिस्तान के साथ रखा गया है। अभिषेक ने टीम के अंदर वातावरण को लेकर कहा, मेरी टीम के साथी और कोच मेरी मदद करने के लिए उत्सुक हैं; अगर मैं प्रशिक्षण में कोई गलती करता हूं तो वे मुझे प्रोत्साहित करते हैं और तेजी से आगे बढ़ने में मेरा समर्थन करते हैं। अगर मुझे संरचना के बारे में कोई चिंता होती है तो मैं अक्सर समर्थन के लिए मंदीप और ललित के पास जाता हूं; वे मैदान के अंदर और बाहर बात करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

